2 फरीदाबाद
अपने सगे संबंधियों की सुरक्षा के लिए करें कोरोना से अपना बचाव : डॉ. चुघ

6 अभिमत
रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

8 देश/विदेश
कृषि सुधार देश के किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण : मोदी

11 स्पोर्ट्स
कार्तिक ने केकेआर की कप्तानी छोड़ी, मोर्गन ने संभाला जिम्मा

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 247
फरीदाबाद, शनिवार, 17 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए
YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




प्रथम माता शैलपुत्री



प्रतिपदा के दिन इनका पूजन-जप किया जाता है। मूलाधार में ध्यान कर इनके मंत्र को जपते हैं। धन-धान्य-ऐश्वर्य, सौभाग्य-आरोग्य और मोक्ष के देने वाली माता मानी गई हैं।

मंत्र- 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं शैलपुत्र्यै नमः।'

● विस्तृत सामग्री पेज-12

INDER TECHNOLOGY INSTITUTE (I.T.I)
दिल्ली प्रशासन द्वारा पंजीकृत
An ISO 9001-2000 Certified
मोबाईल लेपटॉप
रिपेयर करना सीखें (मैनुअल तथा कंप्यूटर द्वारा)
LG-10, Vishnu Palace Basement, Ajronda Chowk, Near Neelam Flyover Faridabad.
Tel.: 0129-2221469, 9891547947

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 36.01°C
न्यूनतम 24.02°C

## कोरोना मीटर

| | |
|---|---|
| **विश्व** | |
| कुल | 39,015,163 |
| मौतें | 1,099,727 |
| ठीक | 26,939,337 |
| **भारत** | |
| कुल | 74,16,538 |
| मौतें | 112,862 |
| ठीक | 65,05,179 |

स्रोतः www.covid19india.org

## क्विक न्यूज

आज के मैच
IPL
राजस्थान रॉयल्स vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर
चेन्नई सुपर किंग्स vs दिल्ली कैपिटल्स

### मुंबई इंडियन्स को जीत के लिए 149 रन का लक्ष्य



**अबुधाबी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में शुक्रवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 148 रन बनाए। केकेआर के लिए पैट कमिंस ने सबसे ज्यादा नाबाद 53 रन बनाए। मुंबई के लिए राहुल चाहर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिए।

● विस्तृत खबर पेज-11

### नीट-2020 का परिणाम जारी शोएब आफताब बने टॉपर

**नई दिल्ली।** मेडिकल की पढ़ाई के लिए होने वाली नीट परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया गया। इस बार की नीट परीक्षा में बाजी मारी है ओडिशा के रहने वाले शोएब आफताब ने। 18 वर्षीय आफताब ने 720 में से पूरे 720 अंक हासिल कर इतिहास रच दिया है। वह ओडिशा के पहले ऐसे छात्र बन गए हैं जिसने इस परीक्षा में पहला स्थान हासिल किया है। 100 फीसदी अंक पाने वाले शोएब आफताब ने राजस्थान के कोटा में स्थित एक संस्थान से कोचिंग ली थी। बता दें कि इस साल इस परीक्षा का आयोजन वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के साये के बीच हुआ था। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इस परीक्षा का आयोजन 13 सितंबर को करवाया था। इसमें करीब 14 लाख छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे।

आ रही ठंड
नासा के टिप्स

# स्मॉग से बचाएंगे, घर का माहौल खुशनुमा बनाएंगे ये पौधे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**नेशनल** एयरोनोटिक्स एंड स्पेश एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ठंड में स्मॉग की समस्या से छुटकारे का गजब तरीका ढूंढ कर लाया है। यह तरकीब घर के वातावरण को बेहद शालीन, शांत और खुशनुमा बनाएगी। दरअसल, स्मॉग में नाइट्रोजन ऑक्साइड्स, सल्फर ऑक्साइड्स और स्मोक घुले होते हैं। इस तरह के एयर पॉल्यूशन में सांस लेने में तकलीफ होती है। यह फेफड़े के इंफेक्शन समेत कई बड़े बीमारियों का कारण बन सकता है, लेकिन इन समस्याओं से बचने के लिए इंडोर प्लांट्स लगाने का तरीका काफी कारगर हैं। नासा का दावा है कि कुछ पौधे छोटे होते हैं और इनसे घर को शुद्ध ऑक्सीजन मिलती रहती है।

पायनियर एक्सक्लूसिव

### मनी प्लांट ( गोल्डन पोथोस )



मनी प्लांट घर में लगाया जाने वाला सबसे आम पौधा है। इसे गोल्डन पोथोस या डेविल्स आईवी के नाम से भी जाना जाता है। मनी प्लांट की सबसे खास बात यह है कि यह रात में भी ऑक्सीजन छोड़ता है। मनी प्लांट की दूसरी खासियत यह है कि यह बहुत आसानी से उग जाता है। मनी प्लांट के किसी हिस्से को एक छोटे गमले या पानी के जार में रख देने से यह अपने आप बढ़ने लगता है। आप इस पौधे को गार्डन से लेकर बेड रूम तक कहीं भी लगा सकते हैं। यह बाजार में आसानी से उपलब्ध है।

### पीस लिली



पीस लिली की पत्तियां गाढ़ी हरी और बड़ी होती हैं। यह एक तरह का नेचुरल एयर प्यूरीफायर है। यह प्लांट घर के अंदर से बेंजीन, ट्राइक्लोइथेन, फॉर्मेल्डाइड को खत्म करता है। यही काम इलेक्ट्रॉनिक एयर प्यूरीफायर भी करता है। इस पौधे की भी खासियत है कि यह छोटे गमले में भी आसानी से उग जाता है।

### स्नेक प्लांट



स्नेक प्लांट नेचुरल एयर प्यूरीफायर की तरह काम करता है। यह पौधा हवा से जाइलीन, बेंजीन और टूलिन जैसे पार्टिकल को खत्म करता है। इसे वाइपर्स बोस्ट्रिंग हेम्प के नाम भी जानते हैं। यह भी मनी प्लांट की तरह रात में ऑक्सीजन छोड़ता है। इस पौधे को लगाने के बाद ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती। आप इसे एक छोटे गमले या घर के लॉन में आसानी से उगा सकते हैं।

### एरेका पाम



ऐसे बहुत से पौधे हैं जो हवा से फार्मेल्डिहाइड को निकालते हैं। नासा के मुताबिक एरेका पाम प्लांट उन 10 पौधों में से एक है, जो हवा से सबसे ज्यादा मात्रा में फार्मेल्डिहाइड को हटाते हैं। ठंड में मौसम ड्राई हो जाता है, ऐसे में लोग घरों में ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करते हैं। यह पौधा ह्यूमिडिफायर की भी जरूरत को पूरी कर देता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह 24 घंटे में एक लीटर पानी देता है। यह प्लांट हवा से फार्मेल्डिहाइड के अलावा कार्बन मोनो-ऑक्साइड, बेंजीन, जाइलीन और ट्राइक्लोरोइथिलीन को भी हटाता है।

### रबर प्लांट



रबर प्लांट भी लोगों के बीच बहुत कॉमन है। घरों के गार्डन में इसे हम आसानी से लगा सकते हैं। यह भी एयर प्यूरीफायर की तरह ही काम करता है। हवा से यह कार्बन और बायो एफ्लुएंट को हटा देता है, लेकिन अगर आपके घर में जानवर हैं तो आप इसे न लगाएं, क्योंकि कुछ पशुओं के लिए यह जहरीला भी होता है।

### एलोवेरा



लोगों में सबसे ज्यादा लोकप्रिय पौधे की अगर बात करें तो वह एलोवेरा ही है। इसका मल्टी यूज इसे बहुत पसंदीदा बनाता है। इसकी पत्तियों से निकलने वाला जेल हमारी स्किन के लिए बहुत फायदेमंद है। एलोवेरा भी एयर प्यूरिफायर के तौर पर काम करता है। यह भी हवा से बेंजीन और फार्मेल्डिहाइड को हटाता है। यह भी रात में ऑक्सीजन छोड़ता है।

कांग्रेस ने आईएमएफ के अनुमान को लेकर सरकार पर साधा निशाना

# एक आम बांग्लादेशी एक आम भारतीय से ज्यादा संपन्न

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने प्रति व्यक्ति जीडीपी में भारत के बांग्लादेश से पिछड़ने संबंधी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान को लेकर शुक्रवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस आंकड़े के सामने आने के बाद केंद्र सरकार झूठ फैलाने में लगी है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह भी कहा कि सरकार को अब भी यह समझ नहीं आ रहा है कि अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए उपभोग को बढ़ाना पड़ेगा।

सुप्रिया ने संवाददाताओं से कहा, पिछले कुछ दिनों में बड़े ही परेशान करने वाले आर्थिक आंकड़े सामने आए हैं। आईएमएफ ने कहा है कि भारत में इस वित्तीय वर्ष में आर्थिक वृद्धि की अनुमानित दर में लगभग 10.3 प्रतिशत संकुचन होगा, जो कि आईएमएफ के पहले के 4.5 प्रतिशत के अनुमानित संकुचन से बहुत अधिक है। उसके आंकड़ों की माने तो भारत विश्व की सबसे तेजी से गिरने वाली अर्थव्यवस्था होगी। सुप्रिया ने दावा किया, बांग्लादेश ने आज हमें ही आर्थिक मामलों में पछाड़ दिया है। यह सच है कि बांग्लादेश का प्रति व्यक्ति जीडीपी भारत से आगे है। इसका मोटा-मोटा मतलब यह है कि एक आम बांग्लादेशी आज एक आम भारतवासी से ज्यादा संपन्न है। उनके मुताबिक बांग्लादेश का प्रति व्यक्ति जीडीपी 1888 डॉलर है, जबकि भारत का 1876 डॉलर है। मात्र पांच साल पहले भारत का यही आंकड़ा बांग्लादेश से लगभग 25 प्रतिशत अधिक होता था।

उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को संभालने पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय मोदी सरकार झूठ फैलाने पर तुल गई है और मुद्दे पर पर्दा डालने की विफल कोशिश में उलझी हुई है। सरकार के तमाम प्रवक्ता, पार्टी के शीर्ष नेता और पूरी की पूरी सोशल मीडिया आर्मी यह कह रहे हैं कि प्रति व्यक्ति भले बांग्लादेश का हम से अधिक हो, लेकिन पीपीपी (क्रय शक्ति समता) में भारत बांग्लादेश से आगे है।



### लोगों की समृद्धि और संपन्नता का वास्तविक मानक होता है जीडीपी

सुप्रिया ने कहा कि इससे बड़ी विडंबना दूसरी क्या होगी किस तरह का दुष्प्रचार करके ध्यान बांटा जा रहा है क्योंकि पीपीपी किसी भी देश की मुद्रा की असली कीमत होती है और वह भी विकसित देश की मुद्रा जैसे कि यूरो या डॉलर के मुकाबले। जबकि प्रति व्यक्ति जीडीपी ही वाकई में किसी भी देश के लोगों की समृद्धि उनकी संपन्नता का वास्तविक मानक होता है। उन्होंने यह दावा भी किया, जब अमेरिका और चीन की व्यापार युद्ध चल रहा था तब बांग्लादेश वियतनाम और मेक्सिको जैसे देशों ने उसका बड़ा लाभ उठाया और हमारी सरकार ने अपनी विफलताओं, गलत नीतियों के चलते निर्यात क्षेत्र को कुंठित करके रख दिया, हम उस व्यापार युद्ध का एक तिनका लाभ भी नहीं उठा पाए।

### अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में तेज सुधार के संकेत : सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को विश्व बैंक-आईएमएफ की विकास समिति की बैठक में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में तीव्र गति से सुधार के संकेत मिल रहे हैं। यह सरकार के कोविड-19 से प्रभावित आर्थिक वृद्धि को पटरी पर लाने के लिए किए गए उपायों का परिणाम है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि बैठक में सीतारमण ने गरीबों को सीधा नकद ट्रांसफर और खाद्य सुरक्षा मानकों के लिए राहत पैकेज के साथ कोविड-19 से निपटने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। सीतारमण ने कहा कि उपभोक्ता व्यय में तेजी लाने के लिए 10 अरब डॉलर के उपायों की हाल में घोषणा की गई है। वित्तमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष पैकेज के माध्यम से और प्रोत्साहन दिया गया। उन्होंने वित्त वर्ष 2020 के चौथी तिमाही में बेहतर प्रदर्शन का स्वागत किया जिसमें विश्व बैंक ने कोरोना के खिलाफ जंग में 45 बिलियन डॉलर की मदद का आश्वासन दिया है।

# पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**उच्चतम** न्यायालय ने पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के राज्यों में पराली जलाए जाने को रोकने के लिए एक व्यक्ति वाली निगरानी समिति के तौर पर पूर्व न्यायाधीश मदन बी लोकुर की नियुक्ति की है। बता दें कि न्यायाधीश लोकुर शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को उन खेतों की निगरानी में लोकुर समिति की मदद करने का निर्देश दिया जिनमें पराली जलाई जाती है। अदालत ने निर्देश दिया कि पराली जलाने की घटनाओं पर नजर रखने में पैनल की मदद करने के लिए एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना और भारत स्काउट्स की तैनाती की जाए।

लोकुर समिति पराली जलाए जाने की घटनाओं से संबंधित अपनी रिपोर्ट हर पखवाड़े शीर्ष अदालत को सौंपेगी। वहीं केंद्र सरकार की तरफ से अदालत में पेश हुए सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने पराली जलाने की घटनाओं पर नजर रखने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) लोकुर की अगुवाई में एक सदस्यीय समिति बनाने का विरोध किया। गौरतलब है कि दिल्ली के पड़ोसी राज्यों हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में किसानों द्वारा पराली जलाए जाने से राजधानी की हवा में प्रदूषण बढ़ जाता है। शुक्रवार को राजधानी में हवा चलने से प्रदूषक तत्वों में छितराव होने से वायु प्रदूषण के स्तर में थोड़ी सी गिरावट आई है।



शहर में सुबह दस बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 251 दर्ज किया गया। गुरुवार को औसत एक्यूआई 315 रहा जो 12 फरवरी के बाद से सबसे खराब रहा। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि वायु की गति में सुधार होने के कारण प्रदूषण के स्तर में गिरावट आई है। अमेरिकी उपग्रह एजेंसी, नासा की उपग्रह से ली गई तस्वीरों में पंजाब के अमृतसर, पटियाला, तरनतारन और फिरोजपुर के पास और हरियाणा के अंबाला और राजपुरा में खेतों में आग लगी दिखाई दे रही है।

### पैनल की मदद के लिए एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना और भारत स्काउट्स की हो तैनाती

## पंजाब में शौर्य चक्र विजेता बलविंदर सिंह की गोली मारकर हत्या

**तरनतारन ( पंजाब )।** आतंकवाद के दौर में आतंकियों का बहादुरी से मुकाबला करने वाले बलविंदर सिंह भिखीविंड (62) की शुक्रवार सुबह उनके घर पर ही अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बलविंदर शौर्य चक्र विजेता थे और उनके जीवन पर कई टेली फिल्में भी बनी थीं। उनके परिवार को संदेह है कि यह हमला आतंकी हो सकता है।



शुक्रवार सुबह सात बजे बलविंदर सिंह घर में थे। इसी दौरान दो पल्सर पर सवार दो युवक उनके घर के बाहर आकर रुके। एक युवक घर के बाहर ही खड़ा रहा। दूसरे युवक को बलविंदर सिंह ने अंदर अपने घर में बने ऑफिस में बुला लिया। अंदर आते ही युवक ने पिस्तौल निकालकर उन पर चार गोलियां दागीं। बलविंदर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रेमी जोड़े के हक में हाईकोर्ट की टिप्पणी

# लिव इन में रह रहा जोड़ा सुरक्षा का हकदार

**एजेंसी। चंडीगढ़**

**गुरदासपुर** के प्रेमी जोड़े की याचिका पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा महत्वपूर्ण फैसला दिया है। कोर्ट ने कहा है कि घर से भागा प्रेमी जोड़ा सुरक्षा पाने का हकदार है, भले ही उनमें से एक की उम्र शादी के योग्य न हो और दोनों लिव-इन में रह रहे हों। दरअसल, कानून के तहत शादी के लिए लड़के की उम्र 21 साल और लड़की की 18 साल से कम नहीं होनी चाहिए, लेकिन गुरदासपुर में बीते दिनों इसके उलट एक मामला सामने आया।

पता चला है कि मनदीप कौर नामक लड़की एक लड़के से प्यार करती है, जिसका परिवार वाले विरोध कर रहे हैं। ऐसे में दोनों ने घर से भागकर 20 सितंबर को पंचकूला में प्रेमविवाह कर लिया। फिर पुलिस प्रोटेक्शन मांगी तो उम्र का कानून आड़े आ गया। हालांकि दोनों बालिग हैं, लेकिन कानून के मुताबिक मनदीप कौर के प्रेमी की उम्र विवाह योग्य (21 साल) न होकर 20 साल 6 महीने थी। इसके चलते पुलिस प्रोटेक्शन की मांग पूरी होने में दिक्कत आई। दोनों ने इसके लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका लगा दी। इस पर जस्टिस अरुण मोंगा ने कहा कि दोनों का विवाह हिंदू विवाह अधिनियम के तहत मान्य नहीं है, लेकिन यह मुद्दा नहीं है। उन्हें जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।

## अविश्वास प्रस्ताव से पहले नपा चेयरपर्सन के ससुर ने फांसी लगाई

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद जिले के कस्बा जाख में शुक्रवार सुबह नगर पालिका चेयरपर्सन सीमा गोयल के ससुर नौहर चंद ने प्रेजिडेंट के ऑफिस में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते चलें कि जाखल नगर पालिका में कुल 13 पार्षद हैं, जिनमें से 9 चेयरपर्सन सीमा गोयल के खिलाफ हैं। इनका कहना है कि पिछले करीब डेढ़ साल से सीमा उनकी कोई पूछ नहीं कर रही। उनके इलाके में भी विकास कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। नौबत सीमा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव तक आ पहुंची थी।

## 'श्रीकृष्ण विराजमान' की अपील स्वीकार, 18 नवंबर को अगली सुनवाई

**मथुरा।** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले को लेकर की गई अपील अदालत ने शुक्रवार को मंजूर कर ली। अपील में 13.37 एकड़ जमीन पर दावा करते हुए मालिकाना हक मांगा गया है। भगवान श्रीकृष्ण विराजमान की ओर से वादी रंजना अग्निहोत्री सहित अन्य अधिवक्ताओं ने न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखा। अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान ट्रस्ट की करीब 13.37 एकड़ जमीन पर भगवान श्रीकृष्ण विराजमान की ओर से अधिवक्ताओं के माध्यम से दावा किया गया था। यह दावा विगत दिनों सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में किया गया था। उनकी अनुपस्थिति में इसकी सुनवाई लिंक एडीजे-पॉक्सो अदालत में हुई। इस अदालत ने यह दावा खारिज कर दिया था।

## भाजपा शासन में हुए घोटालों और बिगड़ी कानून व्यवस्था को मुद्दा बनाएगी कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**बरौदा** में प्रत्याशियों द्वारा नामांकन के साथ ही कांग्रेस ने प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्षा कुमारी सेलजा ने नामांकन के तुरंत बाद प्रदेश के सभी नेताओं के नाम एक पत्र जारी करके तुरंत प्रचार में जुटने को कहा है।

सेलजा ने नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पार्टी के सभी विधायक, सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद तथा पार्टी के तमाम पदाधिकारियों के नाम जारी पत्र में कहा है कि बरोदा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बरोदा पहुंचकर चुनाव अभियान चलाए। सेलजा ने नेताओं को निर्देश दिए हैं कि वह प्रचार के दौरान बरोदा वासियों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाते हुए केंद्र और हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार के जन-विरोधी निर्णय जैसे नोटबंदी, जीएसटी, कृषि विरोधी तीन काले कानून आदि को उजागर करने के साथ-साथ प्रदेश में दलितों, महिलाओं, छात्रों आदि पर हो रहे अत्याचारों के मुद्दे को भी जोरदार तरीके से उठाएं। सेलजा ने सभी नेताओं को निर्देश दिए हैं कि वह अपने द्वारा किए गए चुनाव प्रचार की रिपोर्ट मतगणना के दिन 10 नवंबर से पहले प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में भेजें।

# नौकरी छूट गई तो तीन माह तक मिलेगा सैलरी का 50 फीसद

काम की बात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**कोरोना** संकट में अगर आपकी नौकरी छूट गई है, तो भी सैलरी का 50 प्रतिशत हिस्सा मिलता रहेगा। यही नहीं, अगर दोबारा नौकरी मिल गई है, तो भी आपको यह सुविधा मिलती रहेगी। हालांकि इसके लिए आपको कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) से अपने आपको जोड़ना होगा। आप यह दावा बेरोजगारी राहत पाने के तहत कर सकते हैं। इसके तहत अचानक नौकरी छूटने के बाद तीन महीने तक एक तय आर्थिक मदद दी जाती है।

दरअसल, अटल बीमित कल्याण योजना (एबीकेवाई) के लिए सरकार जल्द ही बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है। सरकार की योजना है कि इसे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि इसका फायदा बहुत से लोगों को मिल सके। सरकार इसके लिए 44 हजार करोड़ रुपये का फंड जारी करेगी। अगर आप भी इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं, तो आपको ईएसआईसी की अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा। आप कर्मचारी राज्य बीमा निगम की वेबसाइट पर जाकर इस योजना का फॉर्म डाउनलोड कर अप्लाई कर सकते हैं। अगर आप ऑर्गनाइज्ड सेक्टर में नौकरी करते हैं और कंपनी आपका पीएफ या ईएसआईसी हर महीने आपके वेतन से काटती है, तो आप इसका फायदा ले सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह फायदा आप दिसंबर तक उठा सकते हैं। यानी दिसंबर तक आपकी नौकरी चली जाती है, तो भी आप इसके योग्य हैं। यह फायदा तभी मिलेगा जब आप ईएसआईसी के सदस्य होंगे।

## बिहार चुनाव : 23 से प्रधानमंत्री मोदी संभालेंगे प्रचार की कमान

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अक्टूबर से बिहार में प्रचार की कमान संभालेंगे। उनकी जनसभाओं को लेकर कार्यक्रम तय कर दिया गया है। प्रधानमंत्री राज्य में 12 रैलियां को संबोधित करेंगे। बिहार में प्रधानमंत्री मोदी की जितनी रैलियां होंगी, उसमें सहयोगी दल के सभी नेता मौजूद रहेंगे। खास बात है कि हर मंच पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे।

प्रधानमंत्री हर रोज तीन रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 23 अक्टूबर को पहले सासाराम में, दूसरी गया और तीसरी रैली भागलपुर में करेंगे। 28 अक्टूबर को वे दरभंगा में पहली, मुजफ्फरपुर में दूसरी और पटना में तीसरी रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री एक नवंबर को फिर बिहार आएंगे। उनकी पहली रैली छपरा, दूसरी पूर्वी चंपारण और तीसरी समस्तीपुर में होगी। इसके बाद तीन नवंबर को उनकी पहली रैली चंपारण दूसरी सहरसा और तीसरी अररिया में होगी। यह जानकारी शुक्रवार को बिहार चुनाव के प्रभारी देवेंद्र फडणवीस ने राजधानी पटना में आयोजित की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, शनिवार, 17 अक्टूबर 2020 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

## अपने सगे संबंधियों की सुरक्षा के लिए करें कोरोना से अपना बचाव : डॉ. चुघ

कोरोना को लेकर वर्तमान स्थिति काफी गंभीर है। लॉकडाउन में तो लोग घरों में रहकर सुरक्षित थे। लेकिन अनलॉक में हमें काम भी करना है और अपनी सुरक्षा भी करनी है। इसलिए अब हमें सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन ईमानदारी के साथ करना होगा। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का उपयोग और स्वच्छता के नियमों के प्रति लापरवाही काफी नुकसान दायक साबित हो सकती है। हमें अपने परिवार और समाज की सुरक्षा के लिए अपना बचाव करना होगा। यह कहना है कि शिक्षाविद् एवं बूमैंस गोवर्नमेंट कॉलेज की पूर्व प्रिंसीपल डॉ. शोभा चुग का। डॉ. चुघ लॉकडाउन में जरूरतमंदों की मदद भी कर रही थी। **पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और डॉ. शोभा चुघ की बातचीत के अंश :-**



**जीवन परिचय**

**नाम** : डॉ. शोभा चुघ
**जन्मदिन** : 28 जनवरी 1957
**पिता** : जेएन पुरूथि
**माता** : शांति देवी
**पति** : आरके चुग
**परिवार** : बेटी श्रुति व बेटा परांशु
**स्कूल** : 10 वीं - सीनियर मॉडल स्कूल, हिसार
**उच्चशिक्षा** : बीए ऑनर्स, एमएम, एमफिल व पीएचडी
**रूचि** : संगीत सुनना

**सवाल : आपने अध्यापक का पेशा किसकी प्रेरणा से अपनाया।**
**जवाब** : मेरे पिता फिजिक्स के प्रोफेसर थे। वे चाहते थे कि उनके बच्चे भी इस पवित्र पेशे को अपना कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। उनकी प्रेरणा और मार्ग दर्शन से मैने अध्यापक का पेशा अपनाया था।

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने कॅरियर की शुरूआत कैसे की।**
**जवाब** : शिक्षा के बाद मैने उच्चशिक्षा विभाग ज्वाइन कर लिया था। पहली तैनाती मुझे नारनौल स्थित गोवर्नमेंट कॉलेज में इंगलिश के लेक्चरार के पद पर मिली थी।

**सवाल : इस दौरान आपने कहां-कहां अपनी सेवाएं दीं।**
**जवाब** : तीन साल नारनौल में रहने के बाद मेरा तबादला भिवानी में हो गया। वहां से पांच साल बाद 1987 में मुझे पंडित जवाहर लाल नेहरू कालेज, फरीदाबाद में भेज दिया गया। यहां मैंने लगातार 23 वर्षों तक काम किया।

**सवाल : आपको पदोन्नति कब मिली।**
**जवाब** : वर्ष 2010 में मुझे पदोन्नति देकर गोवर्नमेंट वूमेंस कॉलेज, फरीदाबाद में प्रिंसीपल की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जहां से वर्ष 2015 में मैं सेवानिवृत हो गई।

**सवाल: ऐसे बच्चे याद हैं, जो आपकी मदद से मुकाम हासिल कर चुके हों।**
**जवाब** : मेरे अनेक विद्यार्थी लेक्चरार, प्रिंसीपल और अन्य बड़े पदों पर काम कर रहे हैं। फरीदाबाद की गरिमा चौधरी ने आईपीएस किया था। वहीं अन्य क्षेत्रों में भी अनेक बच्चे मुकाम हासिल कर चुके हैं।

**सवाल: क्या वर्तमान में दी जा रही शिक्षा में बदलाव की जरूरत है।**
**जवाब** : हाथ के काम के प्रति हमें अपनी सोच बदलनी होगी। शिक्षा के साथ बच्चों को वोकेशनल अथवा उनके सबजेक्ट से संबंधित ट्रैनिंग भी दी जानी चाहिए। ताकि जब वे कॉलेज से निकले तो उन्हें रोजगार हासिल करने में किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

**सवाल : लॉकडाउन के दौरान आपने कैसे जरूरतमंदों की मदद की।**
**जवाब** : लॉकडाउन में मैंने अपने आस-पास के जरूरतमंदों की आर्थिक अथवा मेरे से जो भी सम्भव हो पाया, उनकी हर तरह से मदद की थी।

**सवाल : वर्तमान में हम कोरोना वायरस से कैसे जीत सकते हैं।**
**जवाब** : वर्तमान स्थिति में हमें पहले से ज्यादा एहतियात बरतने की जरूरत है। हमें अच्छे तरीके से मास्क पहनना चाहिए। घर से बाहर निकलने पर सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखना होगा। सेनिटाइजर का इस्तेमाल कम और बार-बार साबुन से हाथ धोने चाहिए। इस तरह के एहतियात बरत कर हम कोरोना से जीत सकते हैं।

**सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ने वालों को आप क्या संदेश देना चाहते हैं।**
**जवाब** : यह एक दूसरे से फैलने वाली बीमारी है। इसलिए हमें अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा। यदि ठीक तरीके से अपना बचाव करेंगे तो हमारा परिवार और समाज भी सुरक्षित रहेगा। हमारी लापरवाही से दूसरों की जान खतरे में पड़ सकती है।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**
**जवाब** : वैसे तो सरकार ने सोच समझ कर यह कदम उठाया था। लेकिन लॉकडाउन से पहले थोड़ा समय देते तो लोगों को इतनी परेशानी नहीं होती।

## संक्षिप्त समाचार

### स्लेजहैमर ने 9 विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** पहले रविंद्र फागना टी-20 क्रिकेट लीग मैच स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी (फरीदाबाद) ने आरसीसी पैन्थर (सोहना) को नौ विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 20-20 ओवर का था। आरसीसी पैन्थर (सोहना) ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आरसीसी पैन्थर (सोहना) की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 17.5 ओवर में 10 विकेट पर 60 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए गगन ने 34 रन और नवीन राघव ने 10 रन बनाए। स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए दिलीप ने 5 विकेट, कुलदीप ठाकुर ने 3 विकेट, यतिन ने 2 विकेट लिए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी की टीम ने 4.4 ओवर 1 विकेट में 61 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए उदित मोहन ने 52 रन, दीपक शर्मा ने 7 रन बनाए। आरसीसी पैन्थर (सोहना) की ओर से गेंदबाजी करते हुए पर्वीन राघव ने एक विकेट लिया। धर्मेंद्र खटाना (एडवोकेट) और अरुण के द्वारा स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट अकैडमी के दिलीप को मैन आफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया।

### रावल ने 181 रन से जीता मैच



**फरीदाबाद ।** डीपी चौधरी स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस बारे में बीबीसीआई कोच सुनिल चौधरी ने बताया कि यह मैच 40-40 ओवर का था। यह रावल क्रिकेट अकादमी और हैरीटेज क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इसमें हैरीटेज क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। जिसमें रावल अकादमी ने बल्लेबाजी करते हुए 38.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 264 रन बनाए। जिसमें गेंदबाज संदीप ने 56 गेंदों पर 10 चौक्कों की मदद से 59 रन बनाए। वहीं मोहित शर्मा ने 51 गेंदों पर छह चौक्के और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाए। निधिश गौर ने 49 गेंदों पर 8 चौक्कों की मदद से 47 रन बनाए। हैरिटेज के बल्लेबाज सानू ने 5 विकेट और साहिल ने 3 विकेट लिए। वही हैरीटेज ने 20.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाए। वहीं कृष रावत ने 24 गेंदों में 2 चौक्कों की मदद से 15 रन, साहिल ने 27 गेंदों पर 2 चौक्कों की मदद से 20 रन बनाए। वहीं रावल के गेंदबाजों ने मोहित भाटी ने 6 विकेट, साहिल गौर ने 4 विकेट लिए। अंत में यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी ने 181 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच मोहित भाटी को दिया गया।

### एक्स अंडिफीटेड आर्मी इलेवन ने 10 विकेट से जीता रन



**फरीदाबाद।** पहला रविंद्र फागना टी-20 क्रिकेट लीग में एक्स अंडिफ़ीटेड आर्मी इलेवन ने एचआरएस ड्रीम इलेवन को 10 विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि ये मैच 20-20 ओवर का है। ये मैच एक्स अंडिफीटेड आर्मी इलेवन और एचआरएस ड्रीम इलेवन के साथ खेला गया। एचआरएस ड्रीम इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्यण लिया। टीम की ओर बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 12.1 ओवर में 10 विकेट पर 49 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए अमित सिधाना ने 15 रन ओर बलबीर ने 12 रन बनाए। एक्स अंडिफीटेड आर्मी इलेवन टीम की और से गेंदबाजी करते हुए मानिक सिरोही ने 4 विकेट, अंकित, अरुण चंपाराणा ओर चंद्रापाल सैनी ने 2-2 विकेट लिए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए एक्स अंडि फीटेड आर्मी इलेवन टीम ने 4.2 ओवर में बिना किसी विकेट के नुकसान के 52 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए अरुण छपराणा ने 47 रन ओर आकाश अंटिल ने 5 रन रन बनाए। अरुण शर्मा (एडवोकेट) के द्वारा मानिक सिरोही (एक्स अंडिफीटेड आर्मी इलेवन) को मैंन ऑफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया।

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 35.03 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 21.02 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- सेक्टर-52 में श्रीराम कक्षा: शाम 4 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीडी, सर्दी में बदला समय: सुबह 9 बजे
- बीके चौक पर आशा वर्करों का धरना: सुबह 11 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों का धरना: सुबह 11 बजे

**निवेश गुरु**

### इन्वेस्टमेंट को समझना

निवेश एक परियोजना को शुरू करने या विस्तार करने के लिए काम करने के लिए पैसा लगा रहा है या एक परिसंपत्ति या ब्याज खरीदने के लिए । जहां उन निधियों को काम पर रखा जाता है, समय के साथ आय और लक्ष्य में वृद्धि के साथ। शब्द निवेर्श भविष्य की आय उत्पन्न करने के लिए उपयोग किए जाने वाले किसी भी तंत्र को संदर्भित कर सकता है। वित्तीय अर्थों में, इसमें कई अन्य लोगों के बीच बॉन्ड, स्टॉक या रियल एस्टेट संपत्ति की खरीद शामिल है। इसके अतिरिक्त, एक निर्मित भवन या वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए उपयोग की जाने वाली अन्य सुविधा को निवेश के रूप में देखा जा सकता है। अन्य वस्तुओं के उत्पादन के लिए आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन भी निवेश के रूप में देखा जा सकता है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### बाल महोत्सव में ऑनलाईन हिस्सा लें : सेतिया

**फरीदाबाद।** एसडीएम बड़खल पकंज सेतिया ने अपने सन्देश में कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा मनाए जा रहे ऑनलाईन बाल महोत्सव 2020 में फरीदाबाद के 18 वर्ष की आयु वर्ग तक के सभी बच्चे बढ़-चढ़कर भाग ले और बाल महोत्सव के मंच का अधिक से अधिक प्रयोग करें तथा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएं। एसएल खत्री, जिला बाल कल्याण अधिकारी फरीदाबाद ने बताया कि मानद महासचिव कृष्ण ढुल की दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि कोविड-19 महामारी के चलते बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनके चुंहुमुखी विकास के लिए ऑनलाईन प्रतियोगिताओं के लिए मंत्र तैयार किया। 23 प्रकार की विभिन्न प्रतियोगिताओं को 71 ग्रुपों में करवाया जा रहा है यह प्रतियोगिताएं 10 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है और आगामी 10 नवंबर तक चलेंगी।

**क्विक न्यूज**

### खेल परिसर में कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, फरीदाबाद द्वारा शुक्रवार को खेल परिसर सेक्टर-12, फरीदाबाद मे प्रधान सचिव, खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, हरियाणा के आदेशानुसार सभी प्रशिक्षकों को साईकोलोजिस्ट/ साईक्रियेटिक से रोल ऑफ मेंटर फिटनेस एंड स्टरैंथ ऑफ स्पोर्ट्स परशन एड कॉम्पेशन विषय पर लैक्चर का आयोजन किया गया। वर्णित विषय पर जाने-माने साईकोलोजिस्ट प्रोफेसर डॉ. एसपी सिंह, प्रिंसीपल, विजन इंस्टीच्यूट ऑफ एप्लाईड स्टडी, फरीदाबाद द्वारा प्रशिक्षकों को खेल व्यक्ति और प्रतिस्पर्धा के लिए मानसिक फिटनेस और शक्ति की भूमिका पर अभिप्रेरित किया गया। इस दौरान रमेश वर्मा, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी , गिर्राज सिंह मौजूद रहे।

# पहले खाद, अब बिजली के नाम पर करोड़ों रुपये बर्बाद

## करीब 200 करोड़ खर्च करके खाद और बिजली के बदले मिला कूड़े का पहाड़

### नगर निगम अन्य संसाधनों के नाम पर भी पहले फूंक चुका है करोड़ों

**राजेश दास।** फरीदाबाद





**शहर** के घरों से निकलने वाले कूड़े के निस्तारण के नाम फरीदाबाद और गुरूग्राम नगर निगम द्वारा करीब 200 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए चुके हैं। करीब दस साल पहले दोनों नगर निगमों ने कूड़े के निस्तारण और उससे खाद बनाने के लिए एक कंपनी को ठेका दिया था।

उस समय जेएनएनयूआरएम परियोजनाओं के तहत निगम ने करोड़ों रुपये खर्च किए थे। इसके अलावा नगर निगम अन्य संसाधनों के नाम पर भी पहले करोड़ों रुपये फूंक चुका है। वहीं अब निगम ने कूड़े से बिजली बनाने का ठेका ईकोग्रीन कंपनी को दिया है। इन दोनों ही कंपनियों ने बिजली और खाद बनाने की जगह बंधवाड़ी में कूड़े का विशाल पहाड़ बना दिया है। जिसका पर्यावरण पर दुष्प्रभाव तो पड़ ही रहा है। साथ ही बंधवाड़ी के आसपास के गांवों के निवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। कूड़े से लगातार रिस रही गंदगी ने इलाके के भूजल को जहरीला बना दिया है। लेकिन लोगों की परेशानी को नजरअंदाज कर अब भी लगातार सरकार का पैसा बर्बाद किया जा रहा है।

### पहले 70 करोड़ फूंके

गुरूग्राम और फरीदाबाद नगर निगम द्वारा ग्वाल पहाड़ी में पहले कूड़ा डाला जाता था। जिससे आसपास के लोगों को परेशानी होने लगी। जिसे ध्यान में रखते हुए दोनों निगमों ने कूड़ा निस्तारण की योजना बनाई थी।

वर्ष 2010 गुरूग्राम नगर निगम ने 31 एकड़ जमीन बंधवाड़ी में फरीदाबाद नगर निगम को दी थी। एमसीएफ से कूड़ा निस्तारण का ठेका एनबीसीसी (नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन) कंपनी को दिया था। इस कंपनी ने कूड़े से खाद बनाने का वायदा किया था। जिस वजह से एमसीएफ ने कंपनी को बंधवाड़ी में 70 करोड़ रुपये की लागत से संयंत्र लगाकर दिया था। यहां तीन-तीन सौ टन कूड़ा निस्तारण करने की दो यूनिटें लगाई गई थी। लेकिन कंपनी कूड़े का निस्तारण करने की बजाए बंधवाड़ी में लगातार कूड़े का ढेर लगाती रही है। कूड़े का निस्तारण न होने की वजह से कूड़े का पहाड़ लगातार विशाल रूप धारण करता जा रहा था। करीब तीन साल बाद इस कूड़े निस्तारण केंद्र में एक दिन अचानक आग लग गई। जिसके बाद यहां न तो कभी कूड़े से खाद बन पाई और न ही संयंत्र चल पाया।

### करोड़ों का घोटाला

एनबीसीसी कंपनी को कूड़ा निस्तारण का ठेका देते समय नगर निगम ने सयंत्र पर 70 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ जेएनएनयूआरएम के तहत अन्य चीजों की खरीद पर भी करोड़ों रुपये खर्च किए थे। उस समय निगम ने कूड़ा उठाने के लिए करोड़ों रुपये की जेसीबी मशीन, डंपर, लोडर, बड़े ट्रक, रिक्शे और डस्टबिन खरीदे थे। तत्कालीन नगर निगम के अधिकारियों ने कमीशन खोरी के चक्कर में जेसीबी मशीन और अन्य वाहन सीधा कंपनी से खरीदने की बजाए एक एजेंसी से खरीद लिए थे। बाद में मामला उजागर होने पर इस घोटाले को लेकर भी काफी विवाद उत्पन्न हुआ था। उस समय इस मामले की सीनियर टाउन प्लानर एसपी कुश का सौंपी गई थी। लेकिन इस मामले की जांच भी आज तक पूरी नहीं हो पाई है। जबकि एसटीपी कुश भी कई साल पहले सेवानिवृत हो चुके हैं। वहीं दूसरी तरफ खरीदे गए वाहनों का इस्तेमाल न होने की वजह से वह भी पड़े पड़े जर्जर हो चुके हैं। वैसे भी यह डीजल वाहन दस साल पुराने हो जाने की वजह से अब एनजीटी के आदेशों के कारण नहीं चल सकते।

### आग की जांच दबी

वर्ष 2013 में दिवाली से कुछ दिन पहले करोड़ों की लागत से बंधवाड़ी में बने कूड़ा निस्तारण केंद्र में रहस्यमय तरीके से आग लग गई। उस समय आग लगने की इस घटना पर कई तरह के सवाल खड़े किए गए थे। लोगों का अनुमान था कि संयंत्र को सफल न होते देख एक योजना के तहत इसमें आग लगाकर प्लांट को बंद किया गया है। उस समय विवाद खड़ा होने पर इस मामले की जांच भी शुरू करवाई गई थी। लेकिन करीब सात साल का समय गुजर जाने के बाद भी घटना की जांच अधर में लटकी हुई है। करोड़ों रुपये फूंकने के इस मामले में घोटाला किए जाने की सम्भवना जताई जा रही थी। घोटाला उजागर होने पर आग लगने की बात नगर निगम के अधिकारियों के लिए कोई नई नहीं हैं। हाल ही में 50 करोड़ रुपये का घोटाला उजागर होने के बाद नगर निगम के फाइनेंस विभाग के रिकॉर्ड रूम में भी आग लग गई थी। लेकिन इस मामले की जांच भी आज तक पूरी नहीं हो पाई है। जांच पूरी न होने और कार्रवाई के अभाव में नगर निगम में अब तक अरबों रुपये के घोटाले सामने आ चुके हैं।

### कार्रवाई का अभाव



आरटीआई कार्यकर्ता विष्णु गोयल का कहना है कि नगर निगम में किए गए अनेक मामलों की जांच विभिन्न एजेंसियों के पास लंबे समय से लंबित पड़ी हुई है। जांच पूरी न होने से कार्रवाई नहीं हो पा रही। इसलिए नगर निगम में अब तक अरबों रुपये के घोटाले उजागर हो चुके हैं।





फोटो : राजेश पुंजानी

## कोरोना में व्रत रखने से बचें रोगी व गर्भवती महिलाएं

**कविता।** फरीदाबाद





**कोरोना** महामारी के बीच नवरात्रों में उपवास रखने की परम्परा काफी पुरानी है। कुछ मरीज व गर्भवती महिलाएं भी पूरे नौ दिनों तो कुछ भक्त केवल पहला और आखिरी व्रत रखते हैं। वह व्रत को ही भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने का सबसे सरल तरीका मानते हैं, लेकिन बीमार और गर्भवती महिलाएं भूल जाती हैं कि उन्हें व्रत करने से परेशानी भी हो सकती है।

**डाक्टर बोले ये लोग व्रत न रखें**

डॉक्टरों द्वारा रोगियों, वरिष्ठजनों और गर्भवतियों को व्रत न रखने की सलाह दी जाती है। बीके अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ. प्रोनिता अहलावत ने बताया कि व्रत के दौरान कुछ लोग निर्जला व्रत करते हैं, जो कि शरीर के लिए नुकसानदेय होता है। कुछ लोग वजन कम करने के लिए भी व्रत करते हैं, जबकि इससे कुछ लोगों का वजन बढ़ता है। नवरात्र में पूरे दिन भूखा रहने और रात के समय भारी खाने का सेवन करने से सिर दर्द होना, चक्कर आना, बेहोशी आना, कमजोरी महसूस होना जैसी समस्याएं शुरू हो जाती है।

**मेटाबॉलिज्म हो सकता है प्रभावित**

डॉ. अहलावत ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को अपने साथ गर्भ में पल रहे बच्चे के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना चाहिए। पूरा दिन भूखे रहने से न केवल शरीर का मेटाबॉलिज्म प्रभावित होता है, बल्कि शरीर में वसा की मात्रा में बढ़ जाती है। पूरा दिन भूखा रहकर रात को हाई कैलोरीयुक्त खाना खाने का न केवल गर्भवती महिला बल्कि उसके गर्भ में पल रहे बच्चे के स्वास्थ्य बहुत बुरा असर पड़ता है। पाचनतंत्र पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। व्रत के दौरान कुछ न खाने के कारण शुगर लेवल कम होने का खतरा बना रहता है।

### बचाव करें

डॉ. प्रोनिता ने कहा कि अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हर दो घंटे के अंतराल में कुछ न कुछ फल, जूस या सलाद का सेवन करते रहना चाहिए। ये डिहाइड्रेशन से बचाते हैं। थोड़ी-थोड़ी देर बाद पानी पीना चाहिए। तरल पदर्थों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करना चाहिए। सुबह ज्यादा देर तक भूखा रहने से एसिडिटी और पूरे दिन भोजन न करने या सिर्फ पानी पर निर्भर रहने से लो ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है।

### डायबिटीज रोगी ले सलाह

फिजिशियन डॉ. योगेश गुप्ता ने कहा कि अगर डायबिटीज रोगी को कठिन और लंबे व्रत नहीं रखने चाहिए। न ही पानी की मात्रा को कम होने देना चाहिए। समय-समय पर पानी का सेवन करते रहने से डिहाइड्रेशन नहीं होता। नमकीन दही, छाछ, नारियल पानी व रसीले फलों का सेवन करें। ताकि शरीर में हो रही पानी की कमी की पूर्ति हो सके। किसी भी डायबिटीज के रोगी को व्रत रखने से पहले अपने डॉक्टर से जांच एवं सलाह जरूर लेनी चाहिए। ताकि डॉक्टर मरीज को सही दिशा-निर्देश दे सकें। उन्हें व्रत के दौरान भी अपने शुगर लेवल की जांच कराते रहना चाहिए। व्रत के दौरान शुगर लेवल कम या ज्यादा होने पर व्रत छोड़ देने चाहिए और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

स्लेजहैमर समूह की एक और बड़ी पहल

फ्री एम्बुलेंस सेवा





इस सेवा का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय लोगों को दिया जा रहा है।

जरूरतमंद फ्री एम्बुलेंस के लिए फोन करें।

9899885190
9899882050

SledgeHammer COMMITMENT TOWARDS PERFECTION....
।। सर्वम् शिक्षम् ।। SLEDGEHAMMER FOUNDATION
SLEDGEHAMMER CRICKET ACADEMY Run . Play . Learn . Live
पायनियर हमेशा सच के साथ

# कोरोना : 400 की मौत, स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में 238

## मृतकों के आंकड़ों में गड़बड़ी कर रहा स्वास्थ्य विभाग

### सात वर्षीय बच्चे ने कोरोना से दम तोड़ा

**कविता।** फरीदाबाद



प्रदेशभर में कोरोना से मौत के मामले में फरीदाबाद आगे है। शुक्रवार को जिले में मृतकों की संख्या का आंकड़ा 238 पर पहुंच गया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी किए जा रहे इस आंकड़े में मृतकों की संख्या में गड़बड़ी की जा रही है। जिले में तीन दिन की बच्ची से लेकर 85 साल तक के बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो रही है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में रोजाना गड़बड़ी हो रही है। विभाग मृतकों को अपने आंकड़ों में शामिल करने से बच रहा है। वहीं नगर निगम द्वारा जिले में अब तक करीब 400 कोरोना पॉजिटिव मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया है।

**बच्चे की हुई मौत**

शुक्रवार को जारी किए गए हेल्थ बुलेटिन में दो मौतें दशाई गईं। जिसमें एसजीएम नगर निवासी सात वर्षीय बच्चे की मौत का मामला भी दर्शाया गया है। जिला कोरोना अधिकारी ने बताया कि बच्चा कोरोना के अलावा हैपेटाइटिस और अन्य कई बीमारियों से ग्रस्त था। जिससे उसकी मौत हुई है। इससे पहले भी गुरूग्राम निवासी तीन दिन की नवजात बच्ची की मौत का मामला सामने आ चुका है। जिससे पाली स्थित कब्रिस्तान में दफनाया गया था। इस मामले को गुरूग्राम का बता दिया गया था।

### पायनियर के सवाल

पिछले 24 घंटे के दौरान जारी किए गए आंकड़ों से सवाल उठता है कि क्या मरने के बाद विभाग मृतकों की रिपोर्ट बदल रहा है? दो मौतें होने पर 7 मृतकों के आंकड़ों की मौत का कारण स्वास्थ्य विभाग ने कैसे बदल दिया? मरे हुए व्यक्तियों की मौत के कुछ दिनों बाद कोई कैसे बता सकता है कि वह कोरोना से ही मरा, उसे अन्य बीमारियां नहीं थी?

### बदल गए आंकड़े

जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 24 घंटे में कोरोना की 38 के बजाय दो मौत होने से आंकड़ों की संख्या 45 हो गई। गौरतलब है कि बीते 15 अक्टूबर को जारी किए गए कोरोना बुलेटिन में कोरोना से 38 और कोरोना व अन्य बीमारियों से ग्रस्त होने वाली 198 मौतें दर्शाई गई थीं। वहीं 16 अक्टूबर की शाम तक दो मौत दर्शाई गई, लेकिन इस बार मरने वालों की मौत का कारण बदल गया। 16 अक्टूबर के बुलेटिन में कोरोना से 45 और कोरोना और अन्य बीमारियों से मरने वालों की संख्या का आंकड़ा 193 कर दिया गया।

# मेहनत रंग लाई, बीट अधिकारी बन रहे मददगार : सीपी

### कमिश्नरेट की बीट प्रणाली हो रही है बड़ी प्रभावकारी सिद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पुलिस** कमिश्नरेट, फरीदाबाद के सभी थानों के बीट एरिया में नियुक्त सभी बीट अधिकारियों की कार्यालय पुलिस आयुक्त, फरीदाबाद में आयोजित एक संगोष्ठी के दौरान पिछले सप्ताह के कार्यों की जानकारी लेते हुए पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा कहा गया कि इस कमिश्नरेट की बीट प्रणाली बड़ी प्रभावकारी सिद्ध हो रही है।

थाना भूपानी के बीट अधिकारी सिपाही मनोज कुमार ने अपनी बीट के दो वरिष्ठ नागरिकों तक उनकी दवाई पहुंचाने में मदद करके यह सिद्ध कर दिया है कि बीट अधिकारी पारिवारिक स्तर तक जाकर जनता की मदद कर रहे हैं।

बीट अधिकारी अपने बीट एरिया में रोजाना 5-7 किलोमीटर पैदल चलकर 50-60 व्यक्तियों से संवाद कायम करते हैं, इससे उनकी समझ विकसित हो रही है, लोगों को पुलिस द्वारा दी जाने वाली सेवाएं आसानी से प्राप्त हो रहीं हैं। जनता अपराधों के प्रति जागरूक हो रही है। लोग घर के नौकरों की, सुरक्षा गार्ड़ों की और कर्मचारियों की पुलिस तस्दीक करवा रहे हैं, क्योंकि इनके रूप में कुछ अपराधी लोग भी अपने आप को छुपाकर रखते हैं। कई सोसाइटियों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश से गेट लगवाए गए हैं। थाना पल्ला के बीट अधिकारी सिपाही रविंद्र के जागरूक करने के बाद लोगों ने बाइकों में अतिरिक्त और विशेष लॉक लगवाए हैं।

थाना सेक्टर-58 के बीट अधिकारी एएसआई सुरेंद्र के समझाने के बाद शराब की लत छोड़कर एक बेरोजगार व्यक्ति परचून की दुकान चलाई है। इसी प्रकार थाना सैंट्रल के 13 नंबर के जूते वाले बीट अधिकारी सिपाही कुलदीप के मार्गदर्शन के बाद उसकी बीट के क्षेत्र में स्थित ट्रांस्पोट नगर में लोग अपने ट्रकों को व्यस्थित तरीके से खड़े करते हैं और गाड़ियों की भीड़भाड़ समाप्त हो गई।

थाना एनआईटी के बीट सिपाही दीपक कुमार के समझाने से उनकी बीट में स्थित एक मंदिर को लेकर दो संप्रदायों में होने वाले विवाद को बातचीत से सुलझा लिया गया। बीट अफसर उप निरीक्षक महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन पर संजय कॉलोनी में 75 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए तथा थाना सारन के बीट अफसर उप निरीक्षक रामकिशन ने भी अपनी बीट में अनेक विशिष्ट कार्य किए, जिसके आधार पर इन दोनों बीट अधिकारियों को उस्ताद बीट अफसर की उपाधि के साथ-साथ कम अनुभव वाले बीट अफसरों का मार्गदर्शन करने का भी दायित्व दिया गया। उत्कृष्ट सेवा करने वाले बीट अधिकारियों को प्रथम श्रेणी के प्रशंसा पत्र दिए गए और सामान्य रूप से कार्य करने वालों को और अधिक लग्न, मेहनत व निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

# कोरोना: 2 मौतें, 189 पॉजिटिव से आंकड़ा 22,348 पर पहुंचा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा कम नहीं हो रहा है। शुक्रवार को 189 पॉजिटिव आने से कोविड-19 का आंकड़ा 22 348 पर पहुंच गया। वहीं दो मौत होने से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 238 पर पहुंच गया है। राहत की बात यह रही कि कोरोना पॉजिटिव 237 मरीजों ने इस जंग को जीत लिया। जिससे कोरोना का रिकवरी रेट 95.5 प्रतिशत रहा।

**मृतक और पॉजिटिव**

दो मृतकों में एसजीएम नगर निवासी 7 साल का बच्चा और सेक्टर-23 ए निवासी 65 वर्षीय एक महिला शामिल है। दोनों कोरोना के अलावा अन्य कई बीमारियों से ग्रस्त थे। वहीं 189 में सेक्टर-7, 8, 28, 29, 64, 15, 77, 11, 3, 87, 49, 81, 85, सिही, एनएच-एक प्रिंसेस पार्क, पल्ला, बुआपुर, चावला कालोनी, नाहर सिंह कालोनी, ओल्ड फरीदाबाद, आदर्श नगर, गांधी कालोनी, जवाहर कालोनी, भारत कालोनी, नंगला, गौच्छी, तिगांव, गोपी कालोनी, भनकपुर, चंदावली, शिव कालोनी, इंदिरा इंक्लेव, अमर नगर, गांधी कालोनी, बड़ौली, एनएच-5 अशोका इंक्लेव, से 2-2 मरीज है। पाली, सेक्टर-23, 14, से 1-1 मरीज है। गर्ग कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-8, 88, 25, कुंदन कालोनी, बसेलवा कालोनी, ग्रीन फिल्ड कालोनी, बल्लभगढ़, चार्मवुड, सेहतपुर, सैनिक कालोनी, से 3-3 मरीज है। सेक्टर-64, एनएच-3 से 4-4 मरीज है। एसजीएम नगर से 6 और अन्य एरियों से 45 मरीज है।

### यह है आंकड़ा

| | |
|---|---|
| अब तक सैम्पल लिए | 224187 |
| अब तक नेगेटिव | 201550 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 289 |
| अब तक पॉजिटिव | 22348 |
| अब तक ठीक हुए | 21240 |
| अब तक कुल मौत | 238 |
| गंभीर हालत में | 26 |
| आईसीयू में भती | 08 |

## संक्षिप्त समाचार

### आयकर कर्मचारियों ने की एक दिवसीय भूख हड़ताल



**फरीदाबाद।** आयकर कर्मचारी महासंघ की ओर विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्ष यूनियन के महासचिव संदीप यादव और राजपत्रित अधिकारी संघ के महासचवि जितेंद्र कुमार गुप्ता ने की। हड़ताल में अनेक अधकारी व कर्मचारी शामिल रहे। महासिव संदीप यादव ने बताया कि विभाग में करीब दो साल से कर्मचारियों की पदोन्नती रुकी हुई है। इसे दोबारा शुरू करने की कई बार मांग की जा चुकी है मगर विभाग की ओर से कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। इसी तरह वर्षों से लगे कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग कई बार अधिकारियों के समक्ष रखी गई। इस पर भी अब कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार से मांग है कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। पदोन्नती को दाबरा शुरू किया जाए। इंपेक्टर को सीबीआई के अनुरूप वेतन दिया जाए। इंटर रीजन ट्रांसफर को दोबारा से शुरू हो। आयकर निरीक्षण प्रशासनिक अधिकारी व निजी सचिव को लैपटॉप का दिए जाएं। इस अवसर पर अधिकरी पतेंद्र मलिक, सुरजन समेत निरीक्षक अशोक कुमार, रविंदर चालिया, अशोक कुमार टोगरा आदि मौजूद रहे।

### मंदिर के पैसों पर उलझा विवाद

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद के सैयदवाड़ा स्थित श्रीमहावीर मंदिर पर गैर कानूनी तरीके से जबरदस्ती कब्जा करने व मंदिर के पैसों का गलत इस्तेमाल करने के मामले को सुलझाने के लिए ओल्ड फरीदाबाद थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों की बैठक बुलाकर एक सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया है, जो दोनों पक्षों के एकाउंट और दस्तावेजों की जांच करेगी, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। इसके उपरांत फैसला लिया जाएगा कि मंदिर पर किस पक्ष का अधिकार रहेगा। एसएचओ द्वारा गठित कमेटी में पार्षद सुभाष अहूजा, पार्षद विनोद भाटी, मंडल अध्यक्ष ओल्ड फरीदाबाद सचिन शर्मा, बजरंग सिंगला, अनिल गुप्ता, कृष्णदत्त शर्मा व अजीत राय को शामिल किया गया है। उक्त गठित कमेटी का स्वागत करते हुए सैयदवाड़ा ओल्ड फरीदाबाद निवासी 84 वर्षीय प्रमुख सेवादार मूलराज नन्द्राजोग पुत्र स्व. मेलाराम ने कहा कि वे मंदिर की सन् 1960 से देखरेख कर रहे हैं और जिसके प्रधान गिरधारी लाल थे, जिनका अब स्वर्गवास हो गया है और इस संस्था के सचिव अजित राय हैं और मंदिर कमेटी को अपने दिशा-निर्देश करते हुए व सभी मंदिर कमेटी के सदस्यों की राय लेते हुए इस मंदिर को सुचारू रूप से चला रहे थे। लेकिन बाद में कुछ अन्य लोगों की वजह से विवाद उत्पन्न हो गया।

### रोटरी ने बच्चों को भेंट की टी-शर्ट



**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल ने शुक्रवार को साईंधाम स्कूल के बच्चों को 100 रोटरी टी-शर्ट भेंट की। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसीपल मीनू गुप्ता द्वारा रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल की पूरी टीम का विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया गया। मीनू गुप्ता ने रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी क्लब दिन-प्रतिदिन अपने प्रयास से जिले में एक नया आयाम स्थापित कर रहा है। उनके इस तरह के प्रयासों के चलते आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को भी बेहतर शिक्षा भी मुहैया हो रही है। वहीं रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल के प्रधान जगदीश सहदेव ने बताया कि उनकी संस्था सामाजिक कार्यों में हमेशा से बढ़-चढक़र भाग लेती है इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने साईंधाम स्कूल में पढने़ वाले बच्चों के लिए 100 टी-शर्ट उपलब्ध कराईं।

### ऑनलाइन करें शिकायतों का निपटान : अपराजिता



**फरीदाबाद।** एसडीएम अपराजिता ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी प्रत्येक सप्ताह वीरवार तक सरल केन्द्रों पर आई हुई विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निपटान आनॅलाईन करना सुनिश्चित करें। एसडीएम अपराजिता ने यह निर्देश विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उपमंडल से सम्बन्धित सीएम विन्डो और सरल केन्द्रों पर शिकायतों के सम्बन्ध में अपने कार्यालय में दे रही थी। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी आनॅलाईन आई शिकायतों का निपटान आनॅलाइन ही करने के लिए एनआईसी के अधिकारियों और कर्मचारियों के तालमेल बनाकर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें।

### कोर्ट में सेनिटाइजर, मास्क और थैलों का वितरण



**फरीदाबाद।** कोविड-19 के संक्रमण के बचाव के लिए जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाते हुए समाजसेवी मोहन तिवारी ने सेक्टर-12 फरीदाबाद कोर्ट स्थित अपने कार्यालय पर कोर्ट कैंपस और चैंबर बिल्डिंग में काम करने वाले सफाईकर्मी, गॉर्ड, चपरासी आदि जरूरतमंद लोगों को सैनिटाइजर मास्क और थैले वितरित किये। तिवारी ने कहा कि इससे पहले भी उन्होने कोर्ट में काम करने वाले लोगो को थैले, सेनिटाइजर, मास्क आदि वितरित कर चुके है लेकिन दोबारा यहां के काम करने वाले सफाईकर्मियो, गॉर्ड, चपरासी आदि के कहने पर फिर से उनको सेनिटाइजर, मास्क, थैले आदि सामान देने का पुन: भरोसा दिए थे। जिसके तहत आज उन्होंने वितरण करा दिए। तिवारी ने सेनिटाइजर, मास्क और थैले वितरण करते समय सभी लोगों से अनुरोध किया की पॉलीथीन का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें, पर्यावरण बचाने के लिए जूट एवं कपड़े के थैले प्रयोग करें। समाजसेवी मोहन तिवारी ने कहा कि कोरोना का सबसे ज्यादा असर समाज के निम्न तबकों के लोगों पर पड़ा है

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**फरीदाबाद।** ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मरने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र करीब 65 साल है। इस मामले की जांच कर रहे सबइंस्पेक्टर सुभाष चंद ने बताया कि मृतक न्यू टाउन रेलवे स्टेशन पर पुल के नीचे मिला है। उसने सेंडो बनियान व लुंघी पहनी हुई थी। वह शुक्रवार सुबह रेलवे लाइन पार कर रहा था, तभी वह ट्रेन की चपेट में आया। पुलिस ने शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों को बुलाया, पर लोगों ने शव की पहचान करने से इनकार कर दिया। इसके चलते पुलिस ने शव बीके अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है।

## लूट की कोशिश करते दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** चौकी दयालबाग की टीम ने लूट की कोशिश करने वाले दो आरपियों मनोज कुमार व इश्तेयाक खान को दिनांक 15 अक्टूबर की रात को भरत विहार, दयालबाग से गिरफ्तार किया। 15 अक्टूबर की रात को चौकी दयालबाग की पीसीआर गश्त में थी जो गुप्त सुत्रों से पता चला की दो लोग रोड पर डंडा और रॉड से आती-जाती गाडियों को रुकवा कर लूटने की कोशिश कर रहे है। जिस सूचना पर पुलिस टीम भरत विहार शमशान घाट दयालबाग पर पहुंची वहां देखा कि दोनों आरोपी रोड़ पर जा रही गाड़ियों को रुकवाकर उन्हें लूटने की फ़िराक में थे कि उससे पहले ही उन्हें वहां से गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ के दौरान सामने आया की आरोपी मनोज कुमार ने वर्ष 2016 में एक स्नैचिंग की वारदात में 1 लाख 20 हजार रुपये, 1 मोबाईल, एक पिकअप गाडी छिनी थी। जिसमें इसे अदालत द्वारा 5 साल की सजा 25 हजार रुपए जुर्माना किया गया था। आरोपी मनोज जमानत पर जेल से बाहर आया हुआ था और इस दौरान आरोपी मनोज ने इस घटना को अंजाम देने की योजना बनाई थी। आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

## आज इन रास्तों पर मिल सकता है जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**नवरात्रे** शुरू हो गए है, जिससे आपको बीके हार्डवेयर रोड पर जाम का सामना करना पड़ सकता है। नवरात्र को देखते हुए पुलिस ने इस मार्ग पर तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ काली मंदिर और वैष्णो देवी मंदिर के सामने ट्रैफिक प्लान तैयार किया है, जिसके तहत हार्डवेयर चौक से बीके चौक की ओर आने वाले रास्ते को तिकोना पार्क से बंद रखा जाएगा। एक ही साइड में दोनों लेन खुली होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

जानकारी के मुताबिक शक्ति स्वरूपा मां जगदंबा की आराधना के लिए शरदीय नवरात्र शुरू हो रहे हैं और 25 अक्टूबर तक चलेंगे। इसके लिए भक्तों और मंदिरों के साथ ही पुलिस और प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। नवरात्र के दौरान बीके हार्डवेयर रोड पर वाहन लेकर निकलने से बचें। पुलिस ने इस रोड पर तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ काली मंदिर व वैष्णो देवी मंदिर के सामने हार्डवेयर से बीके चौक की ओर आने वाले रास्ते को तिकोना पार्क से पूरी तरह बंद रखने का प्लान तैयार किया गया है। मंदिर के सामने एक ही रोड पर दोनों साइड का ट्रैफिक चलने के चलते जाम की स्थिति बन सकती है। वहीं दुसरी तरफ बीके चौक से डबुआ कॉलोनी व टाउन नंबर दो की ओर जाने वाले लोगों को ईएसआई चौक होते हुए जाना बेहतर होगा। इसी तरह हार्डवेयर चौक से बीके चौक की ओर आने वाले लोगों के लिए बाटा चौक से होते हुए नीलम चौक या फिर टाउन नंबर एक के रास्ते बीके चौक पर आना अच्छा रहेगा।

## निजी स्कूल पर वार्षिक शुल्क मांगने का आरोप

### मंच ने चेयरमैन एफएफआरसी से की शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हाईकोर्ट** की डबल बेंच द्वारा दिए गए फैसले पर शिक्षा निदेशक पंचकूला द्वारा स्कूलों को दिए गए निर्देशों का प्राइवेट स्कूलों पर कोई असर नहीं है। कई स्कूल प्रबंधक अपने पेरेंट्स पर ट्यूशन फीस के अलावा एनुअल चार्ज, कंप्यूटर फीस आदि फंडों में तिमाही आधार पर फीस जमा कराने के लिए दबाव डाल रहे हैं ऐसा न करने पर 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना करने की बात कह रहे हैं। हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने स्कूलों की इस मनमानी पर नाराजगी प्रकट करते हुए चेयरमैन एफएफआरसी कम मंडल कमिश्नर संजय जून को पत्र लिखकर ऐसे दोषी स्कूलों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है। मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व जिला सचिव डॉ मनोज शर्मा ने सभी पेरेंट्स से कहा है कि वे सिर्फ गत वर्ष की ही बिना बढ़ाएगी ट्यूशन फीस मासिक आधार पर जमा कराएं इसके अलावा अन्य किसी फंड में एक भी पैसा न दें जो स्कूल प्रबंधक अन्य फंडों की मांग कर रहे हैं उनके नोटिस को लगाकर चेयरमैन एफएफआरसी के पास लिखित में शिकायत दर्ज कराएं और उसकी एक प्रति मंच के जिला कार्यालय चेंबर नंबर 56 जिला कोर्ट फरीदाबाद में भी दें। मंच के जिला अध्यक्ष एडवोकेट शिवकुमार जोशी ने कहा है कि हाईकोर्ट ने यह भी फैसला दिया है कि स्कूल प्रबंधक अपने सभी अध्यापकों व स्टाफ को वही पूरी तनख्वाह दें जो वे मार्च 2020 से पहले दे रहे थे, लेकिन मंच की जानकारी में आया है कि अभी भी स्कूल प्रबंधक अपने अध्यापक व स्टाफ को कोई भी तनख्वाह नहीं दे रहे हैं या आधी अधूरी दे रहे हैं।

## स्नेचिंग और चोरी के जुर्म में एक गिरफ्तार



**फरीदाबाद ।** क्राइम ब्रांच-48 की टीम ने एक आरोपी सौरव को लूट और चोरी के मुकदमों के तहत गिरफ्तार किया है। आरोपी सौरव फतेहपुर तगा, फरीदाबाद का रहने वाला है। पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने अपनी गर्लफ्रेंड को दिखाने के लिए कि वह बहुत अमीर है, उसने अपने साथियों आकाश और धर्मेन्द्र के साथ मिलकर 4 सितम्बर को सेक्टर-55 में एक व्यक्ति से कट्टे के बल पर मोबाइल और पर्स छीन लिया था। पुलिस टीम द्वारा मोबाइल व वारदात में प्रयोग किया गया मोटरसाइकिल व 4000 रुपये नगद बरामद किए गए। आरोपी पर स्नेचिंग और लूट के दो मुकदमे फरीदाबाद में दर्ज हैं। उसने बताया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड को दिखाने के लिए कि वह बहुत अमीर है, इसलिए इन वारदातों को अंजाम देता था। आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है तथा उसके साथियों आकाश और धर्मेन्द्र की तलाश की जा रही है।

# सभी मंदिर तैयार, आज होगी मां शैलपुत्री की पूजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**कोरोना** महामारी के दौरान पूरे बचाव के साथ आज से शुरू होने वाले नवरात्रों को लेकर शहर के सभी मंदिर सजकर तैयार है। शुक्रवार को घरों और मंदिरों में पूजा करने की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। पहले दिन शनिवार को कलश स्थापना के साथ अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी। ज्यादातर लोग पहले व अंतिम दिन और कुछ लोग पूरे नवरात्र व्रत रखेंगे।

**कोरोना से बचाव**

कोरोना महामारी को देखते हुए इस बार मंदिरों में मां के दर्शन को पहुंचने वाले भक्तों को दर्शन देरी से नसीब होंगे, क्योकि इस बार बिना सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क के आप मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। मंदिर में इस बार मां के भजनों के साथ कोरोना से बचाव का सदेंश दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को दिया जाएगा। वहीं सेनिटाइज करने के बाद ही मंदिर के भीतर प्रवेश दिया जाएगा।

**प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पुजा**

एनआईटी पांच नंबर स्थित राधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक मुनिराज ने बताया कि नवरात्रों में मां अपने अलग-अलग रूपों के अनुरूप भक्तों को आर्शीवाद देती है। शनिवार को पहले नवरात्रे के दिन मां शैलपुत्री की पुजा की जाती है। शास्त्रों के अनुसार मां भगवती सती एक बार अगस्त ऋषि के आश्रम में सत्संग के लिए गई थी। उस दौरान वहां सती ने ईश्वर की अवेहलना की। जिसके कारण भगवान द्वारा उन्हें श्राप दिया गया था। इस श्राप के कारण उन्होंने हिमालय की पुत्री बनकर जन्म लिया। जिसके बाद आशुतोष भगवान शिव के साथ विवाह कर अपना जीवन व्यतीत किया। जिसके कारण उन्हें शैलपुत्री अथवा पार्वती के रूप में जाना जाता है। वह अपने एक हाथ में पुस्तक लिए बैल पर सवार होकर भक्तों को धन व शांति देती हैं। मुनिराजजी ने बताया कि प्रथम दिवस कलश की स्थापना के साथ शैलपुत्री का पूजन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि कुंवारी लड़कियों को वर प्राप्ति का वरदान मांगना है तो वह आज संकल्प धारण कर दही का भोग मां को लगाकर वर की मांग कर सकती है। वह मां को बली के रूप में नारियल फोड़ कर चढ़ा सकती है।

### ज्वाला जी की जोत

हर बार की तरह महारानी वैष्णों देवी मंदिर संस्थान में माता की जोत ज्वाला जी से लाई गई ज्योति से प्रज्जवलित की जाएगी। मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि सुबह आठ बजे माता की ज्योत प्रज्जावलित की जाएगी। इस दौरान दुर्गा पूजा, कलश स्थापना का भी कार्यक्रम है। इस बार मंदिर में होने वाली चौकी में कोरोना के कारण 50 व्यक्तियों की अनुमति होगी। चौकी दिन में दो से तीन बार होगी। उन्होंने बताया कि अष्टमी के दिन मां का जागरण होगा। उसमें भी मात्र 40 से 50 लोग ही शामिल हो सकेंगे। कोरोना को देखते हुए भंडारे का आयोजन नहीं किया जा रहा है। प्रसाद के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है।

## भतीजे की हत्या का बदला लेने आया था कुल्लू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**क्राइम** ब्रांच सेक्टर-30 की टीम व साइबर सेल फरीदाबाद की टीम के संयुक्त पुलिस कार्यवाही करते हुए फरीदाबाद पुलिस के मोस्ट वांटेड दो लाख के इनामी बदमाश कुलभूषण उर्फ कुल्लू को मुठभेड़ के बाद बीती शाम गिरफ्तार किया। दोनों पैरों में गोली लगने से उसे बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के पश्चात् आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। नचौली गांव निवासी कुल्लू पर हत्या, हत्या के प्रयास, जान से मारने की धमकी, फिरौती व हाथ पैर तोड़ने के करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

सहायक पुलिस आयुक्त, आदर्शदीप सिंह ने बताया कि 15 अक्टूबर की शाम के समय गुप्त सूत्रों ने सूचना दी थी कि कुलभूषण उर्फ क कुल्लू जो अपनी इको स्पोर्ट नीले रंग की गाड़ी में 9 सितम्बर को हुई अपने भतीजे अनीष उर्फ़ अन्नू की हत्या का बदला लेने की भावना से रैकी करने के लिए शूटिंग रेंज के रास्ते सूरजकुंड के एरिया में आने वाला है।

डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा व एसीपी क्राइम अनिल कुमार के दिशा निर्देशों पर कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 व साइबर सेल की टीम के सदस्य इंस्पेक्टर विमल राय, इंस्पेक्टर संदीप मोर, अनूप सिंह, हवलदार यशपाल, हवलदार वसीम, हवलदार दिनेश, सिपाही मनोज, सिपाही योगेश, सिपाही मनजीत ने शूटिंग रेंज वाले रस्ते पर कांत इन्क्लेव के पास नाकाबंदी कर दी।

जैसे ही कुलभूषण वहां पहुंचा तो पुलिस टीम को देखकर उसने अपनी गाड़ी कांत इन्क्लेव की तरफ मोड़ दी। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और जब उसे सरेंडर करने के लिया कहा तो आगे रास्ता न मिलने की वजह से गाड़ी से उतरकर जंगल की तरफ भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग करने लगा। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्यवाही करते हुए फायरिंग की। जिसमे आरोपी के एक पैर में गोली लगी। गोली लगने के पश्चात् भी जब वह नहीं रुका तो उसे रोकने के लिए गोली चलाई गई जो उसके दूसरे पैर में लगी। फायरिंग से बचते समय क्राइम ब्रांच इंचार्ज इंस्पेक्टर विमल को भी घुटने में चोट लगी है।

# फोटो खिचवाने तक ही सीमित रह गया स्वच्छता पखवाड़ा

## तावडू के हर चौक चौराहे पर कूड़ा फेंकते हैं लोग

## प्रतिदिन धुंएं के गुबार में उड़ता है स्वच्छता पखवाड़ा

पायनियर समाचार सेवा । तावडू



बावला मोड़ पर कूड़े के ढेर से निकलता धुएं का गुबार।

दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती से शुरू हुआ स्वच्छता पखवाड़ा 17 अक्टूबर तक चलेगा। यानि इस पखवाड़े की समाप्ति में केवल एक दिन शेष है। इस दौरान शहर की सफाई व्यवस्था व अतिक्रमण का जायजा लेने पर पाया कि यहां स्वच्छता पखवाड़ा केवल फोटो सेशन तक सीमित रहा है। न तो विधायक ने ही इस पखवाड़े ने गंभीरता से लिया और न ही स्थानीय प्रशासन, नगरपालिका व लोगों ने। जिसके चलते तावडू शहर अब भी हर और गंदगी व अतिक्रमण से पटा पड़ा है।

दो अक्टूबर को सरकार ने प्रदेश भर में पंद्रह दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत की। विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता पखवाड़े का बिगुल बजाया, लेकिन मूल धरातल पर यह पखवाड़ा केवल फोटो सेशन तक सीमित रह गया। स्वच्छता व अतिक्रमण एक दूसरे के पूरक हैं। क्योंकि बगैर अतिक्रमण से मुक्ति के स्वच्छता की कल्पना करना बेमानी जैसा है।

वहीं रामलीला मैदान में विधायक ने झाड़ू लगाई यहां भी हर और खरपतवार व पेशाब से पटी दीवारें देखी जा सकती हैं। शहर की नाली व नाले गंदगी से पटे पड़े हैं। शहर का कोई ऐसा चौक-चौराहा नहीं जहां सुबह व शाम लोग कूड़ा न फेंकते हों। शहर के बीचोंबीच स्थित बावला मोड़ पर तो प्रतिदिन कूड़े के बड़े ढ़ेर में धुएं का गुबार उठता है। यहां तक की बायोमेडिकल वेस्ट को भी सड़कों पर पर डाला जाता है। नगरपालिका प्रशासन ने न जाने कितनी ही बार लोगों से डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले टेंपो टिपर वाहन में कूड़े को पृथक (सूखा व गीला कूड़ा) करके डालने की अपील कर ली लेकिन स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाने वाली शहर की जनता को इससे सरोकार नहीं। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा का कहना है कि तावडू को जल्द अतिक्रमण से मुक्त करेंगे। वहीं स्वच्छता पखवाड़े की विस्तृत रिपोर्ट ली जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## नवनियुक्त चेयरमैन राकेश दौलताबाद का किया स्वागत



फर्रुखनगर। दोहली संघर्ष समिति के संस्थापक कृष्ण शर्मा पातली, समिति के चेयरमैन राजबीर शर्मा सैहदपुर की अगुवाई में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हल्का बादशाहपुर विधायक राकेश दौलताबाद को हरियाणा सरकार द्वारा कृषि उद्योग निगम का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर बधाई दी गई। उनका भव्य सम्मान किया गया। विधायक एवं नवनियुक्त चेयरमैन राकेश दौलताबाद ने क्षेत्रवासियों का आभार प्रकट करते हुए, कहा कि यह क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद का ही परिणाम है कि उन्हें सरकार द्वार चेयरमैन पद के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने विश्वास दिलवाया कि वह अपने पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए हरियाणा प्रदेश के किसानों के हितार्थ कार्य करेंगे। हल्का बादशाहपुर में विकास को गति दी जा रही है, ताकि लम्बे समय से उपेक्षा की मार झेलते आ रहे लोगों को राहत मिले। उन्होंने चुने हुए जनप्रतिनिधियों से भी अपील करते हुए कहा कि वह आपसी गुटबाजी को छोड़कर क्षेत्र के विकास में अपनी भागीदारी निभाये। ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े। इस मौके पर संदीप एडवोकेट, पार्षद अशोक कोहली, रायसिंह जाटव, सोनू यादव, सरपंच इन्द्रजीत शर्मा, होशियार सैनी, पूर्व बैंक अधिकारी कुदुराम सैनी, देवदास प्रधान आदि मौजूद थे।

## क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने के लिए पुलिस का सहयोग करें



नूंह। क्षेत्र को पूरी तरह अपराध मुक्त बनाने के लिए आमजन को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए। जुआ, सट्टा, चोरी, लूट डकैती जैसी घटनाओं की तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि इस तरह के अपराध पर काबू पाया जा सके। ये बातें चांदडाका पुलिस चौकी इंचार्ज नरेंद्र कुमार ने कहीं। उन्होंने कहा कि पुलिस हर वक्त जनता के सहयोग में हाजिर है। इसीलिए जनता का भी कर्तव्य बनता है कि पुलिस का सहयोग किया जाए। जनता के सहयोग से क्षेत्र को पूरी तरह अपराध मुक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पीओ, बेल जंफर, भगौडे आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करके जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। इसके अलावा जो लोग पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं और पुलिस को चकमा दे रहे हैं, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। चौकी इंचार्ज नरेंद्र कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर स्वयं चौकी आए, किसी बिचौलिया को अपने साथ लाने की आवश्यता नहीं है। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्त भी बढा दिया गया है। क्षेत्र में रात या दिन में किसी तरह की कोई अनहोनी घटना न हो इस पर पुलिस पैनी नजर बनाए हुए है।

## प्रभात फेरी से शुरू होंगे महाराजा अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम

पलवल। श्रीवैश्य अग्रवाल सभा पलवल द्वारा 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली महाराजा अग्रसेन जयंती की शुरुआत शनिवार को प्रातः 5 बजे से मीनार गेट स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पूजा करने के उपरान्त प्रभात फेरी से होगी। जिसका शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चीनी मिल के वाइस चैयरमैन देवी चरण मंगला करेंगे। जिसका समापन खेड़ेवालान धर्मशाला में स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में होगा। सेठ चुनीलाल धर्मशाला में हवन, यज्ञ तथा भजनों का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि आर्य समाज शहर के प्रधान यशपाल मंगला होंगे। रात्रि को मीनार गेट स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर सभा की महिला इकाई के संयोजन में दीपोत्सव समारोह होगा। जिसकी अतिथि पलवल के विधायक दीपक मंगला की पत्नी मोनिका मंगला तथा उद्यमी एवं समाजसेवी पूनम बंसल अतिथि होंगी।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

पलवल। अलग-अलग थाना अंतर्गत हुई सड़क दुर्घटनाओं में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला व 45 वर्षीय व्यक्ति मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता मनजीत सिंह के अनुसार गांव घुघेरा निवासी हरवीर ने शहर थाना पुलिस को शिकायत दी है कि 15 अक्टूबर को मां बुधन देवी दवाई लेने के लिए गई थी। जिनको अल्लीका मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पीड़ित ने अपनी घायल मां को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान उनकी मां की मौत गई। इसी प्रकार गांव सागरपुर (बल्लभगढ़) निवासी मनोज ने गदपुरी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि 14 अक्टूबर वह पिता यशवंत के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। रास्ते में बाइक खराब हो गई। पिता-पुत्र बाइक को पैदल लेकर जा रहे थे कि गांव बघौला के समीप बल्लभगढ़ की तरफ से आई तेज रफ्तार कार ने उसके पिता यशवंत को टक्कर मार दी। जिससे पिता की मौत हो गई। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अपने अस्पतालों और लेबोरेट्री को कराएं पंजीकृत

गुरुग्राम। जिले में क्लीनिकल एस्टेबलिशमेंट एक्ट के लिए गठित जिला रजिस्ट्रेंग अथॉरिटी की पहली बैठक उपायुक्त अमित खत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने जिला में संचालित हो रहे अस्पतालों तथा लेबोरेट्री को इस एक्ट के तहत स्वयं को रजिस्टर करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे अस्पतालों तथा लेबोरेट्रियों की आम जनता में विश्वसनीयता बढ़ेगी। इस एक्ट के तहत जिला में अब तक 51 बैड से अधिक क्षमता वाले 23 अस्पतालों तथा 192 लैबोरेट्री ने अपना प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन करवाया है। बैठक में उप सिविल सर्जन डा. अनुज गर्ग ने बताया कि क्लिनिकल एस्टेबलिशमेंट एक्ट सन 2010 में बना था और इस एक्ट के अंतर्गत हरियाणा सरकार ने सन 2018 में रजिस्ट्रेशन तथा रेगुलेशन नियम लागू किए। एक्ट में दिए गए प्रावधान के अनुसार 51 बैड से अधिक क्षमता वाले अस्पतालों को रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। अभी तक हरियाणा में इस एक्ट के तहत अस्पतालों का प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है जिसे हर साल रिन्यू करवाना होता है।

# रामजी हुए अवतरित, बड़े होकर किया राक्षसों का संहार

## रामजी के जन्म पर जैकमपुरा बन गया अयोध्या नगरी

### रामलीला में राम जन्म की खुशियों में झूमे लोग

### रामलीला के मंचन को देख आनंदित हो रहे लोग

पायनियर समाचार सेवा । गुरुग्राम



गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित श्रीदुर्गा रामलीला में मंचन करते कलाकार।

रामलीला मंचन के दूसरे दिन गुरुवार को राम जन्म की लीला का मंचन हुआ। रामजन्म पर लोगों ने नाच-गाकर खुशियां मनाईं। इसके बाद रामचंद्रजी बड़े हुए और फिर राक्षसों का भी सर्वनाश किया।

श्रीदुर्गा रामलीला जैकमपुरा में गुरुवार को रामप्रकाश ठाकुर, देवेंद्र जैन, अशोक भास्कर, नरेश सैनी, जेबी गुप्ता ने व्यवस्था में अहम भूमिका निभाई। वहीं गगन गुलाटी व एक आवाज संस्था के पर्यावरण सैनिकों ने भी सुरक्षा का जिम्मा संभाला। राजा दशरथ की भूमिका में राजकुमार बिजली ने बेहतरीन अभिनय किया। राम जन्म से पूर्व दिखाई गई लीला में दर्शाया गया कि देवताओं को राक्षसों द्वारा परेशान किया जा रहा है।

विष्णु भगवान से आराधना की गई कि वे अवतार लेकर इनका सर्वनाश करें। राजा दशरथ का दरबार सजाया गया। राजा दशरथ को अपने महल में चिंतित दिखाया गया। राजा दशरथ तीन रानियों के होते हुए एक भी संतान नहीं होने को लेकर दुखी थे। इस दुख की घड़ी में उन्होंने मुनि वशिष्ठ के आश्रम में दस्तक दी और वशिष्ठजी से अपनी चिंता का इस तरह से कारण बताया-विवाह कर चुका तीन, फिर भी न मनोरथ सिद्ध हुआ। इस पर मुनि वशिष्ठ ने एक उपाय बताया कि वे अपने महल में हवन-यज्ञ करें। वह हवन भृंगि ऋषि से कराएं।

राजा दशरथ ने वैसा ही किया। इस दौरान मुनिजी की ओर से भेंट की गई खीर को तीनों रानियों कौशल्या, कैकेयी व सुमित्रा को खिला दिया। इस खीर को खाने से तीनों रानियों को चार बेटे हुए। लीला के मंच पर राम (करण बक्शी) लक्ष्मण (समीर तवर) भरत (कुणाल शर्मा) व शत्रुघ्न (भावेश सलुजा) के जन्म की जो खुशियां मनाई गई, वे बड़े ही आनंददायी रहीं। बहुत ही धार्मिकमय माहौल में यहां पर राम जन्म की खुशियां मनाई गईं। राम जन्म की बधाई पर इस बार कोरोना के संक्रमण बचाव के हर वर्ष आने वाले किन्नरों की बधाई रामलीला के प्रधान लवली सलूजा ने फोन के माध्यम से ली। रामलीला के कलाकारों द्वारा संगीत के माध्यम से बधाईयां देने के गीतों पर खूब नृत्य किया। इसके बाद सभी राजकुमारों का बड़े ही बेहतर तरीके से लालन-पालन हुआ। उनको शिक्षा-दीक्षा दिलवाई गई। इसके बाद राम ने ताड़का राक्षसी का वध करके धरती को पाप से मुक्त करने का प्रयास शुरु किया गया। ताड़का के बाद सुबाहू व मारीच का भी वध किया गया।

# गुरुग्राम और फरीदाबाद में डीजी सेट पर प्रतिबंध

## पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए लिया गया निर्णय

गुरुग्राम। जिले में पर्यावरण प्रदूषण को लेकर जिला प्रशासन ने सक्रियता दिखाई है। अब जारी आदेशों में कहा गया है कि गुरुग्राम जिले में पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम एवं नियंत्रण) प्राधिकरण (ईपीसीए) के निर्देशों को अमलीजामा पहनाने के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है। जारी आदेशों में कहा गया है कि आवश्यक तथा आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर गुरुग्राम व फरीदाबाद में डीजी सेट के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

ईपीसीए ने गुरुग्राम सहित दिल्ली एनसीआर में वायु की गुणवत्ता कम होने की वजह से 15 अक्टूबर से ग्रेडिड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत उपाय लागू करने के निर्देश दिए थे। ईपीसीए के निर्देशों की पालना में उपायुक्त अमित खत्री ने आदेश जारी करते हुए सभी सरकारी विभागों तथा एजेंसियों को उनकी अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा है। ईपीसीए ने कुछ आवश्यक सेवाओं जैसे मेडिकल उद्देश्यों के लिए अस्पताल, नर्सिंग होम तथा स्वास्थ्य सुविधाओं, लिफ्ट, ऐस्केलेटर, रेलवे स्टेशन, मेट्रो रेल कारपोरेशन सेवाएं जिसमें उनकी ट्रेन और मेट्रो स्टेशन व एयरपोर्ट तथा अंतराज्यीय बस टर्मिनल को डीजी सैट प्रयोग के प्रतिबंध से मुक्त रखा है। इसी प्रकार, बिजली विभाग को परामर्श दिया गया है कि वह डीजी सैटों के प्रयोग को रोकने के लिए इन दोनो शहरों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें, ताकि आमजनता को असुविधा ना हो। उपायुक्त के आदेशों में बड़ी निर्माण परियोजनाओं जैसे हाईवे और मेट्रो को निर्देश दिए गए है कि वे राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को यह अंडरटेकिंग देंगे कि वे धूल प्रबंधन संबंधी निर्धारित मानक तथा गाइडलाइन्स का पालन सुनिश्चित करेंगे। प्रदूषण की दृष्टि से सभी उद्योगों को लाल और नारंगी श्रेणियों में विभाजित कर दोनो प्रकार के उद्योगों से यह शपथ पत्र देने को कहा गया है कि वे केवल अधिकृत ईंधन का ही प्रयोग करेंगे और प्रदूषण नियंत्रण के पर्याप्त उपायों के बगैर संचालन नहीं करेंगे। यह शपथ पत्र उन्हें राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को देना है। जिला में चिन्हित प्रदूषण हॉट-स्पॉट के लिए बनाई गई कार्य योजना की पालना सुनिश्चित करने के आदेश देते हुए संबंधित अधिकारियों को रात में भी गश्त लगाने के लिए टीमें गठित करने के लिए कहा गया है। आदेशों मे उपायुक्त ने यह भी कहा है कि ईपीसीए ने अपने फील्ड में विजिट के दौरान जो कमियां पाई हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए और उस संबंध में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा ईपीसीए को रिपोर्ट भेजी जाए।

## आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को मिली छात्रवृत्ति

गुरुग्राम। शुक्रवार को एमएम फाउंडेशन ने साक्षर पहल की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य समाज के जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग करना है।

ऑनलाइन मंचों द्वारा प्रसारित इस कार्यक्रम में 45 जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई, ताकि वे अपनी शिक्षा को जारी रख सकें और करियर का निर्माण कर सकें। इस प्रोग्राम के तहत एक वर्ष में 4000 बच्चों को छात्रवृत्ति देने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल में छात्रवृत्ति ग्रहण करने वालों में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा स्तर तक के छात्र शामिल हैं। एमएम फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ने कहा कि शिक्षा, समग्र सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवर्तक है। इस पहल का उद्देश्य समाज के असहाय छात्रों को उनकी शिक्षा के खर्च को कवर करने के लिए, उन्हें छात्रवृत्ति देकर उनकी सहायता करना है।

# संदीप मलिक नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा । सोहना

नगर परिषद कार्यालय में अधिकारियों के तबादलों को लेकर पिछले तीन माह से चली आ रही उठा-पटक पर विराम लग गया है। संदीप मलिक परिषद के कार्यकारी अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। जल्द ही परिषद एक्सईएन के खाली पद पर नियुक्ति होने की संभावना जताई जा रही है।

सोहना नगर परिषद में बीते करीब तीन माह से अधिकारियों के तबादलों का सिलसिला चला आ रहा है। इन तीन माह में जहां परिषद के कार्यकारी अधिकारी का दो बार तबादला हो गया। इसके साथ परिषद के एक्सईएन अजय पंघाल को तबादला होने पर दोनों ही मुख्य अधिकारियों का तबादला होने से परिषद कार्यालय में कामकाज की गति पर ब्रेक लग गया था। प्रशासनिक अधिकारियों ने परिषद कार्यालय के कामकाज को फिर से पटरी पर लाने के लिए संदीप मलिक को कार्यकारी अधिकारी के पद पर नियुक्त कर दिया है।

जल्द ही एक्सईएन के खाली पद को भरे जाने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। पिछले करीब 15 दिनों से परिषद में कार्यरत परिषद अभियन्ता विशाल ठाकरान उच्चाधिकारियों के पद को संभाले हुए थे। संदीप मलिक इससे पूर्व भी सोहना परिषद विभाग में सन 2016 में सचिव पद पर रह कर कार्य कर चुके हैं।

# आज से मां दुर्गा के नवरात्रे शुरू शीतला मां मंदिर में तैयारी पूरी

## आज उपासक करेंगे मां शैलपुत्री की उपासना

पायनियर समाचार सेवा । गुरुग्राम



संकल्प शक्ति के साथ ईश्वरीय शक्ति का मेल हर मनोरथ को पूर्ण कर सकता है। शारदीय नवरात्रों का यही संदेश है। प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए, कोरोना संकट काल में मां दुर्गा के नवरात्रे शनिवार से प्रारंभ हो रहे हैं।

मां दुर्गा के 9 स्वरुपों का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप को शैलपुत्री के नाम से जाना जाता है। प्रथम नवरात्रे पर आज जहां उपासक मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप मां शैलपुत्री की पूरे विधि विधान के अनुसार उपासना करेंगे, वहीं मां दुर्गा के व्रत भी रखेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि जो उपासक मां भगवती दुर्गा की शरण में आ जाते हैं, उनका कभी कोई अमंगल नहीं होता। मां दुर्गा की शक्तियां विषम परिस्थितियों में भी अपने उपासकों की रक्षा करती है। शैलराज हिमालय की पुत्री के रुप में जन्मी मां दुर्गा के प्रथम रुप का नाम शैलपुत्री है। मां शैलपुत्री पार्वती और हेमवती नामों से भी जानी जाती हैं। मां का वाहन वृषभ है और इनके दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का फूल है। मां भगवती की विशेष कृपा प्राप्ति हेतु षोडशोपचार पूजन के बाद नियमानुसार उपासकों को गाय का घृत मां को अर्पित करना चाहिए और फिर वह घृत ब्राह्मण को दे देना चाहिए। माना जाता है कि जो उपासक मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना करते हैं, वे कभी रोगी नहीं होते। मां की पूजा अर्चना करने से मनवांछित फल मिलता है। मां सभी का उद्धार करती हैं।

# बर्खास्त शारीरिक शिक्षकों का क्रमिक अनशन रहा जारी

पायनियर समाचार सेवा । पलवल

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ एवं शारीरिक शिक्षक संघर्ष समिति के संयोजन में नौकरी बहाली को लेकर क्रमिक अनशन 124वें दिन भी जारी रहा। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रधान वेदपाल और महासचिव गीतेश कुमार ने कहा कि पीटीआई की नौकरी बहाली को लेकर मुख्यमंत्री ने पूरा आश्वासन दिया था, जिसमें दो सप्ताह में समस्या समाधान की सहमति बनी थी, लेकिन मामले को लटकाने तथा दिन प्रतिदिन की देरी कर्मचारियों में बेचैनी तथा रोष पैदा करने वाली है। जिसको किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ सरकार से मांग करता है कि सरकार होने वाली मंत्रीमंडल की बैठक में शीघ्र पीटीआई की नौकरी बहाल करने का फैसला ले। शारीरिक शिक्षक नेताओं जोगिंदर सुनील, प्रेमचंद, प्रताप, रमेश, सतीश, रामपाल और राजेश ने सरकार से मामले को जल्द सुलझाने की अपील करते हुए इंसाफ मिलने तक संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया। इस मौके पर हरिचंद वर्मा, राकेशशर्मा, महेश चंद, वीरसिंह, बलजीत सिंह, सुरेंदर, जमील, बिजेंद्र, दयाचंद, रविंदर, सतवीर, डालचंद, रामवीर, राजेंद्र, उमेद, सरला, उर्मिला, जगवती और सोमवती आदि उपस्थित रहे।

## निहंग जत्थे का तावडू में हुआ सम्मान

तावडू। हजूर साहिब महाराष्ट्र के लिए, निहंग जत्था श्री अमृतसर साहिब से हर साल इसी समय प्रस्थान करता है। यह जत्था गुरुद्वारा खोरी में था। जत्थे में करीब 40 निहंग हां। बाबा बलदेव सिंह जत्थेदार ने तावडू से गए लोगों को वाताल्जप की। सभी ने उनका चरण-वंदन किया और उन्होंने मिलने आए लोगों को अपना आशीष दिया। बाबा बलदेव सिंह जत्थेदार को तावडू की तरफसे श्रद्धानुसार 51 हजार 500 रुपये की राशि भेंट स्वरूप प्रदान की गई। इस अवसर पर खोरी गुरुद्वारा प्रांगण में सुनील जिंदल, रामबाबू गर्ग, महेंद्र गोयल, टेकचंद सैनी, मुकेश सोनी, शिवकुमार मक्कड़, मुकेश शर्मा, गोविंद चांदना, नरेंद्र सिंह और धर्मेन्द्र भारद्वाज उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक छत्तरपाल सिंह की पुण्यतिथि पर हुआ कबड्डी टूर्नामेंट

## टूर्नामेंट कैंसिल कराने को नोएडा प्रशासन पर विरोधियों का दवाब नहीं आया काम

पायनियर समाचार सेवा । नोएडा



नोएडा के जेवर क्षेत्र में पूर्व विधायक छत्तरपाल सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सिकंद्राबाद के पूर्व विधायक राजेंद्र सोलंकी, मनजीत सिंह ठाकुर।

जेवर विधानसभा क्षेत्र के पहले विधायक ठाकुर छत्तरपाल सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर शुक्रवार को प्रो कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट ठाकुर छत्तरपाल सिंह के पौत्र एवं बीजेपी के कद्दावर युवा नेता मनजीत सिंह ठाकुर ने करवाया। खास बात यह रही कि इस टूर्नामेंट के लिए अनुमति देने वाले नोएडा प्रशासन को ऐन वक्त पर अनुमति को वापस ले लिया।

इसके बाद नोएडा के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह की ओर से अनुमति दी गई। क्षेत्र में इस बात की चर्चा जोरों पर रही कि मनजीत सिंह का राजनीति में बढ़ता कद देखते हुए विरोधियों ने टूर्नामेंट में अड़ंगा लगाने का प्रयास किया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सिकंद्राबाद के पूर्व विधायक राजेंद्र सोलंकी ने किया। उन्होंने ठाकुर छत्तरपाल सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए याद किया। उनके द्वारा क्षेत्र के लिए कराए गए, विकास कार्यों का भी स्मरण कराया। इस मौके पर मुंबई से फिल्म निर्माता-निर्देशक मुकेश कुमार मासूम भी उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि ठाकुर छत्तरपाल सिंह उनके गुरु के समान थे। उन्होंने जेवर में बनने वाली फिल्म सिटी का नाम पूर्व विधायक ठाकुर छत्तरपाल सिंह के नाम पर रखने की मांग भी सरकार से की। मौके पर सर्व हितकारी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह भाटी, पूर्व अध्यापक महेंद्र भाई, पूर्व मेयर भूदेव सिंह, बीजेपी नेता सुरेश चंद शर्मा, ठाकुर करनेश सिंह, किशोर सिंह, ठाकुर शेर सिंह, विनोद चौहान, डाक्टर धर्मपाल, संजय पुजारी विशेष रूप से उपस्थित हुए।

दयानतपुर की टीम ने मुकाबला जीता : टूर्नामेंट का पहला मुकाबला दयानतपुर और फैलेदा के बीच हुआ, जिसमें दयानतपुर की टीम ने मुकाबला जीता। टूर्नामेंट के दौरान कोरोना से बचाव को मास्क पहनने के नियम का पूरी तरह से पालन किया गया। आयोजक मनजीत सिंह ठाकुर और प्रमोद ठाकुर ने सभी गणमान्य लोगों का फूल मालाएं पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मीडिया से बातचीत में मनजीत सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम हर साल करवाया जाता है। आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। क्योंकि ठाकुर छत्तरपाल सिंह का खेलों के प्रति विशेष लगाव था।

# साढ़े तीन माह बाद तहसील में फिर से रजिस्ट्रियां पंजीकरण होना शुरू

पायनियर समाचार सेवा । सोहना



सोहना तहसील कार्यालय में टोकन काटता कर्मचारी।

तहसील में करीब साढे तीन माह के बाद रजिस्ट्री पंजीकरण का कार्य शुरू हुआ। राजस्व विभाग ने 7ए की रजिस्ट्रियों पर पूर्णरुप से रोक लगा रखी थी। इसके अलावा अवैध कॉलोनियों के प्लाटों की रजिस्ट्री भी नहीं हो सकेंगी।

सोहना तहसील कार्यालय में पिछले साढे तीन माह से बंद रजिस्ट्री पंजीकृत करने का कार्य फिर से शुरु कर दिया है, लेकिन रजिस्ट्री कराने के लिए, जमीन विक्रेता को एनओसी दिखाना अनिवार्य होगा। अवैध प्लाटों की रजिस्ट्रियां पर प्रतिबंध लगने तथा

### क्या कहते हैं अधिकारी

सोहना तहसीलदार बिजेंद्र राणा का कहना है कि तहसील में पंजीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। 7ए की रजिस्ट्री नहीं हो सकेंगी। जबकि दूसरे सभी दस्तावेज पंजीकृत किये जा रहे हैं।

एनओसी लागू होने के कड़े नियम को देखते हुए तहसील परिसर में लोगों की भीड़ कम नजर आ रही है। जिसके चलते तहसील कार्यालय में राज्य सरकार को मिलने वाला राजस्व घटा है। मालूम रहे कि सोहना तहसील प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व की कमाई कराने में प्रथम स्थान पर आती है। आज अवैध प्लॉटों की रजिस्ट्रियों पर लगाम कसने तथा एनओसी लाने के नियम से राजस्व घट गया है।

# बरोदा हलके की तस्वीर बदल दूंगा : योगेश्वर दत्त

### भाजपा प्रत्याशी योगेश्वर दत्त ने नामांकन पत्र भरा

### पहलवान योगेश्वर ने देश का नाम विदेशों में भी ऊंचा किया : बालियान

**रणबीर सिंह रोहिल्ला।** सोनीपत


नामांकन से पहले भाजपा कार्यालय में मौजूद पहलवान योगेश्वर दत्त और अन्य।

**भारतीय** जनता पार्टी के बरोदा विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी योगेश्वर दत्त ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र भरा। इससे पूर्व भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने योगेश्वर दत्त का स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, करनाल से सांसद संजय भाटिया, कृषि मंत्री जेपी दलाल, जिला अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, रामविलास शर्मा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, सांसद धर्मवीर, कृष्ण लाल पंवार, विधायक कमलेश ढांडा, कैलाशो सैनी पूर्व सांसद कुरुक्षेत्र, पूर्व विधायक कविता जैन, गोहाना नगर परिषद की चेयरमैन रजनी विरमानी, डॉ बनवारी लाल और विधायक डॉ. कृष्ण लाल के साथ-साथ भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने कहा कि पहलवान योगेश्वर ने हमारे देश का नाम देश के साथ-साथ विदेशों में भी ऊंचा किया है। देश में कुश्ती को अगर किसी ने जिंदा किया है तो वह केवल और केवल योगेश्वर दत्त हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की झूठी चौधर के चक्कर में बरोदा हल्का विकास से अछूता रहा है। ओलंपिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी, युवा और ईमानदार योगेश्वर दत्त को बरोदा की महान जनता ने जाती-पाती के भेद से ऊपर उठकर अपना लिया है। पहलवान की अपनी कोई जाति नहीं होती, 36 बिरादरी का घी पी पीकर, योगेश्वर पहलवान बने है।

उन्होंने बरोदा की जनता से आह्वान किया कि वह कमल के निशान वाला बटन दबाकर पहलवान योगेश्वर दत्त को विजयी बनाएं। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि एक खिलाड़ी अपने दम पर देश का नाम पूरे विश्व में करवा सकता तो फिर अपने हलके के लिए विकास कार्य भी करा सकता है। पहलवान ने हल्के की सेवा के लिए डीएसपी के पद से इस्तीफा दे दिया तो आप लोगों ने भी उसे सेवा का एक मौका देना चाहिए। आज कांग्रेस की राजनीति झूठ के सहारे चल रही है। झूठ के सहारे किसानों में भ्रम फैलाकर अपनी राजनीति को वह जिंदा रखे हुए है। लेकिन, सच यह है कि कांग्रेस का झूठ नहीं बिकेगा। रामविलास शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।

### मैं आपके विकास के लिए लड़ रहा हूं

**पहलवान** योगेश्वर दत्त ने कहा कि मैं केवल आप लोगों के विकास के लिए चुनाव लड़ रहा हूं। मेरा केवल एक ही मकसद है कि बरोदा हलके का विकास कराना। मैं आप लोगों से केवल चार साल मांगने आया हूं। अगर मैं आपको दिए हुए वादों पर खरा नहीं उतरता हूं तो आप मुझे दोबारा मौका मत देना। मैंने अपना डीएसपी का पद केवल और केवल आप लोगों की सेवा करने के लिए ही त्यागा है। अब अगर आप अपना आशीर्वाद मुझे दोगे तो मैं बरोदा हलके की तस्वीर बदल दूंगा।

## युवक से 18 किलो 50 ग्राम डोडापोस्त बरामद

**सोनीपत।** थाना मुरथल की पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने बताया कि थाना मुरथल टीम शान-ए-पंजाब ढाबा जीटी रोड मुरथल की सीमा में मौजूद थी कि इन्हें एक युवक संदिग्ध अवस्था में कट्टे सहित घूमते काबू किया। तलाशी लेने पर इसके कब्जे से अवैध 18 किलो 50 ग्राम डोडा पोस्त व 11 किलो 200 ग्राम चूरापोस्त मिला। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान पवन निवासी शिव कॉलोनी देवडू रोड सोनीपत के रूप में दी। अवैध डोडा पोस्त व चूरापोस्त को 75 हजार रुपये में राजस्थान व यूपी से खरीदकर लाया था और खुदरा भाव में बेचकर मुनाफा कमाना था।

## पॉलीथिन हटाओ के प्रति किया जागरूक

**रादौर।** गांव टोपरा कलां में शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वच्छता जागरुकता एवं पॉलीथिन हटाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व अतिरिक्त उपायुक्त रणजीत कौर ने किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त, पंचायती राज से जुड़े अधिकारियों, कर्मियों, स्वच्छता टीम, स्वच्छता निगरानी कमेटी सदस्यों सहित ग्राम सचिव ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवरभान नरवाल बीडीपीओ व हरियाणा स्टेट टास्क फोर्स चंडीगढ़ के सदस्य तेजिंद्र सिंह तेजी ने की। वहीं उन्होने अभियान को सफल बनाने बारे लोगों को जागरूक किया। स्वच्छता जागरुकता अभियान के अंतर्गत बतौर मुख्य अतिथि शिरकत अतिरिक्त उपायुक्त ने की और गांव में स्वच्छता के साथ साथ पॉलीथिन मुक्त अभियान भी चलाया। जिसमें नालियों गलियों से ग्रामीणों के साथ सफाई की और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले स्वच्छता से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिए कि वह गांव में स्वच्छता के लिए सजगता से काम करें। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन मुक्त भारत अभियान के तहत गांव में पॉलीथिन का प्रयोग न करें, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

## बीए के पांचवें सैमेस्टर में जीवीएम की अंजू रही द्वितीय

### 61 छात्राओं ने विवि की टॉप-50 सूची में दर्ज कराया नाम

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



**जीवीएम** गर्ल्ज कालेज की छात्रा अंजू ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा घोषित बीए पांचवें सैमेस्टर के परीक्षा परिणामों में विश्वविद्यालय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है।

अंजू ने 400 में से 345 अंक (86.25 प्रतिशत) लेकर यह उपलब्धि दर्ज की। इनके साथ ही पांचवें सैमेस्टर में कालेज की 61 छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टॉप-50 सूची में जगह बनाई है। यही नहीं विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीए प्रथम सैमेस्टर व बीए तृतीय सैमेस्टर में भी कालेज की क्रमश- 50 व 34 छात्राओं ने विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। कुल मिलाकर तीनों सैमेस्टरों में जीवीएम की 145 छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टॉप-50 सूची में स्थान प्राप्त किया है। इस दमदार प्रदर्शन के लिए संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जीवीएम की हिंदी विभाग की प्राध्यापिका ने तीनों सैमेस्टरों के परीक्षा परिणामों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने टॉप-50 सूची में शामिल सभी छात्राओं को बधाई भी दी। उनके साथ बीए संकाय की अन्य प्राध्यापिकाओं ने भी छात्राओं को बधाई दी।

## संक्षिप्त-समाचार

### स्वच्छता सेनानियों को किया सम्मानित



**रादौर।** नगरपालिका में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता सैनानियों को कोविड-19 की रोकथाम के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। अभियान 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर शुरू किया गया था। स्वच्छता पखवाड़े में 20 से अधिक कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर नपा सचिव अजय कुमार वालिया ने कहा कि साफ सफाई समय की मांग है। महामारी के दौर में हम साफ सफाई से ही बिमारियों से बच सकते है। महामारी के दौरान शहर की नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने में अपना योगदान दिया है। जिसके लिए सफाई कर्मचारी बधाई के पात्र है।

### फरीदबाद का वांछित बदमाश हथियार सहित गिरफ्तार

**सोनीपत।** वाहन चोरी निरोधक स्टाफ ने फरीदाबाद पुलिस के वांछित बदमाश को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। वांछित बदमाश अंकित उर्फ अंकी निवासी मनाना जिला पानीपत का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने बताया कि वाहन चोरी निरोधक स्टाफ सोनीपत की सीमा में मौजूद था कि इन्हें सूत्रों से पता चला कि अंकित उर्फ अंकी निवासी मनाना जिला पानीपत अवैध हथियार सहित किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुये बदमाश को धर दबोचा। उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल 315 बोर औ पांच कारतूस मिले। आरोपी के विरुद्ध थाना शहर सोनीपत में मामला दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया है।

### आगनबाड़ी वर्कर्स एन्ड हेल्फरों ने किया विरोध-प्रदर्शन



**भिवानी।** आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन की जिला कमेटी के बैनर पर शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी वर्क्स, हेल्पर सुरेन्द्र सिंह पार्क में एकत्रित हुईं जिसकी अध्क्षयता जिला प्रधान संतोष ग्रेवाल ने की। संचालन राजबाला खानक ने किया। वर्कर्स को संबोधित करते हुए सीटू जिला उपाध्यक्ष कॉ. ओमप्रकाश कहा कि आज देश और प्रदेश की सरकार जनता की नीतियों को खत्म करके पूंजीपतियों के हित की नीतियों की जोर-शोर से लागू कर रही है। आज सरकारी ढांचे को खत्म करके निजी हाथों में देने का काम किया जा रहा है। देश और प्रदेश की सरकार रोजगार, स्वस्थ्य देने के मामले में फेल हुई है। कोरोना आपदा में सरकार की विफलता साफ तौर पर देखी गई है। आज सरकार की जनता विरोधी नीतियों से भयंकर बेरोजगारी महगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है, लेकिन सरकार जात, धर्म के नाम पर नफरत फैलाने का काम कर रही है। पूरे देश भर में किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों के बड़े-बड़े विरोध प्रदर्शन हो रहे है और सरकार तानाशाही रवैया साफ तो पर सामने आ रहा है जिसको सीटू लगातार संघर्ष के मैदान में खड़ी है।

### समिति कर रही गुमशुदा बच्चों को परिवार से मिलाने के प्रयास



**करनाल।** जिला बाल कल्याण समिति करनाल बच्चों को शोषण व अपराध मुक्त परिवेश देने के लिए वचनबद्ध है। इसके लिए बाल कल्याण समिति के प्रयास निरंतर जारी हैं। लॉकडाउन से पूर्व शिक्षण संस्थानों में जाकर बच्चों को जागरूक करने के अलावा बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके प्रति होने वाले शोषण को रोकने के लिए भी जिला बाल कल्याण समिति प्रशासन के साथ मिलकर कानूनी कार्रवाई करते हुए बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान कर रही है। यह बात शुक्रवार को जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश चानना ने गुम हुई एक लड़की को उसके अभिभावकों को सौंपते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह देश के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य बनता है कि वे बच्चों के प्रति घटने वाले अपराधों के प्रति सजग रहें और बचपन को सुरक्षित करने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि एक लड़की जिसका बदला हुआ नाम तृप्ति उम्र लगभग 17 वर्ष है, वह अपनी मां से नाराज होकर छह अक्टूबर को घर से चली गई थी। क्राइम ब्रांच के अथक प्रयासों व कल्याण समिति के सदस्यों के सहयोग से लड़की को ढूंढ निकाला, जिसे करनाल के पुराना शहर वासी जयप्रकाश को उनकी बेटी सौंप दी।

## जेएमआईटी इंजिनियरिंग कॉलेज में 29 छात्रों का हुआ ऑनलाइन चयन

**रादौर।** जेएमआईटी इंजिनियरिंग कालेज में ऑनलाइन चयन प्रक्रिया जारी रहने से विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है। हाल ही में आईटी कंपनी क्लाउड अनलोगी सॉफ्टेक ने संस्थान के विभिन संकायों के 29 छात्रों का चयन किया। डायरेक्टर डॉक्टर संजीव कुमार गर्ग ने बताया कि बड़ी संख्या में प्लेसमेंट तथा लॉकडाउन के समय भी प्लेसमेंट प्रक्रिया और ऑनलाइन कक्षाओं से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा है। रोबोटिक्स और डाइकिन एयर कंडीशनिंग के उत्कृष्टता केंद्र में इंडस्ट्री आधारित अभ्यास के कारण विद्यार्थियों को चयन में मदद मिली है।

## धर्मनगरी की सिख संगत ने निकाला रोष मार्च, सौंपा ज्ञापन

**सरबजोत सिंह दुग्गल।** कुरुक्षेत्र

### सिख नेता कवलजीत सिंह अजराना के नेतृत्व में जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**पश्चिम** बंगाल में सिख सुरक्षाकर्मी की दस्तार खोलने, उससे मारपीट करने और उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जेल में बंद करने का विरोध करते हुए सिख समाज ने रोष मार्च निकाल कर अपने गुस्से का इजहार किया। प्रदर्शनकारियों ने पश्चिम बंगाल सरकार के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस ज्ञापन की एक-एक प्रति देश के राष्ट्रपति और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को भी भेजी गई है।

रोष प्रदर्शन का नेतृत्व शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने किया। रोष प्रदर्शन में मुख्य रूप से श्री अकाल उस्तत ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के चेयरमैन ज्ञानी तेजपाल सिंह, बाबा दर्शन सिंह कार सेवा वाले, गुरुद्वारा श्री बैकुंठधाम सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन लखविंदर सिंह संधू व प्रधान जसबीर सिंह वड़ैच, उपाध्यक्ष हरपिंदर सिंह विर्क, कोषाध्यक्ष सुरिंदर सिंह सिद्धू, विक्रमजीत सिंह विर्क, शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तजिंदरपाल सिंह लाडवा, जिला शहरी प्रधान तजिंदर सिंह मक्कड़ व वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदेव सिंह गाबा, ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही के पूर्व हैड ग्रंथी बाबा अमरीक सिंह, जसबीर सिंह दुग्गल और दिलबाग सिंह चौधरी आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। इससे पहले शुक्रवार सुबह सैकड़ों की संख्या में सिख संगत गुरुद्वारा बैकुंठधाम में एकत्रित हुई और वहां से रोष मार्च निकालते हुए लघु सचिवालय पहुंची। यहां पहुंच कर सिख संगत ने पश्चिम बंगाल की सरकार और कोलकाता पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष व्यक्त किया।



लघु सचिवालय पर प्रदर्शन कर रोष व्यक्त करती सिख संगत।

इस दौरान अजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, जसबीर सिंह ढिल्लो, संतोख सिंह ढिल्लो, अर्जुनवीर सिंह, कर्णवीर सिंह, हरमन सिंह सिद्धू, सतविंदर सिंह, सतनाम सिंह, जगजीत सिंह, रणजीत सिंह, परमजीत सिंह, प्रितपाल सिंह, प्रदीप सिंह, लवप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह बाजवा, सुखदेव सिंह, बूटा सिंह दुनियामाजरा, हरकीरत सिंह, गुरविंदन सिंह कालड़ा, लखविंद्र सिंह, बलबीर सिंह, दर्शन सिंह और हरजीत सिंह आदि अन्य मौजूद रहे।

## अर्धसैनिक बलों की मांग हुई पूरी, खुली कैंटीन

### कैंटीन संचालक रामदत्त ने जताया कर्नल का आभार

**सुरेंद्र इंदौरा।** रेवाड़ी


गांव पाल्हावास में अर्धसैनिक बलों के लिए खोली गई कैंटीन का उद्घाटन करते रिटायर्ड कर्नल धर्मपाल सिंह राघव।

**अर्धसैनिक** बलों के जवानों व उनके आश्रितों को अब रोजमर्रा के सामान के लिए रेवाड़ी व अन्य जगह नहीं जाना पड़ेगा। पाल्हावास में उनके लिए अर्ध सैनिक फैमिली वेलफेयर के नाम से कैंटीन खुल गई है। कैंटीन का उद्घाटन सेवानिवृत्त कर्नल धर्मपाल सिंह राघव ने किया।

श्री राघव ने कहा कि कैंटीन खुलने से अर्धसैनिक बलों के जवानों व उनके आश्रितों की एक बड़ी समस्या का समाधान हो गया है। उन्हें अब जरूरी व रोजमर्रा के सामान के लिए रेवाड़ी, कोसली व पटौदी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे सामान की उपलब्धता उन्हें कैंटीन पर हो जाएगी। उन्होंने कैंटीन संचालक रामदत्त को बधाई दी। कर्नल राघव ने कहा कि अर्धसैनिक बलों के जवानों की कैंटीन खोलने की लंबे समय से मांग चली आ रही थी, जो अब पूरी हो गई है। कैंटीन संचालक रामदत्त ने कहा कि कैंटीन पर उचित रेट पर अच्छी क्वालिटी का सामान मिलेगा। कैंटीन के उद्घाटन मौके पर पवन कुमार, देवेंद्र जैतपुर, उपनिरीक्षक सतीश कुमार, शंकर शेखावत, किलोई के सरपंच संदीप धनखड़, खेड़ी सुलतान के पूर्व सरपंच अजय सिंह चौहान आदि लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम शत प्रतिशत करें लागू

**कुरुक्षेत्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के सपनों को साकार करने का सबसे बढ़िया तरीका है कि हम लोकनायक राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए जिला मुख्यालय स्थित इस अस्पताल में रोगियों को उपचार और निदान की सुविधा दें।

यह बात अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र शैली ने आज कार्यालय में अस्पताल के 17 विभागों के नोडल अधिकारियों और सिस्टर्स की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने अस्पताल के कर्मचारियों और अधिकारियों से अपील की कि वे अपने कर्तव्य अपन को दौरान अपना शत प्रतिशत दें, ताकि वे अपनी सर्विस को जस्टिफाई कर सकें। जिला गुणवत्ता प्रबंधक डा. प्रिया गुप्ता ने सभी कर्मचारी और अधिकारियों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स के मापदंडों के बारे में पूरी जानकारी दी। बैठक में आवासीय चिकित्सा अधिकारी डा. श्याम सुंदर अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




जहाँ देखो वहीं पर आज गुंडाराज क़ायम है
नहीं है ख़ौफ़ खाकी का अगर है भी तो फिर कम है
नहीं कहने में अब संकोच कोई भी तो यूपी में
भले दम आप में हो आपका क़ानून बेदम है

## अनएकेडमी ने ईएसओपी बायबैक की घोषणा की

### 10 दिसंबर तक सभी निहित ईएसओपी बायबैक के लिए पात्र होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**भारत** के सबसे बड़े शिक्षण मंच, अनएकेडमी ने घोषणा की कि उसके वर्तमान और पूर्व कर्मचारियों के लिए 10 दिसंबर, 2020 को ईएसओपी बायबैक होगा, कंपनी में इस तरह की दूसरी तरलता घटना पांच साल पहले की गई थी।

10 दिसंबर, 2020 तक सभी निहित ईएसओपी बायबैक के लिए पात्र होंगे और वर्तमान और बाहर किए गए कर्मचारी एक निर्दिष्ट योजना के आधार पर निहित ईएसओपी के 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत के बीच परिसमापन कर सकते हैं। बायबैक पूल का आकार लगभग 25 से 30 करोड़ रुपये होने की संभावना है। कर्मचारियों द्वारा परिसमाप्त ईएसओपी की संख्या के आधार पर अनएकेडमी ने सितंबर 2019 में अपना पहला ईएसओपी बायआउट आयोजित किया था। उस समय, बायबैक पूल वर्तमान बायबैक आकार का दसवां हिस्सा था। अकादमी के कर्मचारी जिन्हें ईएसओपी प्रदान किया गया है और कंपनी के साथ एक वर्ष से अधिक समय पूरा हो चुका है, इस में भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

आंतरिक नोट में घोषणा करते हुए, अनएकेडमी के सह-संस्थापक और सीईओ गौरव मुंजाल ने कर्मचारियों को कंपनी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया, और उन्हें देश में शिक्षा के लोकतंत्रीकरण के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## फ्लिपकार्ट ने देश भर के 2000 से ज्यादा फैशन स्टोर्स के साथ की भागीदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद/पानीपत

### 300 से ज्यादा शहरों में 100 से ज्यादा ब्रैंड्स के स्टोर कलेक्शन होंगे उपलब्ध

**भारत** के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने त्योहारी सीजन में 2,000 फैशन स्टोर्स में उपलब्ध उत्पादों की व्यापक श्रेणी को फ्लिपकार्ट प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए 100 से ज्यादा ब्रैंड्स के साथ भागीदारी की है। 300 से अधिक शहरों में मौजूद इस भागीदारी से ब्रैंड्स को उनके उपलब्ध रिटेल सलेक्शन को पास के पिनकोड्स में प्रदर्शित करने में आसानी होगी। इससे ग्राहकों को चुनने के अधिक विकल्प मिलेंगे और उसके बाद फ्लिपकार्ट के सुरक्षित और सैनिटाइज्ड सप्लाई चेन के जरिए उसे ग्राहकों तक पहुंचा दिया जाएगा।

त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है और देश भर में ज्यादा से ज्यादा ग्राहक ई-कॉमर्स के जरिए खरीदारी करने का विकल्प चुन रहे हैं। यह भागीदारी सैकड़ों ब्रैंड्स के लिए महत्व रखती है क्योंकि इससे उन्हें ओम्नीचैनल की सुविधा मिल रही है जिससे उन्हें ग्राहकों से जुड़े रहने में मदद मिलती है। पहल से फ्लिपकार्ट के 250 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों के विशाल और बढ़ते आधार को चुनने के लिए उत्पादों के ज्यादा विकल्प मिलते हैं। इससे महानगरों, टियर 2 शहरों व उसके बाद की श्रेणी के क्षेत्रों के उन ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा किया जा सकता है जो अपने घर के सुरक्षित वातावरण में रहकर ऑनलाइन खरीदारी करना पसंद करते हैं।

फ्लिपकार्ट टैक्नोलॉजी और 'जियो फेंसिंग' व 'स्टोर हॉपिंग' जैसे उन्नत इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम का इस्तेमाल कर रही है ताकि मजबूत सप्लाई चेन बनाए रखने के साथ इन खुदरा स्टोर्स तक ई-कॉमर्स के फायदे पहुंचाए जा सकें। इसमें महानगरों के बाद की श्रेणी के क्षेत्रों और शहरों को भी शामिल किया गया है जो ग्राहकों और ब्रैंड्स दोनों की जरूरतों को पूरा जा करता है। फ्लिपकार्ट फैशन के वाइस प्रेसिडेंट, निशित गर्ग ने कहा, खरीदारी का भविष्य एकीकृत मॉडल से जुड़ा है जहां खरीदारी के अलग-अलग तरीकों के बीच की सीमा रेखा धुंधली हो रही है। इससे ग्राहकों, ब्रैंड्स और विक्रेताओं सभी को फायदा होगा। दृष्टिकोण के जरिए हम वर्तमान बाजार की कमियों को दो तरह से पूरा कर रहे हैं, पहला, हम टियर 3 शहरों और उसके बाद की श्रेणी के क्षेत्रों के ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा कर रहे हैं जो बिल्कुल नए फैशन ट्रैंड्स को अपनाना चाहते हैं लेकिन वे उनकी पहुंच में नहीं हैं।

## चोरी हुई बाइक बरामद

**रादौर।** बुबका रोड के पास स्थित एक मकान से बाइक चोर एक व्यक्ति की रात के समय घर में खड़ी बाइक को चुरा ले गये। अगले दिन चोरी हुई बाइक को गांव पोटली से बरामद किया। रादौर पुलिस ने प्रभावित व्यक्ति की शिकायत पर एक युवक के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ सार्वजनिक सूचना ◆

मैं, कृष्ण कुमार पुत्र श्री अंतु राम निवासी गांव दनियालपुर तह. व जिला करनाल बयान करता हूं कि मेरा सगा लड़का कर्मबीर जोकि मेरे कहने-सुनने से बाहर है को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य मे इससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मैं व मेरा परिवार नहीं।

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Anjna Kaul W/o Sanjeev Dhar R/o 804, Torrealtus Tower, Omaxe Heights Sec-86 Faridabad have changed my name to Anjana Dhar.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000।
पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# महबूबा की राजनीति

## व्यापक गठबंधन का प्रयास

**ऐसा** लगता है कि 14 महीने से अधिक समय तक जेल में रहने के बावजूद जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती का स्वभाव नहीं बदला है। पीडीपी नेता सभी स्थानीय पार्टियों का व्यापक गठबंधन बनाना चाहती हैं। रिहा होने के कुछ ही घंटे के भीतर वे नेशनल कान्फ्रेंस नेताओं फारूक व उमर अब्दुल्ला से मिलीं एवं तथाकथित संयुक्त गुपकार घोषणा के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की जिसका अर्थ जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा वापस दिलाना है। उन्होंने अपने दृष्टिकोण से कश्मीर मुद्दे के दीर्घकालीन राजनीतिक समाधान के लिए अब्दुल्ला परिवार से हाथ मिलाया है। उनकी बातचीत से स्पष्ट है कि वे अपने आंदोलन को आगे बढ़ा कर अपने स्पेस पर पुनः कब्जा करना चाहती हैं। उनकी भावी राजनीति पर गौर करना होगा। वैसे सभी नेता जानते हैं कि घाटी का पुराना दर्जा बहाल करवाना लगभग असंभव है क्योंकि दुनिया की बड़ी शक्तियों ने भी भारत द्वारा अपने संवैधानिक क्षेत्र में किया यह परिवर्तन मंजूर कर लिया है। उनको कश्मीर का दर्जा बदलने को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती देनी होगी। मजेदार बात है कि उनके बयान में अनुच्छेद 370 हटाने का ज्यादा उल्लेख न होकर केन्द्र द्वारा कश्मीर की 'पहचान व दर्जे पर हमले' की बात कही गई है। इसका उद्देश्य सभी पार्टियों को स्वीकार्य एजेंडा तैयार करना है। यह सरकार की परीक्षा है। महबूबा सबसे बाद में रिहा की जाने वाली मुख्यधारा नेता हैं। शायद सरकार को आशंका थी कि अनुच्छेद 370 समाप्त करने के खिलाफ उनके भड़काऊ भाषणों से जनता पर असर पड़ सकता है। शायद सरकार ने इन नेताओं का सही आंकलन नहीं किया है। कश्मीर में तमाम नियंत्रणों व लाकडाउन के बावजूद शायद निराश नौजवानों का एक हिस्सा अभी चरमपंथ की ओर आकर्षित है।



संभवतः अभी कश्मीर के मुख्यधारा में समाहित होने में थोड़ा समय और लगेगा तथा भाजपा को जमीनी स्तर पर उम्मीद के अनुसार पूरा समर्थन नहीं मिला है। 2018 में 19,582 पंचों व सरपंचों की सीटों में से 7,528 पर चुनाव हुआ था। इनमें निर्वाचित बहुत से लोगों को श्रीनगर के होटलों में रख कर सुरक्षा देनी पड़ी है। भाजपा को उम्मीद थी कि वह स्थानीय स्तर पर मित्र नेताओं का वैकल्पिक राजनीतिक पिरामिड तैयार कर लेगी, पर शायद वह इसमें पूरी तरह सफल नहीं हुई है। पंचों, सरपंचों की 12,000 से अधिक सीटें खाली हैं जिसका प्रभाव स्थानीय प्रशासन पर पड़ रहा है। इस कारण भ्रम व निराशा का माहौल है जो हिंसा को जन्म दे सकता है। इसी कारण सरकार ने रणनीति बदली है और वह वर्ष के अंत तक पंचायत की बाकी सीटों पर भी चुनाव करवाना चाहती है। जमीनी स्तर पर राजनीतिक स्पेस खाली रहने से अब्दुल्ला व मुफ्ती को स्थान मिल सकता है। इसी व्यापक एजेंडे के अंतर्गत सरकार ने अनुभवी राजनेता मनोज सिन्हा को जम्मू कश्मीर संघशासित क्षेत्र का नया उप-राज्यपाल बना कर भेजा है। वे खामोशी से काम करने वाले राजनेता हैं तथा सभी राजनीतिक पार्टियों से संवाद स्थापित कर सकते हैं। भाजपा के समर्थन से पीडीपी व नेशनल कान्फ्रेंस के असंतुष्ट तत्वों ने जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी बनाई थी, पर अभी उसे जनता का समर्थन प्राप्त करना बाकी है। सरकार राज्य के पुराने नेताओं को इस शर्त पर विचार-विमर्श प्रक्रिया के लिए तैयार कर सकती है कि वे पाकिस्तान के साथ मिल कर दोमुंही राजनीति न करें। इस दिशा में मध्यम मार्ग तलाशा जा सकता है। इसके लिए पहले घाटी में मुख्यधारा इंटरनेट बहाली के साथ ही तेजी से विकास के और कदम उठाने होंगे। कश्मीरी नौजवानों को डिजिटल शिक्षा क्रान्ति का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार को नौजवानों को निराश होने से बचाना होगा। ई-कामर्स, टैक्स की आनलाइन फाइलिंग व अन्य वित्तीय लेनदेन को गति देने की आवश्यकता है। लाकडाउन व नियंत्रणों के कारण सप्लाई श्रृंखला बाधित हुई है तथा अर्थव्यवस्था में गतिरोध है। सेवा क्षेत्र के साथ ही राज्य के परंपरागत सेब व्यापार, पर्यटन व हस्तशिल्प को गति देने की आवश्यकता है। कश्मीर में बेहतर माहौल बनाने की जरूरत है।

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

**स्वदेशी एटीएजीएस कार्यक्रम से सबक लेकर भारत को देश तथा सेना के हित में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। यह पहली ऐसी आयुध प्रणाली है जिसकी डिजाइन व विकास शुरुआत से अंत तक पूरी तरह भारतीय है।**



**जेपी सिंह**
(लेखक पूर्व उप सेना प्रमुख हैं)



रक्षा शोध एवं विकास संगठन-डीआरडीओ ने दो रणनीतिक साझीदारों-भारत फोर्ज लिमिटेड तथा टाटा पावर स्ट्रेटेजिक इंजीनियरिंग डिवीजन के साथ मिल कर 2012 में एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम-एटीएजीएस की शुरुआत की थी। रक्षा अधिग्रहण परिषद-डीएसी ने अगस्त, 2018 में 150 एटीएजीएस खरीद की पुष्टि की थी। इनके विकास की प्रक्रिया वर्ष 2013 में शुरू हुई थी जो अंततः जाकर 2017 में पूरी हुई। हाविट्ज़र तोपों का विकास रिकार्ड तीस महीनों में हुआ और पिछले चार सालों में इनका व्यापक परीक्षण किया गया है। इनका प्रदर्शन लगातार बहुत शानदार रहा है।

एटीएजीएस सर्वाधिक परिष्कृत तथा दुनिया की संभवतः पहली फील्ड गन है जो बाई-माड्यूलर चार्ज सिस्टम-बीएसमसीएस सातवीं श्रेणी के प्रणोदकों का प्रयोग करने में सक्षम है। यह 48 किलोमीटर दूर तक मार कर सकती है जो 155-52 कैलिबर किस्म में एक रिकार्ड है। एटीएजीएस स्वदेशी विकसित 155 मिलीमीटर-45 कैलिबर आर्टिलरी गन धनुष का एक हिस्सा है। धनुष एफएच-77बी 155 एमएम 39 कैलिबर टोड हाविट्ज़र का परिणाम है जिसका विकास पहले स्वीडिश रक्षा निर्माता बोफोर्स ने किया था। भारतीय सेना ने 1987 से 1991 के बीच कुल 414 स्वीडिश हाविट्जर तोपें खरीदी थीं। धनुष हाविट्ज़र की अधिकतम मारक क्षमता साल्वो मोड में 38 किलोमीटर है, जबकि एटीएजीएस 48 किलोमीटर तक मार कर सकती है। भारत-निर्मित एटीएजीएस में दुहरी पावर व्यवस्था है जहां हाइड्रालिक्स का प्रयोग मोबिलिटी तथा तोप के इन-आउट एक्शन के लिए होता है, जबकि बिजली की शक्ति का प्रयोग गन लेइंग एंड एम्युनिशन हैंडलिंग सिस्टम-एएचएस में किया जाता है। यह व्यवस्था पूरी तरह बिजली संचालित की जाती है ताकि इसका ज्यादा रखरखाव न करना पड़े तथा यह लंबे समय तक विश्वसनीय व सुरक्षित रूप से कारगर रह सके। गन सिस्टम की स्वचालित व्यवस्था है जिसमें उच्च क्षमता वाले इनर्शियल नेवीगेशन सिस्टम-आईएनएस तथा स्वचालित एएचएस का प्रयोग शामिल है। इससे लगातार गोलों को लोड करने और दागने की क्षमता मिलती है, जबकि इसके लिए मैनुअल व्यवस्था भी बनी रहती है। विभिन्न परिस्थितियों में तोप की हाइड्रालिक व्यवस्था इसे प्रभावी क्षमता प्रदान करती है। इससे यह सड़कों पर, दुर्गम स्थानों पर, रोगिस्तान में तथा ऊंचे पहाड़ों पर कारगर रहती है। भारत में निर्मित उच्च शक्ति वाली आक्ज़िलरी पावर यूनिट इसकी सेल्फ प्रोपेल्ड गति, तेजी से तैनाती तथा जल्दी से सक्रियता सुनिश्चित करती है। एटीएजीएस में 95 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी पुर्जे हैं। कच्चे माल से तैयार उत्पाद तक इसकी पूरी सप्लाई श्रृंखला देश में स्थित है। इससे यह रक्षा प्रणालियों में 'मेक इन इंडिया' का सच्चा प्रतीक बन गई है। एटीएजीएस तोप प्रणाली में 7,463 पुर्जे हैं जिनमें से 4,977 पुर्जों के निर्माण में लगभग 30,000 निर्माण प्रक्रियायें शामिल होती हैं तथा इनकी जांच के 2,00,000 से अधिक आयाम हैं।

यह परियोजना अब डीआरडीओ टीआरएल चरणों के अनुसार टेक्नोलोजी रेडीनेस लेविल-टीआरएल के दसवें चरण में है। पिछले पांच वर्ष में इसका अनिवार्य परीक्षण हुआ है। इस महीने की शुरुआत में इसका अंतिम परीक्षण शुरू हुआ जिसे प्रिलिमिनरी स्टाफ क्वालीटेटिव रिक्वायरमेंट्स-पीएसक्यूआर ट्रायल कहते हैं। इसे हथियार प्रणाली में शामिल करने से पहले किया जाने वाला परीक्षण माना जाता है। तोप का कठोर पूर्व-पीएसक्यूआर परीक्षण प्रयोगकर्ताओं व डीआरडीओ टीमों द्वारा पहले ही किया जा चुका है। इन परीक्षणों से बीएफएल-विकसित तोप प्रणाली ने कुल मिला कर 130 से अधिक राउंड अधिकांशतः जोन सात में दागे हैं तथा इनका परीक्षण सभी मानकों पर खरा उतरा है। टाटा एयरोस्पेस एंड डिफेंस लिमिटेड द्वारा तैयार तोप ने 99 राउंड दागने में सफलता पाई। पांचवें रैपिड फायर प्रैक्टिस के 100वें राउंड में तोप की ट्यूब फट गई जो अपने किस्म की पहली दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना थी। इसके कारणों की जांच हो रही है। कुछ विशेषज्ञों ने इसे एम्युनिशन की खराबी बताया है, जबकि अन्य इसे ट्यूब की गड़बड़ी बताते हैं क्योंकि वह अत्यधिक दबाव नहीं झेल पाई। हालांकि, उसे इसके लिए सक्षम बनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि अब तक तोपें लगभग 2,000 राउंड दाग चुकी हैं और वे आसानी से 560 मेगापास्कल स्तर का दबाव झेल सकती हैं। इस प्रकार वे जोन सात में फायरिंग करने में सक्षम हैं। प्रक्रिया के एक हिस्से के रूप में 'गंभीर व ढांचागत दबाव' की पहचान व उसे दूर करने की जांच भी शामिल है। यह जांच जरूरी है। आत्मनिर्भर भारत के लिए एटीएजीएस विकास की प्रक्रियाओं में बाधा डालना या विलम्ब पैदा करना उचित नहीं होगा। यह पहली ऐसी आयुध प्रणाली है जिसकी डिजाइन व विकास शुरुआत से अंत तक पूरी तरह भारतीय है। डीआरडीओ तथा दो प्रमुख भारतीय औद्योगिक साझीदारों द्वारा विकसित एटीएजीएस प्रणाली राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है तथा यह भारतीय वेंडरों व सब-वेंडरों की नेटवर्क परिस्थितियों के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। हमारे पास इसकी डिजाइन, आईपी व सभी डेटा का स्वामित्व है जिसका प्रयोग इस समग्र आयुध प्रणाली में किया गया है। विदेशी सहायता बहुत महंगी होती है और इसके आधार पर सफलता पाने की सोचना मूर्खतापूर्ण होगा। आत्मनिर्भरता की दिशा में थोड़ी परेशानियों के बावजूद हमें सफलतायें मिली हैं। भारत में अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, इस्राइल व चेक गणराज्य से आने वाली अधिकांश तोपों के साथ ऐसी दुर्घटनायें फायरिंग के निम्न क्षेत्रों में हुई हैं जहां कम दबाव का प्रयोग किया जाता है। इसलिए एटीएजीएस के मामले में उच्च दबाव की बात करना उचित नहीं होगा। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि इनमें से किसी तोप की फायरिंग जोन सात में नहीं की गई थी और न ही उससे एटीएजीएस जितने गोले दागे गए थे। यह भारत में तैयार होने वाले गोला-बारूद की गुणवत्ता तथा प्रभावशीलता जांचने का भी सही समय है क्योंकि हम आर्टिलरी एम्युनिशन, फ्यूज़ तथा चार्ज बनाने के क्षेत्र में तुलनात्मक रूप से नए हैं। अत्यधिक उच्च दबाव को देखते हुए एम्युनिशन के हर हिस्से को पूरी तरह सटीक रूप से कारगर होना चाहिए। इसमें शेल, प्रोजेक्टाइल व फ्यूज़ शामिल हैं। इनको अत्यधिक उच्च कोणीय गति के उपयुक्त होना चाहिए। कुल मिला कर कहा जाए तो अनुभवों व परीक्षणों से ही सटीक कारगरता व अनुभव प्राप्त होता है। इसकी संभावना बहुत कम है कि कोई विदेशी हथियार निर्माता अपनी प्रमुख तकनीकें व डेटा हमें देगा तथा भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता करेगा। देश के हित में तथा सेना को ज्यादा सक्षम बनाने के लिए हमें ऐसी दुर्घटनाओं पर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहिए तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उम्मीद करनी चाहिए कि भारत की एटीएजीएस सफल होगी।

# मातृ मृत्यु दर पर अंकुश लगाना आवश्यक

> एक और पहलू है उपलब्ध रक्त की गुणवत्ता का। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ने खुलासा किया है कि लगभग 1,342 लोगों को संपूर्ण भारत में 2018-19 के दौरान खून चढ़ाए जाने के कारण एचआईवी संक्रमण हो गया। इस जानकारी से देश में विद्यमान रक्त आधान व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं।

**सायंतनी चटर्जी**
(लेखिका लोक नीति परामर्शदाता हैं)



संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्य-3 (एसडीजी-3) के अंतर्गत सामाजिक पूंजी के तौर पर सभी के स्वास्थ्य एवं बेहतरी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है। एसडीजी-3, विशेष रूप से एसडीजी 3.1 का उद्देश्य वैश्विक मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) अनुपात को 2030 तक प्रति एक लाख पर 70 से कम मौतों के स्तर पर लाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, माता की मृत्यु का अर्थ है गर्भावस्था के दौरान किसी महिला की मौत होना अथवा गर्भ समापन के 42 दिनों के भीतर किसी महिला की मौत होना, किसी ऐसे कारण से जो गर्भधारण से सबंधित हो अथवा गर्भाधान अथवा उसके प्रबंधन के कारण बढ़ गया हो। भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार, 2020 तक प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर पर एमएमआर को 100 के स्तर पर लाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस वर्ष जुलाई में महानिबंधक नमूना पंजीकरण व्यवस्था कार्यालय द्वारा जारी विशेष बुलेटिन से मिले आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में एमएमआर 2016-18 में 113 के स्तर पर था। यद्यपि इसमें 2915-17 में 122 और 2014-15 में 130 की तुलना में गिरावट देखी गई है मगर यह एसडीजी लक्ष्य से बहुत पीछे है। सबसे ज्यादा परेशान करने वाले आंकड़े असम से आए हैं जहां एमएमआर 215 है। हालांकि, यदि इसकी तुलना 2012-13 के आंकड़ों से की जाए तो यह 301 के स्तर से काफी कम हुआ है। कुछ भी हो, भारत की एसडीजी प्रतिबद्धताओं को देखते हुए, इस अनुपात को आगे और नीचे गिराने के लिए तात्कालिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

हाल ही में, जुलाई माह में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद के उच्च स्तरीय घटक के सत्र में भाषण दिया था, जिसमें उन्होंने उल्लेख किया था कि भारत का विकासीय उद्देश्य, ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास'' किसी को भी पीछे न छोड़ने के एसडीजी के मूल सिद्धांत के साथ प्रतिध्वनित होता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि विशाल जनसंख्या के सामाजिक आर्थिक संकेतकों को सुधारने में भारत की सफलता का महत्वपूर्ण प्रभाव वैश्विक एसडीजी लक्ष्यों पर पड़ा है। इस प्रकार, एमएमआर जैसे वैयक्तिक स्वास्थ्य संकेतकों को संबोधित करना निश्चित रूप से देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुधारने एवं एसडीजी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण है।

व्यक्तिगत रूप से राज्यों की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए, उच्च एमएमआर अनुपात वाले असम जैसे राज्य के लिए प्राथमिकता के आधार पर इस समस्या से निबटना महत्वपूर्ण हो जाता है। असम में महामारी विज्ञान के मातृ मृत्यु अध्ययन के अनुसार, आंकड़े दर्शाते हैं कि 21.3 प्रतिशत मौतें रक्तस्राव के कारण, 17.3 प्रतिशत गर्भावस्था के कारण हाइपरटेंशन तथा 10 प्रतिशत सेप्सिस के कारण होती हैं। जन्म के उपरांत 24 घंटों के भीतर 500 मिलीलीटर अथवा उससे अधिक रक्तस्राव को पोस्टपार्टम हैमरेज कहा जाता है। एक दमदार रक्त आधान व्यवस्था विकसित करके ऐसी मौतों को काफी हद तक कम किया जा सकता है, क्योंकि ऐसी सक्षम रक्त हस्तांतरण प्रणाली सुरक्षित एवं उपयुक्त खून तक सार्वभौमिक पहुंच मुहैया कराती है। असम में वार्षिक रक्त संग्रहण 2018-19 में 2,34,488 यूनिट था जबकि राज्य को 2019 में कुल अस्पताल बिस्तरों के सापेक्ष 2,42,000 ऐनिट की आवश्यकता थी। राज्यवार श्रेणी के अनुसार, जो वास्तविक रक्त इकाई संग्रहण के सापेक्ष वार्षिक आवश्यकता का आंकलन करती है, असम पांच में सबसे नीचे आता है। राज्य में 82 ब्लड बैंकों के साथ, यह खेदजनक बात है कि रक्त की कमी चिंता का विषय बनी हुई है।

एक और अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है उपलब्ध रक्त की गुणवत्ता का। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ने खुलासा किया है कि लगभग 1,342 लोगों को संपूर्ण भारत में 2018-19 के दौरान खून चढ़ाए जाने के कारण एचआईवी संक्रमण हो गया। इस जानकारी से देश में विद्यमान रक्त आधान व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं।

सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी समाधान है 100 प्रतिशत ऐच्छिक मदद की संस्कृति की ओर बढ़ना तथा विनियम दान से मुक्ति पाना। रक्तदाताओं की भर्ती रक्त आधान सेवाओं का सर्वाधिक अहम लक्षण है और एक स्वस्थ, प्रतिक्रियाशील एवं अभिप्रेरित ऐच्छिक रक्तदाताओं के सहयोग पर चलने वाले एक व्यवस्था संबंधित गुणवत्ता मुद्दों को कम करने में मददगार होती है। असम में स्वेच्छा से रक्तदान करने वालों का प्रतिशत 47.9 है, जो 71.9 के राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है।

भारत जैसे विकासशील देश में एक और समस्या है खंडात्मक रक्त आधान प्रणाली। देश में 3,321 ब्लड बैंकों के प्रभावी परिचालन के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि व्यवस्थाएं पारदर्शी एवं गुणवत्ता की गारंटी वाली हों। लेकिन, प्रभावी परिचालन के लिए 3,321 ब्लड बैंकों की निगरानी सुनिश्चित करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। हालांकि, विकासशील देशों से प्राप्त अनुभवमूलक आंकड़े दर्शाते हैं कि एक केंद्रीकृत केंद्र एवं स्पोक मॉडल काफी हद तक सुरक्षित रक्त तक पहुंच बनाने में मददगार हो सकता है।

दुखद रूप से, ऐसी केंद्रीकृत रक्त आधान प्रणाली वर्तमान समय में भारत में मौजूद नहीं है, यद्यपि यह अतिरिक्त संग्रहीत रक्त की बर्बादी को रोकती है, खासकर अब जबकि बैंकों के बीच अधिक मात्रा में हस्तांतरण को राष्ट्रीय रक्त आधान परिषद द्वारा मंजूरी दे दी गई है। यह पहुंच को भी बढ़ाती है, क्योंकि रक्त को केंद्रों से वहीं पुनः भेजा जा सकता है जहां उसका अभाव होता है। आपात स्थितियों के मामले में, रक्त नमूनों का संग्रहण सरल होता है। एक केंद्र तथा स्पोक मॉडल तथा 100 प्रतिशत निशुल्क रक्तदान वाला ढांचा एक हब और स्पोक मॉडल तथा परमार्थ के लिए रक्तदान का ढांचा भारत तथा असम के लिए मौतों की संख्या घटाने में मददगार होगा।

## आप की बात

### प्रतीकात्मक आगमन

**पक्षी** सुंदर प्राणी हैं, लेकिन हर साल दुनिया भर में पक्षियों की अप्राकृतिक मौतों के कारण बिजली लाइनों के साथ टकराव एक बड़ी ज्ञातक समस्या है। प्रतीकात्मक आगमन (विश्व प्रवासी पक्षी दिवस) पर, एक कॉमन क्रेन वडला उत्तरी कजाकिस्तान में आई है। जो 15 दिनों में 4800 किलोमीटर की दूरी तय करती है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है बड़ी एवियन प्रजातियों पर बिजली लाइनों के प्रभाव का अध्ययन करना। यह पक्षियों पर इस तरह का पहला अध्ययन है, यह आश्चर्यजनक है। डॉ. सुरेश कुमार और उनके साथियों को सलाम जिन्होंने वडला पर नजर रखी जीपीएस तकनीक के द्वारा। यह अध्ययन अभी तक समाज के दबाव की जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल समाधान खोजने के लिए पर्यावरणीय नेतृत्व की दिशा में हमारे प्रयास का एक और उदाहरण है। अब, पावर लाइन की मृत्यु दर के स्तर को कम करने के लिए कार्रवाई की आवश्यकता है, अनावश्यक बिजली लाइनों को हटाने और मौजूदा बिजली लाइनों के लिए, निवारक और शमन उपायों का उपयोग किया जाना चाहिए । भारत उड़ान रंगों के साथ आ रहा है। मिशन पूरा हुआ। आत्मनिर्भर भारत।

– **खुशबू वेद**, आलोट, मप्र

### खाने में पोषक तत्व

16 अक्टूबर विश्व खाद्य दिवस है। खाने का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है और कोरोना जैसी महामारी के समय में अच्छे स्वास्थ्य का महत्त्व लोगों को समझ आने लगा है। बदलती जीवनशैली में खानपान में पोषक तत्वों की कमी के कारण भारत कुपोषण की एकतरफा नहीं बल्कि दोहरी मार झेल रहा है। जिसमें से पहली सूक्ष्म तत्वों की कमी है तथा दूसरी गैर संचारी बीमारियां हैं जैसे मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप इत्यादि। कुपोषण के इस दोहरे बोझ से भारत को बचाना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है और इसके लिए ज़रूरी है थाली में सभी पोषक तत्वों को शामिल करना। भारतीयों में जरूरी पोषक तत्वों की कमी को देखते हुए सरकार ने अन्य उपायों के साथ ही पौष्टिकीकृत खाद्य पदार्थों को भी बढ़ावा दिया है। खाद्य पौष्टिकीकरण लोगों में पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए खाद्य पदार्थों में इन पोषक तत्वों को मिलाने को कहते हैं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के द्वारा इसके लिए 2018 में अधिनियम और एफ लोगो भी जारी किया गया था। अभी भारत में आटा, चावल, दूध, तेल, नमक का पौष्टिकीकरण किया जा सकता है और ऐसे पौष्टिकिकृत पदार्थ आम बाजारों में उपलब्ध भी हैं परंतु उपभोगताओं में अभी इसे लेकर जागरुकता नहीं है।

– **डिंपी भाटिया**, नई दिल्ली

### कश्मीरियों के दिलों को जीतें

**पिछले** एक साल से कश्मीर की जो स्थिति है उससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की कोई बहुत अच्छी छवि नहीं जा रही है। सरकार ने साहस व दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए धारा 370 व 35-ए को समाप्त करके अपना काम तो कर दिया है। पाकिस्तान अगर कश्मीर को लेकर कोई बयान देता है तो उसे खास तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग जैसे मंचों से उठते गंभीर स्वरों की ज्यादा समय तक अनदेखी नहीं की जा सकती। लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी ऐतराज जताया गया। कश्मीरियों का सुकून भी कश्मीर में शांति जितना ही जरूरी है। इस सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों का मन अशांत रहना विदेशी ताकतों का काम आसान कर देता है। इसलिए पहली जरूरत है कश्मीरियों का विश्वास जीतने की, और यह काम संवाद बढ़ाकर ही किया जा सकता है। बेहतर हो कि आ रहे जाड़ों में सीमावर्ती क्षेत्रों में जमी बर्फ का फायदा उठाते हुए सरकार कश्मीरियों के साथ अपने रिश्तों में गरमाहट लाए ताकि आपसी विश्वास को एक नई जमीन मिल सके।

– **डॉ. हेमंत कुमार**, भागलपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**दिल्ली** प्रदूषण से मुकाबला करने का प्रयास कर रही है, इसके लिए हमने एक नया अभियान चलाया है, रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**हम** अपनी सजगता छोड़ नहीं सकते, खासकर इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि धान की कटाई चल रही है और सरकार द्वारा खरीद भी।

– **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री



**राबर्ट** डेस्टेरो चीन तथा दलाई लामा के बीच संवाद को बढ़ावा देने के अमेरिकी प्रयासों का नेतृत्व करेंगे अथवा उनके प्रतिनिधि तिब्बत की बेजोड़ धार्मिक, सांस्कृतिक व भाषाई अस्मिता की रक्षा करेंगे।

– **माइक पॉम्पियो**
अमेरिकी विदेश सचिव

# एजुकेशनल टूर के लिए नासा भेजने के नाम पर धोखाधड़ी

## दो बच्चों के पासपोर्ट बेचने के आरोप में पांच आरोपी गिरफ्तार

**पीएल वर्मा।** कैथल

**एजुकेशनल** टूर पर नासा भेजने के नाम पर षडयंत्र के तहत पासपोर्ट हड़पकर जालसाजी पूर्वक उन्हें आगे बेचने के दो अलग-अलग मामलों में वांछित पांच आरोपी पूंडरी पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधीक्षक शशांक सावन ने बताया कि रविकांत निवासी जडौला और राजेश कुमार निवासी पूंडरी की शिकायतों पर थाना पूंडरी में दर्ज अलग-अलग मामलों के अनुसार उनके बच्चे ध्रुव पब्लिक स्कूल पुंडरी में पढ़ते थे। क्लीक एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड चंडीगढ़ के माध्यम से उनके बच्चों को एजुकेशन टूर पर नासा अमेरिका भेजने के लिए उनके द्वारा नियमानुसार 30-30 हजार रुपये और उनके बच्चों के पासपोर्ट क्लीक एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड चंडीगढ के मालिक चेतन सभ्रवाल और मृदुल कापडी दोनों निवासी चंडीगढ़ को दे दिये। परंतु उनके बच्चों को न तो टूर पर भेजा और न ही उनके पासपोर्ट वापस किये। उनकी शिकायत अनुसार उनके द्वारा पासपोर्ट पंजाब की किसी ट्रैवल एजेंसी को बेच दिये। संभवत उनके द्वारा पासपोर्टों पर किसी अन्य को विदेश में भेज दिया।

एसपी ने बताया कि मामले की जांच थाना प्रबंधक पुंडरी इंस्पेक्टर मुकेश की अगुवाई में एसआई राजकुमार द्वारा करते हुए आरोपी मृदुल कापडी को नियमानुसार कार्रवाई के तहत गिरफ्तार करके उसका न्यायालय से व्यापक पूछताछ के लिए दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया था। पुलिस द्वारा आगामी जांच करते हुए वारदात में लिप्त अन्य आरोपी चेतन सभ्रवाल निवासी चंडीगढ, तिलकराम निवासी चौहल पंजाब, बलराज निवासी तलवंडी भारो पंजाब और बलबीर कौर निवासी उग्गी पंजाब को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी मृदुल कापड़ी और चेतन सभ्रवाल ने पासपोर्ट आरोपी तिलकराम और बलराज को बेच दिये थे। महिला आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



दूसरे कबूतरबाजी के मामले में कबूतरबाजों पर शिकंजा कसते हुए चौकी पुंडरी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफतार किया है। पूछताछ सहित हड़पी नकदी की बरामदगी के लिए आरोपी को न्यायालय से दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। भरत राम निवासी डुल्यानी की शिकायत अनुसार एजेंट सतपाल निवासी जांबा द्वारा 25 लाख रुपये लेकर अवैध तरीके से उसे अमेरिका में भेज दिया। वहां उसे अमेरिका पुलिस ने पकड़ लिया। 10 माह बाद भारत लौट सका। एसपी ने बताया कि मामले की जांच चौकी पुंडरी प्रभारी सब इंस्पेक्टर भागीरथ द्वारा करते हुए आरोपी सतपाल निवासी जांबा को गिरफतार कर लिया गया।

# महाविद्यालय स्टाफ ने ली कोविड-19 से बचाव की शपथ

**कुरुक्षेत्र।** श्री जयराम शिक्षण संस्थान के अंतर्गत सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय लोहार माजरा कुरुक्षेत्र में स्टाफ द्वारा जन आंदोलन कोविड-19 अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। शैक्षणिक और गैर शिक्षक स्टाफ ने शपथ ली कि नियमित रूप से कोरोना महामारी से बचाव के लिए नियमों एवं सावधानियों की पालना की जाएगी। महाविद्यालय के पूरे स्टाफ ने हमेशा मास्क पहनने, साबुन से हाथ साफ करने और दूसरों को भी स्वच्छ रहने की प्रेरणा देने का प्रण किया। साथ ही अन्य लोगों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए जागरूक करने के अभियान में शामिल करने भी शपथ ली।

# संक्षिप्त-समाचार

## अवैध कब्जा और धमकाने के आरोप में चार पर केस दर्ज



**रादौर।** पुराने रामलीला मैदान में खाली पड़े एक प्लाट पर कुछ लोगों ने अवैध हथियारों के दम पर कब्जा करने की कोशिश की। आरोप है की प्लाट के मालिकों को देशी कट्टे के साथ धमकाकर प्लाट में पड़ा सामान चुरा लिया। प्लाट के मालिकों की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार कर उन्हें बुरी तरह से धमकाया। जिसके बाद खाली पड़े प्लाट पर जबरन कुछ लोगों ने लोहे के गाटर व लकड़ी की बलिया बांधकर अवैध कब्जा कर लिया। रादौर पुलिस ने प्रभावित व्यक्ति की शिकायत पर चार लोगों के अलावा अन्य 10-12 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। मामले में नामजद लोगों को अभी गिरफ्तार नहीं किया है। ईश्वरचंद पुत्र ओमप्रकाश निवासी मकान नंबर 900, वार्ड नंबर 5, नागर गली, रादौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके घर के सामने उनका एक प्लाट खाली पड़ा हुआ था। 11 अक्टूबर को उन्होंने अपने खाली प्लाट की चारदीवारी बनाने के लिए काम शुरू किया था। इतने में उनका पड़ोसी कुलदीप, यशपाल, अनुज व कर्मप्रकाश 10-12 हथियारबंद लोगों के साथ प्लाट पर पहुंचा और उन्होंने हमें धक्के देकर प्लाट से बाहर कर दिया। उनके व उनके परिवार की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज की गई। इस दौरान उन्हें देशी कट्टे दिखाकर धमकाया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं प्लाट पर पड़े उनके लोहे के सामान को भी उपरोक्त लोग चुरा ले गये। शिकायतकर्ता ईश्वरचंद ने बताया कि वह वरिष्ट नागरिक है और उसका कुछ समय पहले दिल का ऑपरेशन हुआ था। उसके पड़ोसी उनके प्लाट पर कब्जा करने की नीयत से उनके परिवार के लोगों को गली से गुजरने पर धमकाते हैं। जिससे उनका जीना मुश्किल हो गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

## हरियाणा में पुलिस कर्मियों को मिलेगा साप्ताहिक अवकाश

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक ने प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों को पत्र जारी करके निर्देश दिए हैं कि वह अपने अधीनस्थ काम करने वाले कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश देना यकीनी बनाएं। सरकार द्वारा तय की गई गाइडलाइन के अनुसार रोजाना औसतन 15 प्रतिशत कर्मचारियों को ही साप्ताहिक अवकाश दिया जाएगा। इस दायरे में सिपाही से लेकर इंस्पेक्टर तक के अधिकारी शामिल किए हैं। सरकार की स्वीकृति के बावजूद कई जिलों में पुलिस कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश नहीं मिल रहा है। जिससे वह भारी तनाव का शिकार हो रहे हैं। कोरोना काल में हरियाणा पुलिस के करीब आठ सौ जवान ड्यूटी देते हुए पॉजिटिव हो चुके हैं। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय के पास शिकायतें आने के बाद पुलिस महानिदेशक मनोज यादव ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों और अन्य अधिकारियों को जारी पत्र में साप्ताहिक अवकाश योजना को कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी के अनुसार जिलों में या तो कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश मिल ही नहीं रहा है और कई जगह बहुत कम संख्या में अवकाश दिया जा रहा है। डीजीपी ने सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वह 15 प्रतिशत के फार्मूले के साथ पुलिस कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने के लिए अपने अधीन अधिकारियों को तुरंत निर्देश जारी करें। अवकाश के संबंध में विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भी जारी की जाएगी।

## करनाल में कोरोना से तीन की मौत 28 नए केस

**करनाल।** जिले में शुक्रवार को करोना से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई है जबकि 28 केस पॉजिटिव पाए गए हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सिविल सर्जन की रिपोर्ट के अनुसार बताया कि जिले में अब तक कोरोना संक्रमण से संदिग्ध कुल 84154 व्यक्तियों के सैम्पल लिए गए, जबकि इनमें से 74989 की रिपोर्ट नेगिटिव आई है। 7998 मामले पॉजिटिव हैं, जिनमें से 114 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है, 393 एक्टिव हैं और 7521 मरीज ठीक होकर अपने घर चले गए। जिला में शुक्रवार को 28 केस पॉजिटिव पाए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि शुक्रवार को 55 मरीज ठीक होकर अपने घर गए हैं। उपायुक्त ने जिलावासियों से कहा कि वह जरूरी कार्य के लिए ही बाहर निकलें, मास्क का प्रयोग करें, सोशल डिस्टैंसिंग का ध्यान रखें और अपने आपको निरंतर सैनिटाइजिंग करते रहें।

## मिट्टी कला बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त करे सरकार : रंबा

**कुरुक्षेत्र।** प्रजापति जागरूक सभा की एक बैठक प्रदेशाध्यक्ष रामकुमार रंबा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रेस सचिव सुरेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान सभा द्वारा किए जा रहे कार्यों की रूपरेखा रखी गई। प्रदेशाध्यक्ष रंबा ने सर्वसम्मति से गोपी राम चोलिया को सभा का संरक्षक व अमित कुमार नागवान को युवा प्रदेशाध्यक्ष बनाया। नवनियुक्त गोपी राम चोलिया ने कहा कि वे सभा एवं समाज के लोगों के हित में कार्य करेंगे। अमित कुमार नागवान ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, वे उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। इस दौरान नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। रंबा ने मिट्टी कला बोर्ड का कार्यकाल दिसंबर 2021 तक बढ़ाने पर हरियाणा सरकार आभार जताते हुए सीएम मनोहर लाल से मांग की कि बोर्ड के चेयरमैन की नियुक्ति भी जल्द से जल्द की जाए। बैठक में देशराज ठेकेदार, मास्टर मोती राम, रविंद्र कुमार, सुरेंद्र नागवान, जोधा सिंह, कुलदीप और हीरा लाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# बंदा बहादुर की याद में मार्शल आर्ट स्कूल बनाएगी सरकार

## बाबा बंदा बहादुर के जन्म दिवस पर हुआ वेबिनार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर की लौहगढ़ की राजधानी का पता लगाने के लिए उन्होंने वर्ष 2016 में निर्देश दिए थे तो उत्तर भारत में चार जगहों का नाम लौहगढ़ था, पर उनकी असली राजधानी लौहगढ़ यमुनानगर जिले वाली ही पाई गई। बाबा बंदा सिंह बहादुर के शौर्य को देखते हुए उनकी याद में लौहगढ़ में एक मार्शल आर्ट स्कूल खोलने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा लौहगढ़ में एक ट्रस्ट बनाया गया है जो इसके प्राचीन महत्व को एक संग्रहालय के रूप में विकसित करेगा। हरियाणा सरकार लौहगढ़ को एक पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित कर रही है।



मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां वैबिनार के माध्यम से बाबा बंदा सिंह बहादुर के 350वें जन्म दिवस पर आयोजित समापन समारोह के अवसर पर अपना संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहाहुर का जन्म भले ही जम्मू-कश्मीर के उस समय के पुंछ जिले के एक राजपूत परिवार में हुआ था और उनका नाम लक्ष्मण देव था, परंतु उन्होंने माधो दास बैरागी के नाम से महाराष्ट्र के नांदेड़ में अपने बैराग्य जीवन में तपस्या की थी।

उन्होंने कहा कि बाबा बंदा बहादुर ने देश के लिए शक्ति भाव व सैनिक भाव के जज्बे की शुरुआत गुरु गोविंद सिंह के मार्गदर्शन में उस वक्त की थी जब मुगलों के अत्याचार से निराशा, अंधकार और भय का वातावरण था। आज जब पड़ोसी देश भारत को बुरी नजर से देख रहे हैं, इसलिए युवा पीढ़ी को बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन से प्रेरणा लेकर देशभक्ति की भावना के साथ आगे आना होगा। वेबिनार को पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के पूर्व कुलपति, इतिहासकार डॉ. जसपाल सिंह, बाबा जतिन्द्र पाल सिंह सोढ़ी, हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के उपाध्यक्ष सरदार गुरविंद्र सिंह, बाबा बंदा सिंह बहादुर सिख सम्प्रदाय के राष्ट्रीय संयोजक शिव शंकर पाहवा ने भी संबोधित किया।

# एसपी ने दिए गश्त बढ़ाने के निर्देश

**सोनीपत।** एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने लघु सचिवालय में अपराध गोष्ठी के दौरान अधिकारियों एवं यूनिट प्रभारियों को अपराध पर अंकुश लगाने और गश्त बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए। संगीन एवं अनसुलझे मामलों को तुरंत सुलझा कर न्यायालय में चालान तय सीमा में पेश करने के लिए कहा।

एसपी ने कहा कि संगीन एवं अनसुलझे मामलों को शीघ्र सुलझाये। आर्थिक अपराध एवं धोखाधड़ी के मामलों की गहनता से जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाये। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विशेष तौर से गश्त बढ़ा कर लूट व चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाये। अपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जाये। अवैध हथियारों, अवैध शराब व मादक पदार्थ तस्करी के धंधे पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाये। पीओ, बैल जम्परों, पैरोल जम्परों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाये। अपनी डयूटी सच्ची लगन, मेहनत, ईमानदारी व निष्पक्षता के साथ करे। महिलाओं के विरूद्ध अपराधों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। वृद्ध पुरुषों व महिलाओं को चेकिंग के दौरान परेशान न किया जाये। गश्त के दौरान असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाये।

# टीमों का सहयोग करें गांव के किसान : चेतना



सरपंच व पंचों की बैठक लेते प्रशासनिक अधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** पिहोवा

**तहसीलदार** चेतना चौधरी की अध्यक्षता में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय पिहोवा के बैठक हॉल में शुक्रवार को एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में पटवारी, ग्राम सचिव, सरपंच, पंच व नम्बरदारों को उनके क्षेत्र में पराली न जलाने के बारे में किसानों को और अधिक जागरूक करने के बारे में कहा।

तहसीलदार चेतना चौधरी ने सरपंचों व पंचों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे अपने गांवों में किसानों को पराली न जलाने के बारे में जागरूक करते रहें। उन्होंने कहा कि सरपंच व पंच प्रशासन का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 के चलते पहले से ही वातावरण में गंभीर बीमारी फैली हुई है। यदि पराली जलाना न रोका तो, वातावरण और अधिक प्रदूषित हो जाएगा, जिससे स्वास्थ्य को और अधिक नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान पराली न जलाने के आदेशों का विरोध करता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही करके एफआईआर दर्ज भारी जुर्माना भी लगाया जाए। तहसीलदार ने कहा कि प्रशासन द्वारा तैयार की गई टीमें जब दौरे के लिए गांवों में जाती हैं, तो कुछ लोग उनके साथ बुरा व्यवहार करते हैं। इस कारण टीमों को गांवों में जाकर फसल के अवशेषों को न जलाने के बारे में किसानों से बात करने में बहुत परेशानी आती है। उन्होंने सरपंचों व पंचों से कहा कि वे किसानों को ऐसा व्यवहार करने से रोकें। अन्यथा उनके खिलाफ प्रशासन को सख्त कार्रवाई करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

# सांसद सैनी ने चढ़ूनी गुट व कांग्रेसियों पर लगाया धक्का-मुक्की का आरोप



## ट्रैक्टर यात्रा के दौरान किसान की मौत का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ

**नारायणगढ़** में ट्रैक्टर यात्रा के दौरान किसान की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा किसान की मौत के लिए चढ़ूनी गुट और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहर रहा रही है। यही नहीं चढ़ूनी के खिलाफ केस भी दर्ज किया है। कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद नायब सैनी ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

शुक्रवार को चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए नायब सैनी ने चढ़ूनी गुट और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर ट्रैक्टर यात्रा के दौरान किसानों से धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया, जिससे किसान की मौत हो पाई है। हालांकि नायब सैनी किसान की मौत धक्का-मुक्की या मारपीट से हुई है या फिर उनसे हाथापाई की गई है, जिससे स्पष्ट सबूत नहीं दे पाए। वहीं मृतक किसान भरत राणा के भतीजे अनिल राणा का कहना है कि ट्रैक्टर यात्रा के दौरान रास्ता रोके जाने से उनके ताऊ घबरा गए थे और जिस कारण उनकी मौत हुई है। हालांकि अभी पोस्टमार्टम रिपार्ट आनी बाकी है। उन्होंने स्पष्ट किया उनके साथ किसी ने कोई हाथापाई या धक्का-मुक्की नहीं की।

पत्रकारों से सांसद नायब सैनी ने कहा कि कृषि कानूनों के जनजागरण को लेकर ट्रैक्टर यात्रा निकाली जा रही थी। इसी दौरान भाकियू और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रास्ता रोक लिया। कांग्रेस किसानों के नाम पर राजनीति कर रही है। सैनी ने आरोप लगाया कि चढ़ूनी गुट और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ट्रैक्टर यात्रा में शामिल हुए किसानों के साथ मारपीट की।

# शिक्षा रोजगार के लिए नहीं, अच्छे संस्कार के लिए हो

## पूर्व राष्ट्रपति कलाम की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी में बोले जजपा नेता सभ्रवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

**जननायक** जनता पार्टी की जिला इकाई की ओर से भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइलमैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। पंजाबी बिरादरी के अभिषेक झांब और ओमप्रकाश गुप्ता के संयोजन में आयोजित गोष्ठी में बतौर मुख्यातिथि जजपा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट श्याम सुंदर सभ्रवाल शामिल हुए। मंच संचालन दिनेश कपूर ने किया।



पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर आयोजित गोष्ठी में जजपा नेता श्याम सुंदर सभ्रवाल का स्वागत करते आयोजक।

मौके पर श्याम सुंदर सभ्रवाल ने कहा कि डॉ. कलाम संघर्ष की मिसाल थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। उनकी सोच थी कि शिक्षा के क्षेत्र में नए अविष्कार से युवाओं को उचित अवसर मिले और इसीलिए वे लगातार संघर्ष करते रहे। सभ्रवाल ने कहा कि डॉ. कलाम ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी पढ़ाई जारी रखी तथा जीवन के अंतिम क्षणों तक अध्यन्नरत रहे।

उन्होंने डीआरडीओ, इसरो, नासा जैसी प्रमुख एजेंसियों में काम किया और परमाणु पोखरण परीक्षण, अग्नि व पृथ्वी मिसाइल राष्ट्र को समर्पित की और भारत के 11वें राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण कर राष्ट्रहित में अनेकों काम किए। डॉ. अब्दुल कलाम हमेशा थे कि हमें शिक्षा केवल रोजगार के लिए नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार के लिए लेनी चाहिए। इस अवसर पर लवली दुआ, किशनलाल मेहता, संजय चांदना, विनोद अरोड़ा, नरेंद्र सहगल, दलीप कालरा, किशोर नंदवानी, कमल मखीजा, संतोष गुप्ता, सविता झांब, टेकचंद सैनी, मलखान सिंह, मास्टर रणबीर, बिमला चौधरी, सत्येंद्र झाबुआ और कमलेश डाबला के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# नवरात्रों में कानून व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद

**कैथल।** आज से शुरु हो रहे नवरात्रों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शशांक सावन के निर्देशानुसार जिला पुलिस असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए अलर्ट हैं। मंदिरों और भीड़ वाले बाजारों आदी सार्वजनिक स्थानों पर जेबतराशी, चोरी और छेड़छाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस द्वारा नवरात्रों के दौरान निरंतर पैनी नजर रखी जाएगी। बाजारों में खरीदारी करने जाने वाली महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई हैं। असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए बाजारों व मंदिरों में सादा कपड़ों में अतिरिक्त महिला सहित व्यापक पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्ती से पेश आते हुए नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाने के आदेश दिए हैं। एसपी सावन ने बताया कि कैथल व आसपास स्थित कस्बों के मुख्य बाजारों व भीड़ वाले स्थानों पर पुलिस मुस्तैदी पूर्वक गश्त करते हुए अपराधी तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी।

# नवरात्र में हर दिन का एक विशेष रंग होता है : लक्ष्मी प्रसाद

## नवरात्र पर्व देवी शक्ति मां दुर्गा की उपासना का उत्सव है

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**भगवान** श्री नृर सिंह परमार्थ ट्रस्ट शाहाबाद के संचालक आचार्य लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री ने कहा कि नवरात्रि में 9 दिनों तक माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है। नवरात्र के समय घरों में कलश स्थापित कर दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू किया जाता है। नवरात्रि के दौरान देशभर में कई शक्ति पीठों पर मेले लगते हैं। कई मंदिरों में जागरण और मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां बनाई जाती हैं। केन्द्रीय सरकार द्वारा कोरोना नियमों का अवश्य पालन करें।



भगवान श्री नृर सिंह परमार्थ ट्रस्ट शाहाबाद के संचालक आचार्य लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री।

उन्होंने बताया कि नवरात्र पर्व देवी शक्ति मां दुर्गा की उपासना का उत्सव है। नवरात्र के नौ दिनों में देवी शक्ति के अलग-अलग रूप की पूजा की जाती है। शारदीय नवरात्रि अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक मनाई जाती है। शरद ऋतु में आगमन के कारण ही इसे शारदीय नवरात्र कहा जाता है। शारदीय नवरात्रि 17 अक्टूबर से शुरू हो रही है। शक्ति का यह महापर्व 25 अक्टूबर तक चलेगा। कई स्थानों में चौदश तिथि 30 अक्टूबर तक भी व्रत रखते है। उन्होंने बताया कि नवरात्र में घर पर मां दुर्गा की फोटो या मूर्ति को स्थापित करने के लिए लकड़ी की चौकी का होना जरूरी है। माता को लाल रंग का कपड़ा बहुत पसंद होता है, ऐसे में चौकी पर बिछाने के लिए लाल कपड़ा अवश्य होना चाहिए। कलश स्थापना में सोने, चांदी या मिट्टी के कलश का प्रयोग किया जा सकता है। कलश स्थापना और मां दुर्गा की पूजा में आम के पत्तों का होना बहुत जरूरी होता है। आम के पत्तों से तोरण द्वार बनाना चाहिए। नवरात्र में कलश स्थापना और पूजा में जटा वाला नारियल के साथ पान, सुपारी, रोली, सिंदूर, फूल और फूल माला, कलावा और अक्षत यानि साबूत चावल होना चाहिए। हवन के लिए आम की सूखी लकड़ी, कपूर, सुपारी, घी और मेवा जैसी सामग्री का होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रथम नवरात्र पर मां शैलपुत्री पूजा की जाती है, द्वितीय नवरात्र पर मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है, जबकि तृतीया नवरात्र पर मां चंद्रघंटा पूजा होती है। इसके अलावा चतुर्थ नवरात्र पर मां कूष्मांडा की उपासना होती और पंचम नवरात्र पर मां स्कंदमाता को पूजा जाता है। षष्ठ नवरात्र पर मां कात्यायनी रूप की पूजा होती है, जबकि सप्तमी नवरात्र में मां कालरात्रि रूप में पूजा होती है और अष्टमी नवरात्र पर मां महागौरी तथा नवम नवरात्र पर मां सिद्धिदात्री रूप में पूजा होती है।

उन्होंने कहा कि नवरात्र के समय हर दिन का एक विशेष रंग होता है। मान्यता है कि इन रंगों का उपयोग करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। आप प्रतिपदा को पीला, द्वितीया को हरा, तृतीया को भूरा, चतुर्थी को नारंगी, पंचमी को सफेद, षष्ठी को लाल, सप्तमी को नीला, अष्टमी को गुलाबी और नवमी को बैंगनी रंग के वस्त्र पूजा में पहन सकते हैं। इसके अलावा घर के मुख्य द्वार पर रंगोली भी 9 दिन इन रंगों से बना सकते है।

## उच्च रक्तचाप और शुगर से पीड़ित लोगों को सावधान रहने की जरूरत है डॉ. शैली

**कुरुक्षेत्र।** नवरात्रों के व्रतों के दौरान मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को सेहत को लेकर सचेत और सजग रहने की जरूरत है। इस दौरान वे ऐसा भोजन अथवा फलाहार चुनें, जिसका उनके स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव न पड़ें। यह कहना है लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली का। उन्होंने 17 अक्टूबर से शुरू होने वाले नवरात्रों की पूर्व संध्या पर बताया कि नवरात्र के व्रत के दौरान ऐसा फलाहर चुनें, जो रेशों से भरपूर हो और पचने में ज्यादा समय लें जिससे शरीर स्वस्थ रहता है और लंबे समय तक ऊर्जा मिलती है। इसमें अरबी, कद्दू, सिंघाड़ा और राजगीर को शामिल किया जा सकता है। मौसमी, केला, सेब, नाशपाती, पपीता का सेवन करना शरीर को फायदा पहुंचाता है। साबूदाने की खीर और खिचड़ी दही के साथ खाई जा सकती है। कूटू के आटे की चाली, आलू-पनीर की कड़ी, सलाद में खीरा और सिंघाड़े के आटे की रोटी भी नवरात्र के के व्रतों के दौरान शरीर के लिए लाभदायक होती है। नारियल, पानी, मखाना मूंगफली और ड्राई फ्रूटस का इस्तेमाल करें, तले भुने और मसालेदार से दूर रहें और पानी की मात्रा तीन से चार लीटर तक बढ़ा दें। बाजार से मंगाए गए फूड पैकेट्स और मिठाई से परहेज करने की सलाह देते हुए डा. शैली ने बताया की डिब्बाबंद पैकेट्स में मौजूद भोजन प्रोसैस्ड चीनी और रिफाइंड तेल से बने होते हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक होते हैं। इसलिए इस दौरान घर में बनी मिठाई का इस्तेमाल करें।

## प्रेरणा



पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

बेटी ममता, बेटी प्रीति, बेटी हया की सूरत है,
चाहे किसी की हो ना हो, इस जग की बड़ी जरूरत है,
बेटी जग का जीवन है, बेटी खुशियों का सागर है,
उसको घर नहीं स्वर्ग कहो, जिसमें बेटी का आदर है।

# बुजुर्गों को निशाना बनाकर की जा रही धोखाखड़ी योजना का भंड़ाफोड़

**ललित के झा।** वाशिंगटन

### गिरोह का सरगना एक अमेरिकी नागरिक है और यह भारत से कॉल सेंटरों के जरिए अपना काम कर रहा था



**भारत** की जांच एजेंसी सीबीआई और अमेरिका के न्याय विभाग ने अभूतपूर्व तालमेल का परिचय देते हुए अमेरिका में कथित रूप से सैंकड़ों बुजुर्गों और अरक्षित लोगों को धोखा देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह का सरगना एक अमेरिकी नागरिक है और यह भारत से कॉल सेंटरों के जरिए अपना काम कर रहा था।

अमेरिका के न्याय विभाग ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि कैलिफोर्निया का निवासी माइकल ब्रायन कोटर (59) तकनीकी समर्थ्रन प्रदान करने के नाम पर चलाए जाने वाली इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए भारत में अपने साथियों को मदद मुहैया कराता था। अमेरिका में एक शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद एक संघीय अदालत ने कोटर और उसकी पांच कंपनियों को इस योजना को बंद करने का आदेश दिया है, जिसके तहत अमेरिका में कथित रूप से सैंकड़ों बुजुर्गों और अरक्षित वर्गों को धोखाधड़ी का शिकार बनाया जा चुका है।

बयान में कहा गया है कि सीबीआई को जब यह पता चला कि ये कंपनियां भारत में विभिन्न स्थानों से अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी योजना को अंजाम दे रही हैं, तो उसने इस योजना में शामिल पांच कंपनियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया और इससे जुड़े लोगों की पहचान करने तथा उनका पता लगाने की कवायद शुरू की। बयान के अनुसार इन कंपनियों के दफ्तरों और इनके निदेशकों के आवासों पर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। विभाग के बयान में कहा गया है, सीबीआई ने अभूतपूर्व तालमेल का परिचय देते हुए भारत में दिल्ली, नोएडा, गुड़गांव और जयपुर में इस योजना में शामिल कंपनियों और लोगों के खिलाफ कार्वाई की।

न्याय विभाग ने कहा कि सीबीआई ने तलाशी अभियान के दौरान योजना से संबंधित डिजिटल सबूतों को एकत्रित कर उन्हें जब्त कर लिया।

## कोरोना वायरस की दूसरी लहर की आशंका में एशियाई बाजार मिश्रित

**तोक्यो।** कोरोना वायरस की दूसरी लहर की आशंका तथा अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव व आर्थिक राहत पैकेज से जुड़ी चिंताओं के कारण शुक्रवार को एशियाई शेयर बाजार मिश्रित रहे।

निवेशकों की निगाहें चीन में अगले सप्ताह जारी होने जा रहे आर्थिक आंकड़ों के ऊपर भी लगी रहीं। कारोबार के दौरान जापान और चीन के शेयर बाजार तेजी में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया में गिरावट में रहे। अमेरिका के वॉल स्ट्रीट में गिरावट का रुख जारी रहा और एसएंडपी 500 लगातार तीसरे सप्ताह नुकसान में रहा।

# कृषि सुधार देश के किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण : प्रधानमंत्री

### मोदी बोले, एमएसपी और सरकारी खरीद देश की खाद्य सुरक्षा का अहम हिस्सा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में किए कृषि सुधारों को देश में कृषि क्षेत्र के विस्तार और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और सरकारी खरीद देश की खाद्य सुरक्षा का अहम हिस्सा हैं, इसलिए इनका जारी रहना स्वाभाविक है।

प्रधानमंत्री ने यह बात शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर उन्होंने 75 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया। साथ ही हाल ही में विकसित की गई आठ फसलों की 17 जैव संवर्धित किस्मों को भी राष्ट्र को समर्पित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, देश के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने वाली एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड प्रणाली लागू हो चुकी है। हाल में तीन बड़े कृषि सुधार हुए हैं। देश के कृषि क्षेत्र के सुधार और किसानों की आय बढ़ाने में ये बहुत ही महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को लागत का डेढ़ गुणा दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के रूप में मिले, इसके लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन सुधारों के जरिए किसान को ज्यादा विकल्प देने के साथ ही उन्हें कानूनी रूप से संरक्षण देने का भी काम किया गया है।

उन्होंने कहा, न्यूनतम समर्थन मूल्य और सरकारी खरीद देश की खाद्य सुरक्षा का अहम हिस्सा हैं, इसलिए इनका जारी रहना स्वाभाविक है। कृषि उपज विपणन समिति (एपीएमसी) का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह व्यवस्था सालों से देश में चली आ रही है, जिसकी अपनी एक पहचान है और अपनी ताकत भी है। बीते छह सालों में कृषि मंडियों के आधारभूत संरचना विकास के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए अब ढाई हजार करोड़ से अधिक का निवेश किया जा चुका है। उन्होंने कहा, यह मंडिया आगे भी जारी रहे, इसके लिए प्रतिबद्ध हैं। नए विकल्पों से छोटे किसान, मंडियों तक पहुंच न होने के कारण पहले मजबूरी में बिचौलियों को अपनी उपज बेच देते थे। अब बाजार स्वयं छोटे-छोटे किसानों के दरवाजे तक पहुंचेगा। इससे किसान को ज्यादा दाम तो मिलेंगे ही, बिचौलियों से मुक्ति भी मिलेगी। युवाओं के लिए नए रास्ते भी खुलेंगे।

उन्होंने कहा कि छोटे किसानों को ताकत देने के लिए एफपीओ का एक बड़ा नेटवर्क देश भर में तैयार किया जा रहा है। कृषि उत्पादक संघ बनाने का काम तेजी से चल रहा है। भारत में अनाज की बर्बादी को बहुत बड़ी समस्या बताते हुए मोदी ने कहा कि आवश्यक वस्तु अधिनियम में संशोधन से अब स्थितियां बदलेंगी। कोरोना के दौरान सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने के कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तमाम चिंताओं के बीच भारत पिछले 7-8 महीनों से लगभग 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रहा है।

उन्होंने कहा, इस दौरान भारत ने करीब-करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये का खाद्यान्न गरीबों को मुफ्त बांटा है। उन्होंने कहा कि संक्रमण काल में जहां पूरी दुनिया संघर्ष कर रही है, वहीं भारत के किसानों ने इस बार पिछले साल के उत्पादन के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मोदी ने कहा कि आज भारत में निरंतर ऐसे सुधार किए जा रहे हैं, जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि खेती और किसान को सशक्त करने से लेकर भारत की खाद्य वितरण व्यवस्था तक में एक के बाद एक सुधार किए जा रहे हैं।

### संरा के कृषि निकाय के 75 साल होने पर प्रधानमंत्री ने जारी किया विशेष सिक्का

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के 75 साल पूरे होने के मौके पर शुक्रवार को यहां 75 रुपये का सिक्का जारी किया।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश से कुपोषण को दूर करने के लिए बाजरे और अधिक पोषण वाली फसलों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि बायोफोर्टिफाइड फसल की आज पेश की गई 17 नई किस्मों से किसानों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने नए कृषि कानूनों के बाद बनी भ्रम की स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनकी सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसलों की खरीद करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एमएसपी पर खाद्यान्नों की खरीद देश की खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव अच्छी बनाम बुरी नीतियों के बारे में है : ट्रंप समर्थक



**ग्रीनविले ( अमेरिका )।** अमेरिका में उत्तरी कैरोलाइना के ग्रीनविले शहर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक का मानना है कि 2020 का राष्ट्रपति चुनाव अच्छी और बुरी नीतियों के बीच चुनाव का मौका देता है।

ट्रंप के हजारों समर्थक अपने नेता को देखने और सुनने के लिए बृहस्पतिवार को उत्तरी कैरोलाइना में पिट-ग्रीनविले हवाई अड्डे पर एकत्र हुए थे। कोरोना वायरस के संक्रमण के बाद राज्य में ट्रप की यह पहली चुनावी रैली थी। रैली में आए लोगों में से कई ने गर्भपात, धार्मिक स्वतंत्रता, बंदूक रखने का अधिकार, अवैध आव्रजन और स्वास्थ्य देखभाल जैसे कई मुद्दों पर अपना पक्ष रखा और कहा कि इन्हीं कुछ प्रमुख मुद्दों को लेकर वे राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। अंशकालिक तौर पर अकाउंटेंट की काम करने वाली ब्रांडी क्राउस न बताया कि हमारे पास अच्छी नीतियां हैं और हमारे पास बुरी नीतियां भी हैं। इस वर्ष हमारे पास इसमें से चुनने का विकल्प है।

### मास्क पहनने वाले हमेशा ही संक्रमित रहते हैं : ट्रंप

**राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जो लोग चेहरे पर मास्क पहनते हैं वे हर समय कोरोना वायरस से संक्रमित रहते हैं। हालांकि उनके इस दावे के पीछे कोई साक्ष्य नहीं है।

मियामी में बृहस्पतिवार को एनबीसी न्यूज के टाउन हॉल कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने यह दावा किया। राष्ट्रपति से 26 सितंबर को व्हाइट हाउस में बड़े पैमाने पर हुए एक कार्यक्रम के बारे में सवाल पूछा गया था जिसके बारे में माना जाता है कि वह संक्रमण का स्रोत रहा और उसमें शामिल होने वाले कई मेहमान कोविड-19 से पीड़ित हुए। कार्यक्रम में शामिल होने वाले ज्यादातर लोगों ने मास्क नहीं पहने थे। संक्रमित होने वाले लोगों में खुद राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया शामिल हैं। राष्ट्रपति स्वयं कभी-कभार ही मास्क पहनते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें मास्क से कोई दिक्कत नहीं हालांकि इसके बाद दावा किया कि मास्क पहनने वाले लोग इससे हर वक्त पीड़ित रहते हैं।

**ट्रंप ने अमेरिका में बेमियादी लॉकडाउन का विरोध किया, कहा इलाज समस्या से बदतर न हो**

**कोरोना** वायरस महामारी की समस्या से निजात पाने के लिए बेमियादी लॉकडाउन लागू करने की वकालत करने वालों का पुरजोर विरोध करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इलाज, समस्या से बदतर नहीं होना चाहिए। कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि लॉकडाउन से राज्यों को बड़े पैमाने पर क्षति पहुंची है।

## खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 2020-21 में रिकॉर्ड 1,445.2 लाख टन रहने का अनुमान : मंत्री

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को कहा कि कृषि क्षेत्र पर कोरोना महामारी का अधिक असर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि 2020-21 के खरीफ सत्र में 1,445.2 लाख टन खाद्यान्न का उत्पादन होने का अनुमान है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 2019-20 के खरीफ सत्र के दौरान खाद्यान्न उत्पादन 1,433.8 लाख टन था। अभी देश में खरीफ फसलों की कटाई चल रही है। चावल मुख्य खरीफ फसल है। तोमर ने उद्योग संगठन सीआईआई द्वारा आयोजित एक डिजिटल सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, खाद्यान्न उत्पादन पिछले साल की तुलना में बेहतर होगा। शुरुआती अनुमानों के अनुसार, 2020-21 खरीफ सीजन में खाद्यान्न उत्पादन 1,445.2 लाख टन होने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि गन्ने और कपास जैसी नकदी फसलों का उत्पादन भी अच्छा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के बावजूद इस वर्ष खरीफ फसलों की बुवाई क्षेत्र में रिकॉर्ड 4.51 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 1,121.75 लाख हेक्टेयर हो गया है। तोमर ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार है। वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही के दौरान भी यह क्षेत्र 3.4 प्रतिशत बढ़ा है। नए कृषि कानूनों पर, मंत्री ने कहा कि किसानों को सुधारों के बारे में गुमराह किया जा रहा है।

## मेक्सिको के पूर्व रक्षा मंत्री लॉस एंजिलिस में गिरफ्तार

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के शीर्ष राजदूत ने कहा है कि देश के पूर्व रक्षा मंत्री जनरल सेल्वाडोर सीनफ्यूगोस को लॉस एंजिलिस में गिरफ्तार कर लिया गया है।

विदेश संबंध मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने बृहस्पतिवार को अपने ट्विटर अकांउट से ट्वीट करके बताया कि अमेरिकी राजनयिक क्रिस्टोफर लानडाउ ने उन्हें सीनफ्यूगोस की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी दी। जनरल ने 2012 से 2018 के बीच राष्ट्रपति एनरिक पेटा नीटो के शासनकाल में रक्षा मंत्री के रूप में सेवाएं दी थीं। एबरार्ड ने कहा कि उन्हें एलए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया था। एबरार्ड ने हालांकि यह नहीं बताया कि उन्हें किस आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने लिखा है कि लॉस एंजिलिस में मेक्सिको के वाणिज्य दूत उन्हें अगले कुछ घंटों में आरोपों के बारे में सूचित करेंगे।

# डीजल की मांग भी कोविड-19 महामारी से पहले के स्तर पर लौटी




**नई दिल्ली।** इस साल अक्टूबर महीने के पूर्वार्द्ध में डीजल की मांग में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस तरह से पेट्रोल के बाद अब डीजल की मांग भी कोरोना वायरस महामारी से पहले के स्तर पर लौट आई है। उद्योग जगत के आंकड़ों से इसका पता चला है।

डीजल भारत में सबसे अधिक खपत वाला ईंधन है। यह कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए देशभर में मार्च में लगाए गए लॉकडाउन के बाद डीजल की बिक्री में इस साल की पहली सालाना वृद्धि है। महामारी के बाद लोग निजी वाहनों को अधिक तरजीह देने लगे हैं। इस कारण पेट्रोल की मांग में डीजल की तुलना में बेहतर सुधार हुई है। एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर के दौरान के आंकड़ों में अनुमान से बेहतर सुधार देखने को मिला है।

पेट्रोल की मांग पिछले महीने कोरोना वायरस महामारी से पहले के स्तर पर आ गई थी। अक्टूबर के पूर्वार्द्ध में पेट्रोल की बिक्री सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत बढ़कर 9,82,000 टन पर पहुंच गई। यह बिक्री साल भर पहले की समान अवधि में 9,67,000 टन और सितंबर के पहले पखवाड़े में 9,68,000 टन थी। भारत में 25 मार्च को लॉकडाउन लगाए जाने के बाद से मांग में अप्रत्याशित गिरावट देखने को मिली। अप्रैल महीने में ईंधन की मांग 49 प्रतिशत तक गिर गई थी। इस दौरान विमानन ईंधन एटीएफ की मांग साल भर पहले की तुलना में 57 प्रतिशत नीचे 1,35,000 टन पर आ गई। हालांकि यह एक महीने पहले के 1,30,000 टन से 2.5 प्रतिशत अधिक है।

इस दौरान रसोई गैस (एलपीजी) की बिक्री 11.6 लाख टन रही, जो साल भर पहले की तुलना में सात प्रतिशत और महीने भर पहले की तुलना में तीन प्रतिशत अधिक है।

## मेक्सिको के पूर्व रक्षा मंत्री नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पूर्व रक्षा मंत्री जनरल सेल्वाडोर सीनफ्यूगोस को मादक पदार्थों की तस्करी और धनशोधन के आरोप में लॉस एंजिलिस में गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी और मेक्सिको के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

पूर्व रक्षा मंत्री की गिरफ्तारी की जानकारी रखने वाले दो लोगों ने बताया कि सीनफ्यूगोस को मादक पदार्थों की तस्करी और धन शोधन के आरोपों में अमेरिकी ड्रग प्रवर्तन निदेशालय (डीईए) के वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। वहीं डीईए ने बृहस्पतिवार को इस संबंध में कुछ भी बताने से इनकार किया। मेक्सिको के विदेश मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने बृहस्पतिवार को अपने ट्विटर अकांउट से ट्वीट करके बताया कि अमेरिकी राजनयिक क्रिस्टोफर लानडाउ ने उन्हें सीनफ्यूगोस की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी दी।

# साइबर हमले की चपेट में आई हल्दीराम

### कंपनी के कई विभाग का डेटा डिलीट कर दिया

### अपराधियों ने सात लाख रुपये की रंगदारी मांगी



**नोएडा।** देश की नामी फूड एवं पैकेजिंग कंपनी हल्दीराम पर साइबर हमले का मामला सामने आया है। इस मामले में कंपनी की तरफ से थाना सेक्टर 58 में शिकायत की गई है।

साइबर अपराधियो ने कंपनी के कई विभाग का डेटा डिलीट कर दिया है, जिसकी वजह से कंपनी को काफी नुकसान उठाना पड़ा रहा है। डेटा वापस करने के एवज में साइबर अपराधियों ने सात लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी अभिनेंद्र सिंह ने बताया कि फूड एवं पैकेजिंग कंपनी हल्दीराम का नोएडा के सेक्टर 62 के सी-ब्लॉक में कॉरपोरेट ऑफिस है। यहां से कंपनी का आईटी विभाग संचालित होता है। हल्दीराम कंपनी के डीजीएम आईटी अजीज खान ने पुलिस को बताया कि 12 और 13 जुलाई की रात में कंपनी पर वायरस अटैक किया था। यह अटैक कंपनी के सेक्टर 62 स्थित कॉरपोरेट ऑफिस के सर्वर पर हुआ था। इस कारण कंपनी के मार्केटिंग बिजनेस से लेकर अन्य विभाग के डेटा गायब हो गए और कई विभागों का डेटा डिलीट भी कर दिया।

शिकायत के मुताबिक कंपनी की कई महत्वपूर्ण फाइलें भी गायब हो गई। जब इसकी जानकारी कंपनी के उच्च अधिकारियों को हुई तो पहले आंतरिक जांच की गई। इसके बाद कंपनी अधिकारियों और साइबर अटैक करने वाले अपराधियों के बीच चैट हुई, तो साइबर अपराधियों ने कंपनी से सात लाख रुपये की मांग की।

जानकारी के मुताबिक कोविड-19 संक्रमण काल में जुलाई महीने में दुनिया भर की कई कंपनियों पर वायरस अटैक हुआ था। इसी दौरान देश की बड़ी फूड एंड पैकेजिंग कंपनी हल्दीराम भी इसका शिकार हो गई। साइबर जगत के विशेषज्ञों के मुताबिक दुनिया भर में फैले एक समूह ने इन कंपनियों पर वायरस अटैक किया था। इस मामले में कंपनी के डीजीएम आईटी अजीज खान की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मलेशिया : प्रधानमंत्री बनने की कोशिश कर रहे अनवर से होगी पूछताछ

**कुआलालंपुर।** मलेशिया में मौजूदा सरकार गिराने के लिए सांसदों के समर्थन की एक सूची के विपक्षी नेता अनवर इब्राहीम के के दावे पर पुलिस उनसे शुक्रवार को पूछताछ करने वाली है।

उन्होंने ऐसा दावा किया है कि उनके पास ऐसे सांसदों की सूची है जो सरकार को अपदस्थ करने में उनकी कोशिश का समर्थन कर रहे हैं। अनवर ने प्रधानमंत्री मुहिद्दीन यासीन को अपदस्थ कर नई सरकार बनाने के लिए संसद में जरूरी समर्थन का सबूत दिखाने के लिए मंगलवार को देश के राजा से मुलाकात की थी। संसद में यासीन के पास सिर्फ दो सीटों का बहुमत है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि उन्हें अनवर का कथित तौर पर समर्थन करने वाले 121 सांसदों की सूची को लेकर 113 शिकायतें मिली हैं। उन्होंने शिकायतों के संबंध में जानकारियां नहीं दी। यह सूची सोशल मीडिया पर घूम रही है।

पुलिस ने कहा कि वे सार्वजनिक शरारत और किसी को परेशान करने के नेटवर्क सुविधाओं से संबंधित कानूनों के तहत शिकायतों की जांच कर रहे हैं। अनवर को पुलिस ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय आकर बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया है। अनवर ने कहा कि राजा उनके दावे की पुष्टि के लिए नेताओं से मिलेंगे। उन्होंने पुलिस जांच के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की। यासीन मार्च में अनवर के सुधारवादी गठबंधन टूटने के बाद सत्ता में आए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सोना वायदा कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमजोर हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने जमा सौदों की कटान की जिससे वायदा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,665 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में दिसंबर का सोना वायदा भाव 47 रुपये यानी 0.09 प्रतिशत घटकर 50,665 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इस अनुबंध में 14,585 लॉट के लिए कारोबार किया गया। हालांकि, न्यूयार्क में सोना 0.10 प्रतिशत बढ़कर 1,910.90 डालर प्रति औंस हो गया।

### कच्चातेल वायदा कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमजोर हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे वायदा बाजार में कच्चा तेल शुक्रवार को 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,977 रुपये प्रति बैरल रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर महीने की डिलिवरी वाले कच्चा तेल अनुबंध की कीमत 17 रुपये यानी 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,977 रुपये प्रति बैरल रह गई। इसमें 2,982 लॉट के लिए कारोबार हुआ। कच्चातेल के नवंबर माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 21 रुपये यानी 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,001 रुपये प्रति बैरल रह गई। इसमें 272 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड का भाव 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 40.65 डॉलर प्रति बैरल चल रहा था और ब्रेंट क्रूड का भाव 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42.80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर था।

### एल्युमीनियम वायदा कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में शुक्रवार को एल्युमीनियम की कीमत 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 150.20 रुपये प्रति किग्रा रह गई। एमसीएक्स में एल्युमीनियम के अक्टूबर महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 20 पैसे अथवा 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 150.20 रुपये प्रति किग्रा रह गई जिसमें 722 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की कमजोर मांग के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से मुख्यत: यहां एल्युमीनियम वायदा कीमतों में गिरावट आई।

### निकेल वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में एलॉय निर्माताओं की मांग बढ़ने की वजह से सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में शुक्रवार को निकेल की कीमत 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,135.50 रुपये प्रति किग्रा हो गई। एमसीएक्स में निकेल के अक्टूबर महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत पांच रुपये अथवा 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,135.50 रुपये प्रति किग्रा हो गई जिसमें 2,074 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में एलॉय निर्माताओं की बढ़ती मांग के कारण मुख्यत: यहां निकेल वायदा कीमतों में तेजी को समर्थन प्राप्त हुआ।

### फर्श स्वच्छ करने वाले उत्पादों के खंड में उतरी बर्जर पेंट्स

**कोलकाता।** बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड अब साफ-सफाई तथा स्वच्छता वाले उत्पादों के खंड में उतर गई है। कंपनी ने फर्श को स्वच्छ बनाने वाला उत्पाद ब्रीद ईजी सेफ 24 पेश किया है। कंपनी के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। कंपनी ने इसके लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी से हाथ मिलाया है। कंपनी ने कहा कि अल्कोहल आधारित उत्पादों को बार-बार प्रयोग में लाना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए आईआईटी गुवाहाटी के साथ मिलकर तैयार किया गया उत्पाद पेश किया गया है, जो अधिक समय तक प्रभावी रहता है। इस उत्पाद को एक ही दिन में बार बार इस्तेमाल नहीं करना पड़ता है। कंपनी का दावा है कि यह उत्पाद फर्श को जीवाणुओं, कीटाणुओं और कोविड जैसे विषाणुओं से 24 घंटे सुरक्षित रखता है। अधिकारी ने कहा, हमें इस उत्पाद के अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। हालांकि अभी इसको लेकर राजस्व का अनुमान बता पाना जल्दीबाजी होगी। कंपनी का यह उत्पाद अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी ई-वाणिज्य वेबसाइटों और उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### दूसरी तिमाही में एचसीएल टेक का शुद्ध लाभ 18.5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 18.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,148 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि साल भर पहले की समान तिमाही में उसे 2,651 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का राजस्व 6.1 प्रतिशत बढ़कर 18,594 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 17,528 करोड़ रुपये था। तिमाही के आधार पर, शुद्ध लाभ जून तिमाही के 2,925 करोड़ रुपये से 7.4 प्रतिशत अधिक रहा, जबकि राजस्व 17,841 करोड़ रुपये से 4.2 प्रतिशत अधिक रहा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सी विजयकुमार ने कहा, हमने स्थिर मुद्रा के आधार पर 4.5 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि और कर भुगतान से पहले 21.6 प्रतिशत की लाभ वृद्धि के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए चार रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंतरिम लाभांश की सिफारिश की है। तिमाही के दौरान एचसीएल ने 15 बड़े सौदों पर हस्ताक्षर किए। सितंबर 2020 की तिमाही के अंत में एचसीएल में 1,53,085 कर्मचारी थे।

### सितंबर में यात्री वाहनों की बिक्री 26 प्रतिशत बढ़ी : सिआम

**नई दिल्ली।** सितंबर महीने में देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 26.45 प्रतिशत बढ़कर 2,72,027 इकाइयों पर पहुंच गई। साल भर पहले यानी सितंबर 2019 में 2,15,124 खुदरा वाहनों की बिक्री हुई थी। वाहन विनिर्माता कंपनियों के संगठन सिआम ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स (सिआम) के ताजे आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री साल भर पहले की 16,56,658 इकाइयों की तुलना में 11.64 प्रतिशत बढ़कर 18,49,546 इकाइयों पर पहुंच गई। इस दौरान 12,24,117 मोटरसाइकिलों की बिक्री हुई, जो साल भर पहले की 10,43,621 इकाइयों की तुलना में 17.3 प्रतिशत अधिक है। स्कूटरों की बिक्री साल भर पहले की 5,55,754 इकाइयों की तुलना में मामूली बढ़कर 5,56,205 इकाइयों पर रही। जुलाई-सितंबर 2020 की तिमाही में यात्री वाहनों की बिक्री पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से 17.02 प्रतिशत बढ़कर 7,26,232 इकाई रही। साल भर पहले यह 6,20,620 इकाई रही थी। सितंबर तिमाही के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री इस वित्त वर्ष में 46,90,565 इकाई रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 46,82,571 इकाई थी। हालांकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में इस दौरान 20.13 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। साल भर पहले सितंबर तिमाही में 1,67,173 वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री हुई थी, जो कम होकर 1,33,524 इकाइयों पर आ गई। सभी श्रेणियों के वाहनों की कुल बिक्री दूसरी तिमाही में मामूली गिरकर 55,96,223 इकाइयों पर आ गई। साल भर पहले सभी श्रेणियों में 56,51,459 वाहनों की बिक्री हुई थी।

### चीन ने लोगों को शरण देने के संबंध में कनाडा को चेताया

**ओटावा।** कनाडा में चीन के राजदूत ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार को बृहस्पतिवार को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह हांगकांग में लागू किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की वजह से वहां से भागकर यहां आने वालों को को शरण नहीं दें। चीन की ओर से हांगकांग में लागू किए गए इस कानून की खूब आलोचना हुई है। राजदूत कोंग पियू ने हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों को हिंसक अपराधी करार दिया है और कहा है कि अगर कनाडा उन्हें शरण देता है तो इसे चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के रूप में देखा जाएगा। पिछले साल हांगकांग और चीन की सरकारों के खिलाफ शहर में प्रदर्शन तेज हो गए थे। सरकारों के खिलाफ लोगों की भावनाओं और गुस्से को दबाने के लिए चीन ने हांगकांग में एक नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू कर दिया जो 30 जून से प्रभावी है। इस कानून में अलगाववादी, विध्वंसक और आतंकवादी गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के साथ ही शहर के आंतरिक मामले में विदेशी ताकतों के साथ साठगांठ पर भी रोक लगाई गई है।

# अगला महीना चुनौतीपूर्ण लेकिन पटरी पर लौटेगा सिनेमा व्यवसाय: संजीव

**फिल्मों का कारोबार दीपावली तक परवान चढ़ने की उम्मीद है क्योंकि फिल्मकारों ने नई फिल्में रिलीज करना शुरू कर दिया**




**नई दिल्ली।** पीवीआर लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक संजीव बिजली ने कहा है कि अगला एक महीना थोड़ा चुनौतीपूर्ण जरूर रहेगा, लेकिन फिल्मों का कारोबार दीपावली तक परवान चढ़ने की उम्मीद है क्योंकि फिल्मकारों ने नई फिल्में रिलीज करना शुरू कर दिया है।

गौरतलब है कि सात महीने बंद रहने के बाद देश के कई हिस्सों में सिनेमा हॉल खुल गए हैं। दिल्ली में, मध्य प्रदेश और गुजरात के कुछ हिस्सों में कोविड-19 संबंधी सख्त नियमों को ध्यान में रखते हुए थिएटर और मल्टीप्लेक्स बृहस्पतिवार को खुल गए लेकिन महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल और छत्तीसगढ़ में सिनेमाघर अब भी बंद हैं।

बिजली ने बताया कि सिनेमाघरों ने मानक संचालन प्रक्रियाओं के मद्देनजर व्यवस्था बनाई है जैसे कि एक-एक सीट छोड़कर बैठना, क्षमता की 50 फीसदी टिकटें ही बेचना, खाने पीने का पैकेटबंद सामान बेचना, थर्मल जांच और सैनिटाइजेशन आदि।

कई सिनेमाघरों का संचालन प्रारंभ हो गया है लेकिन अभी कोई नई फिल्म रिलीज नहीं हुई है इसलिए पुरानी फिल्मों का ही प्रदर्शन किया जा रहा है। बिजली ने पीटीआई-भाषा से कहा, सिनेमाघर आने पर नई फिल्में देखने को नहीं मिल रहीं लेकिन खुशी इस बात की है कि थिएटर खुल गए हैं। मुझे लगता है कि अगले दो सप्ताह हम सभी के लिए परीक्षा वाले रहेंगे।

उन्होंने बताया कि 83 और सूर्यवंशी जैसी फिल्में क्रिसमस या नए साल पर रिलीज होंगी लेकिन नवंबर में, दीपावली से पहले भी कुछ अहम फिल्में रिलीज होने वाली हैं जिनमें बंटी और बबली-दो, संदीप और पिंकी फरार, टेनेट, डेविड कॉपरफील्ड। उन्होंने बताया कि कई तमिल, बांग्ला और पंजाबी फिल्में भी कतार में हैं तथा दर्शकों को बहुत कुछ नया देखने को मिलेगा।

## 1990 से जीवन प्रत्याशा 10 वर्ष बढ़ी है : लांसेट अध्ययन

**नई दिल्ली।** एक नए अध्ययन में पता चला है कि भारत में 1990 से ले कर पिछले तीन दशक में जीवन प्रत्याशा 10 वर्ष से अधिक बढ़ी है, लेकिन इन मामलों में राज्यों के बीच काफी असमानता है।

इस अध्ययन में विश्व भर के 200 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में मृत्यु के 286 से अधिक कारणों और 369 बीमारियों की समीक्षा की की गई। लांसेट जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार वर्ष 1990 में भारत में जीवन प्रत्याशा 59.6 वर्ष थी जो 2019 में बढ़कर 70.8 वर्ष हो गई। केरल में यह 77.3 वर्ष हैं वहीं उत्तर प्रदेश में 66.9 वर्ष है। अध्ययन में शामिल गांधीनगर के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ के श्रीनिवास गोली कहते हैं कि भारत में स्वस्थ जीवन प्रत्याशा बढ़ना उतना आकस्मिक नहीं है। जितना जीवन प्रत्याशा बढ़ना क्योंकि लोग बीमारी और अक्षमताओं के साथ ज्यादा वर्ष गुजार रहे हैं। अमेरिका में वाशिंगटन विश्वविद्यालय में अध्ययन के सह-लेखक अली मोकदाद ने कहा, भारत सहित लगभग हर देश में हम जो मुख्य सुधार देख रहे हैं वह संक्रामक रोगों में कमी और दीर्घकालिक (क्रॉनिक) बीमारियों में तेजी से बढोतरी है। इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैलुएशन में वैश्विक स्वास्थ्य में प्रोफेसर मोकदाद ने कहा, भारत में मातृ मृत्यु दर बहुत अधिक हुआ करती थी, लेकिन अब इसमें कमी आ रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात उप चुनाव: आठ सीटों पर किसान दिखाएंगे आक्रोश

**नई दिल्ली।** गुजरात में विधानसभा की आठ सीटों पर हो रहे उप चुनाव की पृष्ठभूमि में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने शुक्रवार को कहा कि यह उप चुनाव 2022 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल है। इसमें कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का आक्रोश भी दिखेगा उन्होंने यह भी बताया कि इस उप चुनाव में कांग्रेस विधानसभा स्तर का घोषणापत्र लेकर लोगों के बीच पहुंच रही है और स्थानीय मुद्दों को ज्यादा अहमियत दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि गुजरात की आठ विधानसभा सीटों पर तीन नवंबर को मतदान होना है। ये सीटें कांग्रेस विधायकों के इस्तीफा देने और पाला बदलने के कारण खाली हुई हैं। पटेल ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, लोगों में सरकार के प्रति नाराजगी है। इसके साथ ही हमने ऐसे उम्मीदवार तय किए हैं जो पार्टी के प्रति वफादार हैं और जिन्होंने कभी पार्टी को तोड़ने का काम नहीं किया है। हम विधानसभा क्षेत्र के मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। हर विधानसभा क्षेत्र के लिए स्थानीय घोषणापत्र तैयार किया है। उन्होंने दावा किया, असल में यह लड़ाई भाजपा के खिलाफ होने के साथ ही कांग्रेस से भागे नेता बनाम कांग्रेस की है। इस वक्त गुजरात में भाजपा के 100 से अधिक विधायक हैं, जिनमें 32 कभी कांग्रेस का हिस्सा थे। सरकार में 12 मंत्री ऐसे हैं जो कांग्रेस से भाजपा में गए हैं। भाजपा कहती थी कि हम देश को कांग्रेस मुक्त करेंगे वही गुजरात में कांग्रेस युक्त हो चुकी है।

### जन स्वास्थ्य नवरात्रि आयोजनों से बड़ी प्राथमिकता: रूपाणी

**अहमदाबाद।** मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने राज्य में नवरात्रि के अवसर पर होने आयोजनों पर इस वर्ष कोरोना वायरस के मद्देनजर लगाई रोक को उचित बताते हुए शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार समारोहों के बजाए लोक स्वास्थ्य को अधिक प्राथमिकता देती है। गौरतलब है कि गुजरात सरकार ने राज्यभर में नवरात्रि के मौके पर होने वाले गरबा आयोजनों पर रोक लगा दी है। नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव आरंभ होने के एक दिन पहले रूपाणी ने यह कहा। राज्य सरकार ने कहा है कि व्यावसायिक गरबा आयोजनों के साथ-साथ आवासीय सोसाइटियों में होने वाले गरबा आयोजनों की भी इजाजत नहीं दी जाएगी। रूपाणी ने वीडियो संदेश में कहा, गुजरात के लोगों के लिए नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। इस समय लोग गरबा का बेसब्री से इंतजार करते हैं। लेकिन इस बार हालात अलग हैं। लोक स्वास्थ्य पर विशेष जोर देते हुए हमने इस बार नवरात्रि आयोजनों की अनुमति नहीं दी है। उन्होंने आगे कहा, लोक स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है और हमें सुनिश्चित करना होगा कि कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए अब तक हमने जो प्रयास किए हैं वे बेकार न जाएं। मुख्यमंत्री ने लोगों से सहयोग करने की अपील की और उम्मीद जताई कि वे हालात की गंभीरता को समझेंगे। गुजरात में 15 अक्टूबर तक कोरोना वायरस के कुल 1,56,283 मामले थे और अब तक यहां 3,609 संक्रमितों की मृत्यु हो चुकी है।

### भाजपा सांसद ने विस्फोट की एनआईए जांच की मांग की

**कोलकाता।** भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने इस सप्ताह की शुरुआत में यहां के बेलेघाटा इलाके में हुए विस्फोट की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराने की मांग करते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखा है। चटर्जी ने 15 अक्टूबर को शाह को एक पत्र लिख कर कहा कि एजेंसी की जांच वक्त की आवश्यकता है क्योंकि मामला जन सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने पत्र में दावा किया कि विस्फोट इंगित करता है कि विभिन्न इलाकों में विस्फोटक इकट्ठा किए गए हैं जिनका इस्तेमाल बंगाल में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए किया जा सकता है। गौरतलब है कि 13 अक्टूबर को शहर के बेलघाटा इलाके में एक स्थानीय क्लब में विस्फोट से क्लब की एस्बेस्टस की छत उड़ गई थी एवं इसकी दीवार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। शहर के पूर्वी हिस्से में हुए इस धमाके से लोगों में भय व्याप्त हो गया था। इस क्लब की दूसरी मंजिल पर सुबह पांच बजे हुए धमाके में कोई हताहत नहीं हुआ था। भाजपा ने घटना की एनआईए से जांच कराने की मांग की है वहीं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि कोलकाता पुलिस जांच करने में सक्षम है। चटर्जी ने आरोप लगाया, कोलकाता पुलिस राज्य सरकार के दबाव में निष्कर्षों को दबा सकती है, जो बाद में जन सुरक्षा के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है।

### नक्सलियों ने लोडर और डंपर में आग लगाकर गोलीबारी की

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले की कोल नगरी पिपरवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के बचरा रेलवे साइडिंग में गुरुवार की देर रात पहुंचे एक दर्जन से अधिक हथियारबंद नक्सलियों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी कर वहां कोयला लोडिंग में लगे एक लोडर व दो डंपर को आग के हवाले कर दिया। जिले के टंडवा के अनुमंडल पुलिस अधिकारी आशुतोष सत्यम ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि उग्रवादियों ने रेलवे साइडिंग पहुंचते ही ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि गोलीबारी की आवाज सुनते ही बचरा साइडिंग में कार्यरत सीसीएलकर्मी व असंगठित मजदूर मौके से भाग खड़े हुए, जिसके बाद उग्रवादियों ने कोयले की भराई के लिए मौके पर खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही टंडवा एसडीपीओ आशुतोष सत्यम दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। घटना के बाद जहां पूरे इलाके में दहशत का माहौल है वहीं सीसीएलकर्मी काफी डरे और सहमे हुए हैं। नक्सलियों के तांडव की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ऋषभ झा और एएसपी अभियान निगम प्रसाद भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने भी पुष्टि की कि वाहनों के फूंके जाने की जानकारी मिली है। घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है। स्थानीय सूत्रों ने दावा किया है कि घटना को पीएलएफआई के नक्सलियों ने अंजाम दिया क्योंकि पूर्व में भी इन्होंने इस रेलवे साइडिंग के कांटा घर पर बम फेंक कर दहशत फैलाने की कोशिश की थी।

### ओडिशा उपचुनाव: चुनाव कर्मी कोविड किट भी साथ ले जाएंगे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में तीन नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव अधिकारी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), स्याही और मतदान संबंधी अन्य साजो सामान के साथ ही इस बार कोविड किट भी अपने साथ लेकर जाएंगे। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) एस के लोहानी के साथ बृहस्पतिवार को बालासोर और जगतसिंहपुर जिलों के जिला मजिस्ट्रेट-सह जिलाधिकारी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कोविड किट में मास्क, सेनेटाइजर, फेस शील्ड, पीपीई और हाथ के दस्ताने होते हैं। अधिकारी ने कहा, सीईओ ने चुनाव कर्मचारियों और मतदाताओं को स्वच्छता और साफ सफाई वाला माहौल मुहैया कराने के लिए सभी जिलाधिकारियों को मतदान से पहले केन्द्रों का सेनेटाइजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी चुनाव कर्मचारियों को विशेष पीपीई किट मुहैया कराई कराई जाएंगी। सीईओ एस के लोहानी ने कहा, जिलाधिकारियों को कोविड-19 महामारी के दौरान चुनाव ड्यूटी पर तैनात किए गए सभी मतदान कर्मियों की देखभाल और उनकी कुशलक्षेम सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### उत्तराखंड के लिए 105 करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ

**देहरादून।** मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को 200 गांवों में शुद्ध जल पहुंचाने की योजना सहित उत्तराखंड के लिए 105 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की शुरूआत की। इन परियोजनाओं में से सबसे प्रमुख गांवों में शुद्ध जल उपलब्ध कराने वाली हंस जल धारा परियोजना है। जिसे 50 करोड़ रुपये की लागत से तीन साल के भीतर पूरा किया जाना है। कोविड-19 संक्रमण के चलते बड़ी संख्या में पहाड़ लौटे प्रवासी उत्तराखंडियों के लिए गैर सरकारी संगठन हंस फाउंडेशन ने इन योजनाओं के तहत 25 करोड़ रुपए की राशि दी है। जिससे उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध करवाने में मदद की जाएगी। इसी के साथ राज्य में लगभग 200 गांव में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की भी योजना है, जिसकी लागत लगभग 30 करोड़ रूपए है। गैर सरकारी संगठन हंस फाउंडेशन की प्रमुख माता मंगला के जन्मदिवस के अवसर पर इन योजनाओं की शुरू की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रावत ने माता मंगला के सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनकी सेवा भाव की विचारधारा हम सभी को प्रेरित करती है और उनका जीवन गरीबों की निस्वार्थ सेवा में समर्पित है।

—— लड़कियों की शादी की उपयुक्त उम्र पर विशेषज्ञों में चर्चा जारी ——

# कमेटी रिपोर्ट आते ही होगा शादी की नई उम्र के बारे में फैसला : मोदी

**कहा, जागरूक बेटियां जान लें, लाल किले से किया वादा जल्द होगा पूरा**

**अभी शादी की कम से कम उम्र है 18 वर्ष**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लड़कियों की शादी की उपयुक्त उम्र को लेकर गठित की गई समिति की रिपोर्ट आते ही सरकार इस पर कार्रवाई करेगी। प्रधानमंत्री ने यह बात शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा, बेटियों की शादी की उचित उम्र क्या हो, ये तय करने के लिए भी चर्चा चल रही है। मुझे देशभर की जागरूक बेटियों की चिट्ठियां आती हैं कि जल्दी से निर्णय कीजिए। मैं उन सभी बेटियों को आश्वासन देता हूं कि बहुत ही जल्द रिपोर्ट आते ही उस पर सरकार अपनी कार्रवाई करेगी।

मालूम हो कि 15 अगस्त को इस साल लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में मोदी ने लड़कियों की शादी की उपयुक्त उम्र तय करने के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था, बेटियों में कुपोषण खत्म हो, उनकी शादी की सही आयु क्या हो, इसके लिए हमने कमेटी बनाई है। उसकी रिपोर्ट आते ही बेटियों की शादी की उम्र के बारे में भी उचित फैसले लिए जाएंगे।

देश में अभी लड़कियों की शादी की कम से कम उम्र 18 वर्ष निर्धारित है जबकि लड़कों की उम्र सीमा 21 वर्ष है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने आज कहा कि छोटी आयु में गर्भ धारण करना, शिक्षा की कमी, जानकारी का अभाव, शुद्ध पानी न होना, स्वच्छता की कमी, ऐसी अनेक वजहों से कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में जो अपेक्षित परिणाम मिलने चाहिए थे, वह नहीं मिल पाए। उन्होंने कहा कि देश में अलग-अलग स्तर पर कुछ विभागों द्वारा प्रयास हुए थे, लेकिन उनका दायरा या तो सीमित था या टुकड़ों में बिखरा पड़ा था।

उन्होंने कहा, जब 2014 में मुझे देश की सेवा करने का मौका मिला, तब मैंने देश में नए सिरे से प्रयास शुरू किए गए। हम एकीकृत सोच लेकर आगे बढ़े, होलिस्टिक अप्रोच लेकर आगे बढ़े। तमाम बाधाओं को समाप्त करके हमने एक बहुआयामी रणनीति पर काम शुरू किया। उन्होंने कहा, कुपोषण से निपटने के लिए एक और महत्वपूर्ण दिशा में काम हो रहा है। अब देश में ऐसी फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसमें पौष्टिक पदार्थ- जैसे प्रोटीन, आयरन, जिंक इत्यादि ज्यादा होते हैं।

## पाक और अफगानिस्तान भी कोविड से भारत के मुकाबले बेहतर ढंग से निपटे : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कई एशियाई देशों की जीडीपी विकास दर से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान को लेकर शुक्रवार को दावा किया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान भी कोरोना संकट से भारत के मुकाबले बेहतर ढंग से निपटे।

उन्होंने आईएमएफ के अनुमान से जुड़ा ग्राफ शेयर करते हुए ट्वीट किया, भाजपा सरकार की एक और ठोस उपलब्धि। यहां तक पाकिस्तान और अफगानिस्तान भी कोरोना संकट से भारत के मुकाबले बेहतर ढंग से निपटे। कांग्रेस नेता ने जो ग्राफ शेयर किया उसमें दर्शाया गया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी विकास दर चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और कुछ अन्य एशियाई देशों के मुकाबले कम रहने वाली है।

## बलिया गोलीकांड : पांच आरोपी हिरासत में, नौ पुलिसकर्मी निलंबित

**देखते हैं एनकाउंटर वाली सरकार अपनों की गाड़ी भी पलटाती है या नहीं : अखिलेश**

**यूपी में कानून व्यवस्था ने दम तोड़ा : मायावती**

**बलिया, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रेवती थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर ग्राम में बृहस्पतिवार को सरकारी सस्ते गल्ले के दुकान के चयन के दौरान एक व्यक्ति की हत्या के मामले में तीन उप निरीक्षक सहित नौ पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है जबकि इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है। मामले का मुख्य आरोपी अब भी फरार है और पुलिस उप महानिरीक्षक ने इस घटना में पुलिस की लापरवाही को स्वीकार किया है।

दूसरी तरफ बैरिया से भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह ने रेवती कांड की पुलिसिया जांच पर सवालिया निशान लगाते हुए इसकी सीबीसीआईडी से जांच कराने की मांग की है। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार यादव ने शुक्रवार को बताया कि घटना के मामले में लापरवाही बरतने पर रेवती थाने में तैनात तीन उप निरीक्षकों सूर्य कांत पांडेय, सदानन्द यादव व कमला सिंह यादव तथा छह अन्य आरक्षियों को निलंबित कर दिया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी की आख्या से स्पष्ट है कि अभियुक्त गण स्थल पर असलहा लेकर आए और पुलिस उपाधीक्षक चन्द्रकेश सिंह व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 20 से 25 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना में मृतक जय प्रकाश पाल उर्फ गामा के भाई तेज प्रताप पाल ने पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाए हैं। पाल ने दावा किया कि घटनास्थल पर दस पुलिसकर्मी मौजूद थे, जिसमें दो महिला पुलिस कर्मी भी थी। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपियों को बचा रही थी और हम लोगों को पीट रही थी। आरोपी धीरेंद्र प्रताप सिंह गोली मारकर भाग रहा था तो पुलिस ने उसे पीछे से पकड़ लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने धीरेंद्र प्रताप को बंधे पर ले जाकर छोड़ दिया और उसे फरार करा दिया।

भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह ने धीरेंद्र को भाजपा के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बताया था। प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को ट्वीट कर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था दम तोड़ चुकी है। घटना अति-चिन्ताजनक है। सरकार कानून व्यवस्था की ओर ध्यान दे तो यह बेहतर होगा। बसपा की ये नेक सलाह है।

समाजवादी पार्टीअध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी शुक्रवार को एक ट्वीट में कहा, बलिया में सत्ताधारी भाजपा के एक नेता के एसडीएम और सीओ के सामने खुलेआम एक युवक की हत्या कर फरार हो जाने से उप्र में कानून व्यवस्था का सच सामने आ गया है। अब देखे क्या एनकाउंटर वाली सरकार अपने लोगों की गाड़ी भी पलटाती है या नहीं।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दलित युवती के साथ दुष्कर्म भी होने का खुलासा



**बाराबंकी (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के थाना सतरिख के एक गांव की निवासी 18 वर्षीय दलित युवती का खेत में शव मिलने की घटना के बाद प्रभारी पुलिस अधीक्षक आर एस गौतम ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का खुलासा करते हुए बताया कि युवती की हत्या से पहले उसके साथ दुष्कर्म भी किया गया था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि थाने के एक ग्राम निवासी जगजीवन ने थाने में पुलिस को सूचना दी थी कि कि गत 14 अक्टूबर लगभग शाम 4 बजे उसकी 18 वर्षीय पुत्री धान काटने गई थी और वह देर शाम तक नहीं लौटी तो वह उसे ढूंढने गया जहां खेत में उसकी लाश मिली। सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरंभिक साक्ष्य एकत्र किए और प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया था। ग्रामीणों का कहना था कि उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे। हाथ पीछे से मुड़े हुए थे और लग रहा था जैसे हाथ पीछे से बांधे गए हो। शव की स्थिति को देखते हुए युवती के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही थी।

## सिक्किम में 19 अक्टूबर से खुलेंगे स्कूल : अधिकारी

**गंगटोक।** सिक्किम सरकार ने 19 अक्टूबर से राज्य में स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से फिर से खोलने का निर्णय लिया है। एक अधिकारी ने ये जानकारी दी। शिक्षा विभाग की जनसंपर्क एवं प्रचार इकाई के नोडल अधिकारी भीम थाटल ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस वर्ष सर्दियों की छुट्टियां नहीं पड़ेंगी, कक्षाएं हफ्ते में छह दिन लगेंगी तथा शनिवार को आधे दिन का अवकाश रहेगा। हालांकि अधिसूचित सरकारी अवकाश दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि वर्तमान अकादमिक सत्र का समापन 13 फरवरी 2021 को होगा। अगला सत्र इसके दो दिन बाद 15 फरवरी से आरंभ होगा। राज्य शिक्षा विभाग ने एक कैलेंडर तैयार किया है जिसके मुताबिक 11वीं और 12वीं के छात्र अपने अभिभावकों से लिखित अनुमति लाकर 19 अक्टूबर से स्कूल आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल आने की अनिवार्यता नहीं होगी।

## नुकसान के षडयंत्रकारियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेगा भारत : रेड्डी

**राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के 36वें स्थापना दिवस समारोह में बल के ब्लैक कैट कमांडोज को संबोधित कर कहा**



**गुड़गांव।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि भारत वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को मानता है लेकिन अगर कोई उसे नुकसान पहुंचाने की साजिश रचता है तो फिर देश निर्णायक तरीके से उन्हें नाकाम करने के लिए उचित कदम उठाने में सक्षम है।

रेड्डी राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 36वें स्थापना दिवस समारोह में बल के ब्लैक कैट कमांडों को संबोधित कर रहे थे। एनएसजी की स्थापना विशेष आतंकवाद-रोधी, अपहरण-रोधी और बंधक मुक्ति अभियानों के लिए 1984 में एक संघीय आकस्मिक बल के रूप में की गई थी।

रेड्डी ने अपने संबोधन में कहा, आदिकाल से भारत वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को मानता है जिसका अर्थ होता है कि विश्व एक परिवार है। हम किसी देश या व्यक्ति के बारे में बुरा नहीं सोचते लेकिन यदि कोई भारत को नुकसान पहुंचाना चाहता है तो हम निर्णायक तरीके से उचित कार्वाई करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि धर्म का पालन करने का अर्थ यह नहीं है कि भारत ऐसी चुनौतियों में हाथ पर हाथ धरकर बैठा रहेगा।

मंत्री ने कहा कि विशेष आतंकवाद-रोधी बलों को खुद को प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकी में दस कदम आगे रखना होगा क्योंकि आतंकवादी समय के साथ नई तकनीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एनएसजी को गतिशीलता, निगरानी, आग्नेयास्त्र प्रहार क्षमता और यूएवी-रोधी क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए।

रेड्डी ने कहा कि एनएसजी एक कार्यान्मुखी बल है। कोविड-19 महामारी के दौरान अभियानों के लिए तैयार रहना उसके लिए चुनौती भरा रहा है। मंत्री ने कहा कि एनएसजी ने आधुनिक उपकरण और अस्त्र-शस्त्र हासिल किए हैं ताकि विश्वस्तरीय पहचान बने।

## पहले चुनाव में जातिवाद था, अब रिपोर्ट कार्ड दिखाना होता है: नड्डा

**भाजपा अध्यक्ष ने बांका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा**



**बांका (बिहार)।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को दावा किया कि पहले चुनावों में भाषणों में जातिवाद, लड़ाई-झगड़े को बढ़ावा देने और समाज को तोड़ने के प्रयास होते थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद अब जनता को अपने काम का रिपोर्ट कार्ड दिखाना होता है।

भाजपा अध्यक्ष ने बांका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी के आने के बाद देश की राजनीतिक संस्कृति बदली है और अब जनता को अपने काम का रिपोर्ट कार्ड दिखाना होता है। नड्डा ने कहा कि 2015 में मोदी ने बिहार के लिए एक लाख 25 हजार करोड़ रूपये के पैकेज की घोषणा की थी। भाजपा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को जनादेश देने की अपील करते हुए कहा, सजग समाज वही होता है, जो सजग नेता को पहचान लेता है, सजग नेता को शाबाशी देता है, अपना हित जानता है और अपने अहित से बचने के लिए तैयार रहता है।

भागलपुर के सिल्क के महत्व को रेखांकित करते हुए नड्डा ने युवाओं से मोदी के आह्वान पर वोकल फॉर लोकल होने की अपील की। उन्होंने कहा, भागलपुर के सिल्क की वर्ल्ड में ब्रांडिंग करो, भारत सरकार और बिहार सरकार आपकी मदद करेगी। नड्डा ने अपने संबोधन के दौरान जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त करने, राम मंदिर के निर्माण शुरू होने और एक बार में तीन तलाक को समाप्त करने का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि वर्षों से हम सभी की इच्छा थी कि भव्य राम मंदिर का निर्माण हो लेकिन कांग्रेस पार्टी इसको लटकाने, अटकाने, भटकाने का काम करती थी। उन्होंने कहा, हम आभारी हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला किया, मोदी जी ने शिलान्यास किया और अब भव्य राममंदिर का निर्माण होगा। नड्डा ने कहा कि भारत की फौज चीन के सामने डटकर खड़ी है और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का भी काम मोदी के नेतृत्व ने किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले छह साल में अरूणाचल प्रदेश से लद्दाख तक व्यापक पैमाने पर सड़क आवसंरचना तैयार की गई है तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में पुल एवं हवाई अड्डे बने हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने राजद पर निशाना साधते हुएआरोप लगाया कि वो दिन याद है जब पटना के डाक बंगला चौराहे पर शाम सात बजे के बाद खड़ा नहीं हो पाते थे। नड्डा ने कहा कि ए आज विकास की बात करते हैं लेकिन यही दल है जिसके राज में शहाबुद्दीन को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा और नीतीश कुमार की जब सरकार आई तब शहाबुद्दीन को जेल भेजा गया। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी में मोदी जी ने साहसी निर्णय लेते हुए समय पर लॉकडाउन लगाया और देश में स्वास्थ्य संसाधनों को मजबूत किया तथा देशवासियों का जीवन सुरक्षित किया। नड्डा ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ने 1.41 करोड़ राशन कार्ड धारकों के घर में प्रत्यक्ष नकद अंतरण से सरकारी मदद पहुंचाई है।

## वियतनाम में भूस्खलन स्थल से 13 कर्मियों के शव बरामद

**हनोई।** वियतनाम में बचाव दल ने भूस्खलन की चपेट में आए 11 सैन्यकर्मियों और दो अन्य लोगों के शव बरामद किए हैं। ये कर्मी भूस्खलन की दूसरी घटना के पीड़ितों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह सूचना दी।

वियतनाम न्यूज की खबर के मुताबिक, सेना के अधिकारी मंगलवार को वन रेंजर की एक चौकी पर आराम कर रहे थे, जब एक पहाड़ी का हिस्सा ढह गया, जिसकी चपेट में चौकी आ गई। टीम के केवल आठ लोग ही बचने में कामयाब रहे। वे थुआ थिएन-ह्यू प्रांत में एक पनबिजली संयंत्र के निर्माण स्थल पर जा रहे थे जहां हुए भूस्खलन में दर्जनों लोग लापता हो गए थे।

## ट्रेंड बाजार

### कोई भी दो कलाकार समान नहीं हो सकते: रसिका दुग्गल

**अभिनेत्री** रसिका दुग्गल का कहना है कि इस क्षेत्र में कोई भी दो अभिनेता समान नहीं हो सकते और इस पेषे में किन्हीं भी दो अभिनेता या अभिनेत्री के अनुभव भी एक जैसे नहीं हो सकते।



उन्होंने कहा कि उन्हें अपने ऊपर हर दिन संदेह रहता है, 'ऐसा मैं सोचती हूं कि चूंकि मैं इंडस्ट्री में इतने सालों से हूं तो मैं अपने अनुभव से जानती हूं कि दूसरों की अपेक्षा मैं अपनी किसी भी चीज के बारे में उपजी आषंकाओं को दूसरों की अपेक्षा अधिक अच्छे ढंग से संभाल सकती हूं। लेकिन जैसे जैसे समय बीतता है कॅरियर में परिवर्तन आने लगती हैं और हर दिन आपके समक्ष नई चुनौतियां आती रहती हैं।'

रसिका ने तहां, फिल्म के माध्यम से वर्ष 2008 में अपने कॅरियर का प्रारंभ किया था। इसके बाद उन्हें तू है मेरा संडे और हामिद नामक फिल्म में भी उन्हें देखा गया था।

### 'पृथ्वीराज' के सेट पर वापसी से उत्साहित हैं मानुषी छिल्लर

**नवोदित** अभिनेत्री मानुषी छिल्लर का कहना है कि 'मुझे फिल्म पृथ्वीराज के सेट पर वापस आते हुए रोमांच का अनुभव हो रहा है क्योंकि ये पिछले कुछ महीनों से मेरे जीवन में नहीं था। अब मैं हर दिन सेट पर आना चाहती हूं क्योंकि मुझे यहां हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है जो मुझे बहुत अच्छा लगता है। मैं अक्षय सर के साथ सेट पर आकर बहुत खुष हूं क्योंकि मुझे उनसे काफी कुछ सीखने को मिलता रहता है। मैं अपनी पूरी टीम के साथ काम करने को अपना सौभाग्य मानती हूं, वे सभी अद्भुत लोग हैं।'



### आयुष्मान खुराना संग सेट पर वापसी हेतु अधीर हैं वाणी कपूर



**अभिनेत्री** वाणी कपूर अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ एक प्रगतिषील कहानी पर बनने वाली फिल्म की शूटिंग प्रारंभ होने को लेकर अधीर हैं। वो अभिषेक कपूर के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हैं उनके अनुसार वो मानवीय भावनाओं के विषेषज्ञ हैं। उन्होंने बताया, 'अभिषेक भावनाओं का फिल्मांकन करने के विषेषज्ञ हैं। वो रॉक ऑन, काई पो चे, केदारनाथ जैसी फिल्मों में ऐसा पहले भी कर चुके हैं। वो संबंधों में छोटी-छोटी बातों का भी पूरा ध्यान रखते हैं। यही कारण है कि उनकी फिल्मों के प्रति मेरे भीतर एक आकर्षण है। जिस प्रकार से उन्होंने काई पो चे, फिल्म में तीन मित्रों की कहानी प्रस्तुत की थी वो अद्भुत था।'

### जैनुअरी जोन्स ने स्तर कैंसर के प्रति किया जागरूक

**अक्तूबर** माह स्तन कैंसर को समप्रित रहता है और यही कारण है कि हॉलिवुड अभिनेत्री जैनुअरी जोन्स ने अभिनेत्रियों से इसके प्रति जागरूक बने रहने का आह्वान किया है।



इंस्टाग्राम पर उन्होंने पिंक ब्रा में अपनी एक फेटो पोस्ट की जिसमें उन्होंने अपने परिवार में इस रोग के प्रति संघर्ष करने वालों का साथ देने का वादा किया। आगे उन्होने लिखा, 'अक्तूबर माह स्तन कैंसर को समर्प्रित माह है और आप सभी महिलाओं को अपने मैमोग्राम/ अल्ट्रासाउंड विलंबित नहीं करना चाहिये।'

इसके बाद आगे उन्होंने लिखा, 'उन सभी को मेरा प्यार जो इस रोग से लड़ चुके हैं और जिनकी लड़ाई अब भी जारी है, मैं आप सभी को स्नेह करती हूं और आपके साथ खड़ी हूं।'

## होम थियेटर

# हंसी और मस्ती से भरपूर



**फिल्म: गिनी वेड्स सनी**
**प्लेटफॉर्म : नेटफ्लिक्स**
**कलाकार: यामी गौतम, विक्रांत मैसी, सुहेल नैयर, राजीव गुप्ता, आयषा रज़ा मिश्रा**
**रेटिंग: 5.5/10**

**यदि आप** किसी ऐसी फिल्म की खोज में हैं जो विचारोत्तेजक या अंतरावलोकन हेतु बाध्य करने वाली न हो तो आपके लिए फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' एक अच्छा विकल्प साबित हो सकती है। आप इसके हल्की-फुल्की कहानी और दृष्यों को बड़े सहज भाव से देखते हुए समय बिता सकते हैं। इसकी कहानी में प्रमुख चरित्र एक पंजाबी जोड़ी है जिनके अनुसार जीवन में केवल दो ही चीजें हैं जिन्हें वे अपना कह सकते हैं-भावनाएं और पनीर। इसका निर्देशन फिल्मों में निर्देशक के रूप में पदार्पण करने वाले पुनीत खन्ना ने किया है और ये फिल्म बहुत ही प्यारी बन पड़ी है। इसमें आपको अधिकांषतया हास्य ही देखने को मिलेगा। इसके अलावा इसमें भ्रम की स्थिति भी बनी रहती है कि विवाह करें तो किससे? विक्रांत मैसी इसमें सनी की भूमिका में हैं और उनके लिए ये विकट समस्या है। वो विवाह इसलिये करना चाहते हैं ताकि वो रेस्तरां खोल सकें। अब वो ऐसा क्यों करना चाहता है ये जानने के लिए तो आपको फिल्म ही देखनी पड़ेगी। फिल्म की पृष्ठभूमि दिल्ली-एनसीआर का क्षेत्र रखा गया है और दिल्ली में रहने वाले लोग उसकी दुविधा को ठीक से समझ पाएंगे।

फिल्म में कुछ कमियां भी हैं, लेकिन इसमें हंसी भरपूर है। एक उदाहरण देते हैं। गिन्नी का वास्तविक नाम हे प्रिंसेस सिमरन है-ऐसा नहीं है कि वो किसी राजसी परिवार की हो। लेकिन वे पंजाबी हैं और आप उनसे और क्या अपेक्षा रख सकते हैं। एक संकेत भी इसमें है जिसमें लिखा है - जॉटीं वेड्स रिंपी, या फ्रि राजीव गुप्ता जो सनी के पिता हैं तथा गिनी की मां बनी आयषा रज़ा मिश्रा के बीच के संवाद भी अत्यंत मनोरंजक बन पड़े हैं। लेकिन वो परदे पर कम ही दिखाए गए हैं यही कारण है कि उनके बीच के मनोरंजक वार्तालाप को दर्षक अधिक इंज्वॉय नहीं कर सके हैं। मैसी और यामी गौतम ने सुंदर और परिपक्व अभिनय किया है। स्पष्ट दिखाई देता है कि गिन्नी का चरित्र में आत्मविष्वास की कमीं दिखती है उसका कहना है कि उसके जीवन में किसी पुरुष के लिए कोई स्थान नहीं है लेकिन फिर वो विवाह भी करना चाहती है। वो सनी से गुस्सा है कि सनी ने उसे धोखा दिया लेकिन जब सनी किसी और के साथ विवाह करना चाहता है तो वो उसी से विवाह करना चाहती है। ऐसा कौन सा पुरुष होगा जो अगले दिन किसी अन्य से विवाह से पहले एक दूसरी स्त्री के साथ पूरा दिन बिताता होगा? लेकिन फिल्म का शीर्षक पूरी कहानी स्पष्ट कर देता है। अब आपको ये नहीं बताने वाले कि इसका अंत कैसा होता है, लेकिन इसमें कई रोचक मोड़ अवश्य हैं। इसके सभी गाने जोरदार हैं और इनमें से कुछ तो आप कई सप्ताह तक गुनगुनाते रह सकते हैं। मीका और बादशाह का गाया हुआ 'सावन में लग गई आग' तो आने वाले दिनों में हर डीजे में गूंजता दिखेगा। कुल मिलाकर फिल्म मनोरंजक और हास्यपूर्ण है।

# अच्छी और मनोरंजक कहानी

**फिल्म: हबी हैलावीन**
**प्लेटफॉर्म : नेटफ्लिक्स**
**कलाकार: एडम सैंडलर, केविन जेम्स, जूली बोवेन, रे लायोटा, रॉब स्नीडर तथा जुन स्क्विब**
**रेटिंग: 5/10**

> सैंडलर के बोलने का ढंग ऐसा है कि कई बार तो बात समझ में ही नहीं आती जो काफी मनोरंजक लगता है। जिस प्रकार से वो सलेम की सड़कों पर उसपर बच्चों और बड़ों द्वारा फेंकी जा रही वस्तुओं से बचते हुए चलता है, देखते ही बनता है।

**अब चूंकि** हैलोवीन की अवधारणा ही विदेषी है तो हमें पता ही नहीं चलता कि ये हल्ला-गुल्ला क्यों मचा है। लेकिन इतना तो हमें भी पता ही रहता है कि ये एक वैश्विक अवधारणा है और इसे दुनिया भर में माना जाता है। कहानियों से हमें पता ही है कि कैसे दुनिया में 15वीं और 18वीं शताब्दी के बीच लोगों को मारा जाता था। हमने अमेरिका के मैसाचुसेट्स नगर के सलेम के बारे में भी सुना है जहां जादुई प्रयोग किये जाते हैं। अब आप इन दोनों तथ्यों को मिला दीजिये और आपके सामने है हबी हैलोवीन की कहानी। जबकि ये रिलीज ही 31 अक्तूबर



को होनी थी लेकिन अब इसके निर्माता क्यों इसे तीन सप्ताह पहले रिलीज़ करना चाहते हैं, इस बारे में तो केवल कयास ही लगाए जा सकते हैं। बुरी बात ये लगती है कि इसकी कहानी प्रारंभ से ही दुखांतक है। आप 40 साल के एक मध्यआयु के व्यक्ति के बारे में सोचिये जिसे उसकी आयु के ही नहीं बल्कि बच्चे भी डराते हैं। क्यों है ऐसा? क्यों है ऐसा? क्या उसके बोलने की शैली के कारण? या फिर वो बहुत अच्छा और सीधा है? लेकिन वास्तव में इसके तीनों ही कारण हैं। लेकिन यदि आप इन बातों से सामंजस्य स्थापित कर लें तो फिर ये देखने के लिए एक अच्छी फिल्म साबित हो सकती है। सैंडलर के बोलने का ढंग ऐसा है कि कई बार तो बात समझ में ही नहीं आती जो काफी मनोरंजक लगता है। जिस प्रकार से वो सलेम की सड़कों पर उसपर बच्चों और बड़ों द्वारा फेंकी जा रही वस्तुओं से बचते हुए चलता है, देखते ही बनता है। फिल्म में अधिकतर तो आप हंसते ही रहते है लेकिन बीच बीच में आपका मन दुखी भी हो जाता है। लेकिन कुल मिलाकर आप इस फिल्म को हल्के मनोरंजन के लिए अवश्य देख सकते हैं। इसमें प्रामाणिक कुछ भी नहीं है लेकिन मूर्खता भी तो किसी को हंसा सकती है।

## बिग मैजिक के शो त्योहारों के मौके पर परिवार के हर सदस्य के चेहरे पर मुस्कुराहट बिखेरने को तैयार




**त्योहार** हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं और हमारे जीवन में इस प्रकार रचे बसे हैं कि हम हर साल उनके आने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। त्यौहार हमें एक दूसरे के साथ अच्छा समय बितानेए दोस्तों और उनके परिवार की मेजबानी का मौका देते हैं। हमारे जीवन में त्यौहारों के उत्साह की जड़ बहुत गहरी हैए वे हमारी परंपरा और संस्कृति में समा चुके हैं और हमें अपने पूर्वजों के पाठ पढ़ाते हैं। इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए और परिवारों को टेलीविजन देखने का संपूर्ण अनुभव देने के लिये बिग मैजिक चार नई पेशकशों से जश्न की शुरुआत कर रहा है। इन नए शोज का प्रसारण 17 अक्टूबर से सोमवार से रविवार शाम 6 से रात 8 बजे के बीच किया जाएगा। यह नये शो हैं शाकालाका बूम बूम, एक से भले दो, सीजन 2, माँ शक्ति और अफ्सर बिटिया। यह शोज दर्शकों के लिये मनोरंजन को बढ़ाने के साथ उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण सीख भी देंगे।

शाम को रोमांच से भरने के लिए इस लाइन अप की शुरुआत शाकालाका बूम बूम से होगी। यह एक फैंटेसी शो है जो नन्हे दर्शकों को शाम 6 बजे जादू, रोमांच और नई चुनौतियों की दुनिया में ले जाएगा। शाम 6.30 बजे लोकप्रिय शो एक से भले दो के दूसरे सीजन की बारी आएगी जिसे अपने दमदार कथानक के लिये दर्शकों से बहुत प्यार मिला है। इसमें दर्पण नाम की एक बच्ची और उसके पाले हुए हाथी गणेश की कहानी है जिसे वह अपना भाई मानती है। सीजन 2 में शो 10 साल आगे बढ़ जाएगा और दर्पण ऊर्फ रिया एक नये अवतार में नजर आयेंगी जो किसी कारण से अपना अतीत भूल चुकी है। रिया और गणेश के खूबसूरत रिश्ते को दिखाते हुए यह शो एक बार फ्रि दर्शकों को आकर्षित करेगा। इसके बाद भक्तगण माँ शक्ति शो के साथ माँ दुर्गा की भक्ति में खो सकते हैं जिसका प्रसारण शाम 7 बजे होगा। इस शो में दिखाया गया है कि देवी दुर्गा अपने भक्तों को कैसे बुराइयों से बचाती हैं और उनकी आस्था को मजबूत बनाती हैं। आखिर में नया शो अफसर बिटिया इस लाइन अप की चौथी पेशकश है जिसका प्रसारण शाम 7.30 बजे होगा। यह एक पिता के सपने और बेटी की लगन की कहानी है जो हर चुनौती से जूझते हुए बीडीओ ऑफ्सिर बनकर अपने पिता का सिर गर्व से ऊंचा करती है। बाप बेटी का यह

### यह चार नये शो हैं शाकालाका बूम बूम, एक से भले दो, सीजन 2, माँ शक्ति और अफसर बिटिया। ये शो सभी उम्र के दर्शकों का पूरे सप्ताह मनोरंजन करेंगे

रिश्ता दिल से जुड़ा है और प्रासंगिक भी है इसलिये इस शो को पूरा परिवार साथ बैठकर देख सकता है और आनंद ले सकता है। मनोरंजन यहीं खत्म नहीं होगा क्योंकि इस लाइन.अप के बाद मौजूदा लोकप्रिय शोज जोधा अकबर 2 घंटे के महाएपिसोड्स और पृथ्वीराज चौहान भी हैं। इस प्रकार बिग मैजिक पर दर्शकों के लिये शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक असीमित मनोरंजन के 5 घंटे होंगे। अपने वादे को निभाते हुए इस चैनल के पास सभी उम्र के अपने दर्शकों के लिये कुछ न कुछ जरूर है और इस तरह यह एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजन चैनल है। यह नई पेशकशें त्यौहारों से पहले ही शुरू हो जाएंगी और बिग मैजिक की कंटेन्ट लाइब्रेरी को मजबूत करेंगी। इस प्रकार दर्शकों के लिये रोमांचक और मजेदार अनुभव सुनिश्चित किया जाएगा। 17 अक्टूबर से प्रत्येक सोमवार से रविवार शाम 6 बजे से यह चार नये कार्यक्रम देखिये, केवल बिग मैजिक पर।

## नवाजुद्दीन सिद्दिकी की पत्नी ने कोर्ट में अपने पति के विरुद्ध बयान दर्ज कराया



**मुजफ्फरनगर।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दिकी से अलग रह रही उनकी पत्नी आलिया ने यहां मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराया है और इस आरोप को दोहराया है कि 2012 में अभिनेता के भाई ने उनके एक परिजन के साथ छेड़खानी की थी।

क्षेत्राधिकारी गिरिजा शंकर त्रिपाठी ने पीटीआई भाषा को बताया कि आलिया पोक्सो (बाल यौन अपराध सुरक्षा अधिनियम) अदालत में पेश हुईं और उन्होंने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत अपने पति और उनके परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ अपना बयान दर्ज कराया। नवाजुद्दीन से इस संबंध में टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हो पाया है जबकि उनके भाई सैफुद्दीन सिद्दिकी ने आरोप लगाया कि आलिया अभिनेता को ब्लैकमेल करने और उनसे पैसे ऐंठने का प्रयास कर रही हैं।

## कुमार सानू कोविड-19 से संक्रमित



**मुंबई।** लोकप्रिय बॉलीवुड गायक कुमार सानू को कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया है। पार्श्व गायक की टीम ने बृहस्पतिवार शाम को सोशल मीडिया पर यह खबर साझा की। सानू की टीम ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, दुर्भाग्य से सानू दा के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है, कृपया उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करें। धन्यवाद। सानू लॉस एंजिलिस में 20 अक्टूबर को अपना 63 वां जन्मदिन मनाने के लिए 14 अक्टूबर को अमेरिका जाने की योजना बना रहे थे, लेकिन उनके संक्रमित पाए जाने के बाद उनकी योजना अब निरस्त हो गई है। किंग ऑफ मेलोडी के नाम से मशहूर गायक ने विभिन्न भाषाओं में हजारों गाने गाए हैं। सानू के बेटे जान, बिग बॉस 14 के प्रतियोगियों में से एक हैं, जिसकी मेजबानी सलमान खान कर रहे हैं।

## डीडीएलजे को हुए 25 साल: अब भी उतनी ही रूमानी, जादू बरकरार

**नई दिल्ली।** पंजाब के सरसों के खेतों में और स्विट्जरलैंड के घास के मैदानों में प्यार की कहानियां दर्शाने वाली फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे 25 साल पहले आई थी और सिनेमा के इतिहास की शानदार फिल्म बन गई।



भारत की सबसे सफल फिल्मों में गिनी जाने वाली इस फिल्म में पिछले कुछ दशकों की सिनेमा की सबसे लोकप्रिय शाहरुख खान और काजोल की जोड़ी का जादू दर्शकों पर जमकर चला। समय के साथ भी इस फिल्म का जादू कम नहीं हुआ और अनेक दर्शकों ने इसे कई बार देखा है। फिल्म की प्रेम कहानी आज भी ताजा है। हालांकि कुछ लोग मानते हैं कि यह समकालिक हकीकतों से मेल नहीं खाती।

राज-सिमरन के रोमांस की कहानी वाली यह फिल्म 20 अक्टूबर 1995 को रिलीज हुई थी। फिल्म विदेशों में रहने वाले भारतीयों के अंदर बसी भारतीयता को भी छूती है। मुंबई के मराठा मंदिर में फिल्म 25 साल से लगी हुई है और इस साल मार्च में कोविड-19 लॉकडाउन लगने से पहले तक दर्शक इसे देखने आते रहे।

वरिष्ठ फिल्म समीक्षक सैबाल चटर्जी के मुताबिक, इस फिल्म ने एनआरआई लोगों के लिए डिजाइनर फिल्म के युग की शुरुआत की थी।

मशहूर फिल्मकार यश चोपड़ा के बेटे आदित्य चोपड़ा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म में अमरीश पुरी, फरीदा जलाल और अनुपम खेर के भी प्रमुख किरदार थे। फिल्म उस समय रिलीज हुई जब भारत ने उदारीकरण को अपनाया था। चटर्जी ने कहा कि फिल्म ताजातरीन दिखी लेकिन इसमें नई चमक-दमक के साथ जीने के पुराने तौर-तरीकों को शामिल किया गया। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, कहानी एक एनआरआई दंपती की है जो अपनी शर्तों पर जीते हैं लेकिन दिल से पूरी तरह भारतीय हैं।

चटर्जी के अनुसार डीडीएलजे हिंदी सिनेमा पर अपना असर दिखाने के मामले में 1975 में आई शोले के बाद दूसरी फिल्म है। पिछले दो दशक में दर्शकों की पूरी पीढ़ी उम्र में आगे निकल चुकी है लेकिन कुछ के लिए फिल्म की प्रासंगिकता पहली बार उनके फिल्म देखने के अनुभव से ही जुड़ी है। मथुरा निवासी पूर्व स्कूल प्राचार्य 84 वर्षीय प्रेमा महर्षि जब फिल्म को याद करती हैं तो उन्हें इसका सबसे लोकप्रिय संवाद जा सिमरन जा, जी ले अपनी जिंदगी सबसे पहले याद आता है।

वह हल्के-फुल्के अंदाज में कहती हैं, एक बात मुझे तब भी सोचने पर मजबूर कर देती थी कि शाहरुख ने ट्रेन रोकने के लिए चेन क्यों नहीं खींची। अगर ट्रेन काजोल को लिए बगैर स्टेशन से चली जाती तो क्या होता? काजोल को कितना भागना पड़ता।

सरकारी अधिकारी रोहित सागर के अनुसार यह फिल्म वास्तविक जीवन और काल्पनिकता का अनोखा मिश्रण है। कोलकाता के रहने वाले सागर कहते हैं कि वह डीडीएलजे को 1995 में 20 साल पुराना और आज 45 साल पुराना मानते हैं। उन्होंने कहा, नई पीढ़ी इस फिल्म को थोड़ी पुरानी सोच वाली मान सकती है। हालांकि कुछ बातें आज के समय में प्रासंगिक हैं।



# दिनेश कार्तिक ने केकेआर की कप्तानी छोड़ी, मोर्गन ने संभाला जिम्मा

एजेंसी। अबुधाबी



**विकेटकीपर** बल्लेबाज दिनेश कार्तिक शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान पद से हट गए। उनकी जगह इंग्लैंड के विश्वकप विजेता कप्तान और इंडियन प्रीमियर लीग की इस फ्रेंचाइजी में अब तक उप कप्तान की भूमिका निभा रहे इयोन मोर्गन को कमान सौंपी गई है। कार्तिक ने केकेआर प्रबंधन को कहा कि वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं और टीम के लिए अधिक से अधिक योगदान देना चाहते हैं। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ होने वाले मैच में मोर्गन ही टीम की अगुवाई करेंगे।

केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने बयान में कहा कि हम भाग्यशाली थे कि हमारे पास दिनेश कार्तिक जैसा नेतृत्वकर्ता है, जिन्होंने हमेशा टीम को सर्वोपरि रखा। उनके जैसे व्यक्ति के लिए इस तरह का फैसला करने के लिए काफी साहस चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जहां उनके फैसले से हैरान हैं वहीं हम उनकी इच्छा का सम्मान भी करते हैं। केकेआर ने अभी तक जो सात मैच खेले हैं उनमें से चार में उसे जीत मिली और तीन में हार। उसकी टीम अंकतालिका में चौथे स्थान पर है। मैसूर ने कहा कि कार्तिक ओर इयोन ने इस टूर्नामेंट के दौरान मिलकर बहुत अच्छा काम किया। अब भले ही इयोन कप्तानी संभाल रहे हैं, लेकिन यह एकतरह से भूमिकाओं की अदला बदली है और हमें उम्मीद है कि यह बदलाव सहजता से काम करेगा। उन्होंने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की तरफ से हम दिनेश कार्तिक का पिछले ढाई वर्षों में कप्तान के रूप में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हैं और इयोन को शुभकामनाएं देते हैं। टीम के अब तक के लचर प्रदर्शन के कारण कार्तिक की कप्तानी की आलोचना हो रही थी। अगर केकेआर ने अभी तक चार मैच खेले हैं तो इनकी संख्या आधी भी हो सकती थी क्योंकि उसने चेन्नई सुपर किंग्स और किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ करीबी जीत हासिल की। साथ ही रहस्यमीय स्पिनर सुनील नारायण की संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के कारण फिर से रिपोर्ट किया जाना भी टीम के लिए बुरी खबर रहा, उन्हें इसके बाद से टीम में शामिल नहीं किया गया है।

### कई बार रणनीति भी रही नाकाम

किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ अर्धशतकीय पारी को छोड़ दें तो कार्तिक का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। इसके अलावा उनकी रणनीति कई बार नाकाम रही। वह कुलदीप यादव जैसे बेहतरीन स्पिनर को शारजाह की धीमी पिच पर अंतिम एकादश शामिल करने को लेकर सहज नहीं थे जिससे भी कुछ सवाल उठे। उन्होंने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करने वाले प्रसिद्ध कृष्णा के बजाय युवा तेज गेंदबाज शिवम मावी और कमलेश नागरकोटी पर अधिक भरोसा दिखाया है जिनकी वैरिएशन लगभग समान है और इससे भी उनकी कप्तानी के फैसले की निंदा हुई। बल्कि पिछले सत्र में जब केकेआर काफी करीब से प्ले ऑफ से चूकी थी तो उनके कैरेबियाई आल राउंडर आंद्रे रसेल ने निचले क्रम में भेजे जाने के लिए सार्वजनिक रूप से कार्तिक की आलोचना की थी।

# कमिंस ने जमाया अर्धशतक, केकेआर ने मुंबई को दिया 149 रन का लक्ष्य

एजेंसी। अबुधाबी



**मुंबई** इंडियन्स की सधी गेंदबाजी के बाद पैट कमिंस (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारी और कप्तान इयोन मोर्गन (नाबाद 39) के साथ छठे विकेट के लिए उनकी 87 रन की अटूट साझेदारी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में शुक्रवार को यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट 148 पर रन बनाए।

कमिंस और मोर्गन ने आखिरी दो ओवरों में 35 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। कमिंस ने 36 गेंद की पारी में दो छक्के और पांच चौके लगाए, जबकि मोर्गन ने 29 गेंद की पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए। मैच से कुछ घंटे पहले हालांकि विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने की बात कहते हुए केकेआर की कप्तान पद से हट गए। उनकी जगह इंग्लैंड के विश्वकप विजेता कप्तान और आईपीएल में इस फ्रेंचाइजी में अब तक उप कप्तान की भूमिका निभा रहे मोर्गन को कमान सौंपी गई है। मोर्गन का टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला हालांकि सही साबित नहीं हुआ, टीम पारी की शुरुआत में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थी। मुंबई इंडियन्स की कसी हुई गेंदबाजी का फायदा उन्हें तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर राहुल त्रिपाठी के विकेट से मिला। प्वाइंट पर क्षेत्ररक्षण कर रहे सूर्यकुमार ने ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर राहुल त्रिपाठी का शानदार कैच लपका। त्रिपाठी ने नौ गेंद मे सात रन बनाए।

# रॉयल्स के खिलाफ रणनीति के साथ उतरेगा आरसीबी

एजेंसी। दुबई



**किंग्स** इलेवन पंजाब के खिलाफ अपने कुछ गलत फैसलों के कारण हार झेलने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शनिवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सही रणनीति के साथ मैदान पर उतरना चाहेगी। विराट कोहली की अगुवाई वाले आरसीबी ने अब तक अपने आलराउंड प्रदर्शन से आठ में से पांच मैच जीते हैं, लेकिन किंग्स इलेवन के खिलाफ गुरुवार को आठ विकेट से हार के दौरान उसने कुछ गलतियां की जो उसे आखिर में भारी पड़ी।

दूसरी तरफ रॉयल्स शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी से जूझ रहा है तथा उसने अभी तक आठ में से जो तीन मैच जीते हैं उनमें निचले क्रम के बल्लेबाजों का योगदान महत्वपूर्ण रहा। रॉयल्स अंकतालिका में सातवें स्थान पर है। आरसीबी की पांच जीत में दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ सुपर ओवर में दर्ज की गई जीत भी शामिल है। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ शारजाह में आरसीबी का बेहतरीन फार्म में चल रहे एबी डिविलियर्स को वाशिंगटन सुंदर (13) और शिवम दुबे (23) से नीचे छठे नंबर पर भेजने का फैसला गलत साबित हुआ। दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज केवल दो रन बना पाया। यही नहीं जब आरसीबी अपने स्कोर का बचाव कर रहा था तब कोहली ने क्रिस गेल पर अंकुश लगाने के लिए अच्छी फार्म में चल रहे सुंदर को बाद में गेंद सौंपी। उनकी यह रणनीति भी नहीं चल पाई और कैरेबियाई बल्लेबाज ने सुंदर पर चार छक्के लगाए। अब कोहली और उनकी टीम इस हार को भुलाकर सही रणनीति के साथ मैदान पर उतरना चाहेगी। जहां तक रॉयल्स का सवाल है तो उसके पास मजबूत बल्लेबाजी है, लेकिन कप्तान स्टीव स्मिथ और संजू सैमसन पहले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन करने के बाद रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। जोस बटलर अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। उन्होंने सात पारियों में केवल एक अर्धशतक लगाया है।

बेन स्टोक्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में 41 रन बनाकर अपना रंग दिखाया था। उनसे टीम को अच्छे स्कोर की उम्मीद होगी। रॉयल्स को राहुल तेवतिया के शानदार प्रदर्शन से किंग्स इलेवन पंजाब और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत मिली थी, लेकिन दिल्ली के खिलाफ उनका बल्ला भी नहीं चल पाया था। जोफ्रा आर्चर राजस्थान रॉयल्स की गेंदबाजी के अगुआ है जिसमें स्पिनर तेवतिया और श्रेयस गोपाल का उन्हें लगातार साथ मिल रहा है।

### टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** विराट कोहली (कप्तान), एबी डिविलियर्स, पार्थिव पटेल, आरोन फिंच, जोश फिलिप, क्रिस मॉरिस, मोइन अली, मोहम्मद सिराज, शाहबाज अहमद, देवदास पडिक्कल, युजवेंद्र चहल, नवदीप सैनी, डेल स्टेन, पवन नेगी, इसुरु उदाना, शिवम दुबे, उमेश यादव, गुरकीरत सिंह मान, वाशिंगटन सुंदर, पवन देशपांडे, एडम ज़म्पा।

**राजस्थान रॉयल्स:** जोस बटलर, बेन स्टोक्स, संजू सैमसन, एंड्र्यू टाई, कार्तिक त्यागी, स्टीवन स्मिथ (कप्तान), अंकित राजपूत, श्रेयस गोपाल, राहुल तेवतिया, जयदेव उनादकट, मयंक मारकंडे, महिपाल लोमरोर, ओसाने थॉमस, रियान पराग, यशस्वी जायसवाल, अनुज रावत, आकाश सिंह, डेविड मिलर, मनन वोहरा, शशांक सिंह, वरुण आरोन, टॉम कुरेन, रॉबिन उथप्पा, अनिरुद्ध जोशी, जोफ्रा आर्चर।

**मैच दोपहर तीन बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।**

# जीत से उत्साहित चेन्नई को अब मिलेगी दिल्ली की कड़ी चुनौती

एजेंसी। शारजाह



**महेंद्र** सिंह धोनी की कुशल कप्तानी से चेन्नई सुपर किंग्स का अभियान फिर से पटरी पर लौट आया है, लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग के अगले मैच में शनिवार को उसे यहां दिल्ली कैपिटल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में धोनी ने जो भी रणनीति अपनाई वह कारगर साबित हुई और सत्र में अपनी उम्मीदें बरकरार रखने के लिए उनकी टीम दिल्ली के खिलाफ भी इसी तरह का खेल दिखाने का कोशिश करेगी। चाहे वह सैम कुरेन को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारना हो या फिर सात गेंदबाजों का उपयोग करते हुए तेज गेंदबाज दीपक चाहर का कोटा शुरू में ही समाप्त करना, धोनी की प्रत्एक रणनीति पिछले मैच में सफल रही थी।

धोनी ने लेग स्पिनर पीयूष चावला से केवल एक ओवर करवाया और वह भी 16वें ओवर में। उन्होंने रविंद्र जडेजा और कर्ण शर्मा पर अधिक भरोसा दिखाया। पूरी संभावना है कि शारजाह के लगातार धीमे होते विकेट पर चेन्नई फिर से तीन स्पिनरों के साथ उतरेगा। शारजाह में स्पिनरों की भूमिका अहम रही है और पिछले दो मैचों में भी ऐसा देखने को मिला जब धीमी गति के गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से टीमों ने जीत दर्ज की। चेन्नई का सामना अब उस टीम से है, जो लगातार अच्छे प्रदर्शन से आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। दिल्ली की तरफ से दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा और एनरिच नोर्जे ने गेंदबाजी का जिम्मा बखूबी संभाला है। नोर्जे ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में 156.2 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी। स्पिन विभाग में आर अश्विन और अक्षर पटेल ने प्रभावशाली गेंदबाजी की तो पिछले मैच में तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने आईपीएल में अपने पदार्पण को यादगार बनाया।

दिल्ली की टीम हालांकि कप्तान श्रेयस अय्यर की फिटनेस को लेकर परेशान है जिनका पिछले मैच में कंधा चोटिल हो गया था। अय्यर बहुत अच्छी फार्म में हैं और उन्होंने टीम की अच्छी तरह से अगुवाई भी की है। अगर वह शनिवार को नहीं खेल पाते हैं, तो दिल्ली को उनकी बल्लेबाजी और शांतचित नेतृत्व की कमी खलेगी। दिल्ली के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल होने के कारण पहले ही बाहर हैं। टीम को प्रतिभाशाली पृथ्वी सॉव और शिखर धवन से अच्छी शुरुआत की उम्मीद रहेगी।

### टीमें

**चेन्नई सुपर किंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), मुरली विजय, अंबाती रायडू, फाफ डु प्लेसिस, शेन वॉटसन, केदार जाधव, ड्वेन ब्रावो, रविंद्र जडेजा, लुंगी एनगिडी, दीपक चाहर, पीयूष चावला, इमरान ताहिर, मिशेल सेंटनर, जोश हेजलवुड, शार्दुल ठाकुर, सैम कुरेन, एन जगदीशन, केएम आसिफ, मोनू कुमार, आर साई किशोर, रुतुराज गायकवाड़, कर्ण शर्मा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), रविचंद्रन अश्विन, शिखर धवन, पृथ्वी सॉव, शिमरोन हेटमायर, कागिसो रबाडा, अजिंक्य रहाणे, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, संदीप लमिछाने, कीमो पॉल, डेनियल सैम्स, मोहित शर्मा, एनरिक नार्जे, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), अवेश खान, तुषार देशपांडे, हर्षल पटेल, मार्कस स्टोइनिस, ललित यादव।

**मैच शाम सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।**

## संक्षिप्त समाचार

### कोविड-19 के कारण यूटीटी अगले साल तक स्थगित

**मुंबई।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) को शुक्रवार को कोविड-19 महामारी के कारण खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को देखते हुए अगले साल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। यह लीग पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार टोक्यो ओलंपिक के बाद 14 से 31 अगस्त के बीच भारत में होनी थी। टोक्यो ओलंपिक भी महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित किए गए हैं। यूटीटी को पहले अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया था लेकिन अब इसका आयोजन अगले साल होगा। यूटीटी के सह प्रमोटर्स विता दानी और नीरज बजाज ने संयुक्त बयान में कहा, हमें खिलाड़ियों और अन्य हितधारकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े जोखिम से बचना चाहिए विशेषकर तब जबकि 2021 में ओलंपिक का आयोजन होना है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय यात्राओं पर अब भी प्रतिबंध है और इसको लेकर स्पष्ट दिशानिर्देशों का इंतजार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति का आकलन करने और भारतीय टेबल टेनिस संघ (टीटीएफआई) के साथ चर्चा करने के बाद हमने इस कैलेंडर वर्ष में यूटीटी का आयोजन नहीं करने का फैसला किया।

### हैटन ने सीजे कप के पहले दौर में बढ़त बनाई

**लास वेगास।** टायरेल हैटन लंदन से लंबी यात्रा करने के बाद यहां गोल्फ कोर्स पर उतरे और उन्होंने सीजे कप पीजीए चैंपियनशिप के पहले दौर में सात अंडर 65 का स्कोर बनाकर एकल बढ़त हासिल की। हैटन ने शैडो ग्रीक गोल्फ कोर्स पर पिछले रिकार्ड की बराबरी की और रसेल हेनली और जेंडर शॉफले पर एक शॉट की बढ़त बनाई। हेनली और शॉफले दोनों ने छह अंडर 66 का कार्ड खेला। कोरोना वायरस के लिए पॉजीटिव पाए जाने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल पा रहे डस्टिन जॉनसन ने 2015 में यहां 65 का कार्ड खेला था। जॉन रहम और टेलर डंकन पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। खिताब के दावेदारों में शामिल रोरी मैकलॉराय ने अपने अंतिम तीन होल में बोगी की और उन्होंने एक ओवर 73 का कार्ड खेलकर निराशाजनक प्रदर्शन किया।

### ऑनलाइन कोचिंग कोर्स चलाएगा हॉकी इंडिया

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह देश भर के प्रशिक्षकों के लिए ऑनलाइन बेसिक कोचिंग कोर्स संचालित करेगा। यह पहला अवसर है, जबकि हॉकी इंडिया ने इच्छुक प्रशिक्षकों को खुले मंच के जरिए आवेदन करने के लिए कहा है। इस ऑनलाइन कोर्स के लिए 60 स्थान ही उपलब्ध हैं। हॉकी की विज्ञप्ति के अनुसार, उम्मीद्वारों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक उम्मीद्वारों के लिए न्यूनतम योग्यता उनका जिला, स्कूल या विश्वविद्यालय स्तर की हॉकी टीम के साथ कोचिंग का कम से कम तीन साल का अनुभव या फिर राष्ट्रीय या अखिल भारतीय विवि स्तर पर खेलने का कम से कम तीन साल का अनुभव है। इस बेसिक कोचिंग कोर्स में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीद्वार भविष्य में हॉकी इंडिया के लेवल एक कोचिंग कोर्स में हिस्सा लेने की अर्हता हासिल कर लेंगे। इस कोर्स का कोई शुल्क नहीं होगा लेकिन हॉकी इंडिया लेवल एक कोचिंग कोर्स करने वाले उम्मीद्वारों को ही आवश्यक प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

# ओपेल्का ने मेदवेदेव को सेंट पीटर्सबर्ग ओपन से बाहर किया

**सेंट पीटर्सबर्ग।** अमेरिका के रीली ओपेलका ने मौजूदा चैंपियन डेनिल मेदवेदेव के खिलाफ आखिरी सेट में चार ब्रेक प्वाइंट बचाकर सेंट पीटर्सबर्ग ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ओपेलका ने पहला सेट गंवाने के बाद विश्व में छठी रैंकिंग के मेदवेदेव को 6-2, 7-5, 6-4 से हराया।

मेदवेदेव ने यूएस ओपन के सेमीफाइनल में डोमिनिक थीम से हारने के बाद जो चार मैच खेले हैं उनमें से तीन में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। इस बीच उन्होंने एकमात्र जीत सेंट पीटर्सबर्ग के पहले दौर में रिचर्ड गास्केट के खिलाफ दर्ज की। ओपेलका क्वार्टर फाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त बोर्ना कोरिच का सामना करेंगे। इस क्रोएशियाई खिलाड़ी ने रूस के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रोमन सैफुलियन को 6-3, 7-5 से हराया। कनाडा के दूसरी वरीयता प्राप्त डेनिस शापोवालोव को बेलारूस के क्वालीफायर इलिया इवाशका को 6-1, 6-4 से हराने में खास परेशानी नहीं हुई। वह क्वार्टर फाइनल में स्टैन वावरिंका का सामना करेंगे। आंद्रे रूबलेव ने पहला सेट गंवाने के बाद उगो हंबर्ट को 4-6, 6-4, 7-5 से पराजित किया।

# बच्चों के साथ समय बिताने के लिए दुबई से लंदन रवाना हुए पीटरसन

**दुबई।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन शुक्रवार को अपने घर रवाना हो गए। वह यहां चल रही इंडियन प्रीमियर लीग के कमेंटरी पैनल का हिस्सा थे और अपने बच्चों के साथ समय बिताने के लिए उन्होंने यह फैसला किया। कमेंटरी करने से पहले वह आईपीएल में चार विभिन्न टीमों के साथ खेल चुके थे। वह लंदन पहुंच भी गए हैं। पीटरसन की पत्नी गायिका जेसिका टेलर हैं और उनके दो बच्चे हैं। पीटरसन ने ट्वीट किया, मैंने आईपीएल छोड़ दिया क्योंकि यह मेरे बच्चों का हॉफ टर्म (स्कूल सत्र में एक हफ्ते की छुट्टियां) है और मैं उनके साथ घर पर रहना चाहता हूं।

# पाक ने तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड को आमंत्रित किया

एजेंसी। कराची

**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड को अगले साल जनवरी में तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए आमंत्रित किया है। पीसीबी के सीईओ वसीम खान ने इसका खुलासा किया। इंग्लैंड ने पाकिस्तान का आखिरी दौरा 2005-06 में किया था। तब टीम ने टेस्ट और एकदिवसीय श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था।

वसीम खान ने पाकिस्तान के एक टीवी चैनल से कहा, हां हमने ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) के पास 13 से 20 जनवरी के बीच तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए आधिकारिक निमंत्रण भेजा है। उन्होंने साफ किया कि इस दौरे का पाकिस्तानी टीम के इस साल के इंग्लैंड दौरे से कोई संबंध नहीं है। पाकिस्तान की टीम कोविड-19 के बावजूद टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड खेलने के लिए गई थी। वसीम खान ने कहा कि जब हमने टीम को इंग्लैंड भेजने का फैसला किया तो हम कोविड-19 और जैव सुरक्षित वातावरण को लेकर चिंतित थे। इसके अलावा कुछ लोगों ने चिंता जताई थी कि इससे हम अपने खिलाड़ियों को खतरे में डाल सकते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका और कोरिया सहित 16 देशों ने खो-खो सीखने में दिखाई दिलचस्पी

एजेंसी। नई दिल्ली



**दक्षिण** अफ्रीका, कोरिया और कीनिया उन 16 देशों में शामिल हैं, जिन्होंने पिछले कुछ समय में भारत के परंपरागत खेल खो-खो सीखने में दिलचस्पी दिखाई है और इस मामले में भारतीय संघ उनकी मदद कर रहा है।

भारतीय खो खो महासंघ के महासचिव महेंद्र सिंह त्यागी ने शुक्रवार को इसका खुलासा करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण लगाए गए लॉकडाउन से पहले इन देशों के प्रतिनिधि भारत दौरे पर आए थे और इस दौरान उन्होंने इस खेल की बारीकियां सीखी थी। महासंघ की यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार त्यागी ने कहा, दक्षिण अफ्रीका, कीनिया और कोरिया सहित 16 देशों के प्रतिनिधि खो-खो के नियमों और बारीकियों को समझने के लिए भारत दौरे पर आए थे। हमने उन्हें खेल का तकनीकी ज्ञान मुहैया कराया था। उन्होंने कहा कि हमारी खो-खो का अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना थी लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण फिलहाल इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

त्यागी ने बताया कि भारत परिस्थितियां अनुकूल होने पर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने की योजना भी बना रहा है। हाल में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान जकार्ता में, खो-खो को आधिकारिक मान्यता मिली। हमारी विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने की भी योजना है। इस साल नवंबर में खो-खो लीग का आयोजन किया जाना था लेकिन कोविड-19 के कारण इसे स्थगित कर दिया गया।



# जब गेल बल्लेबाजी कर रहा हो तो आपके पास मैच जीतने का मौका है: पूरन

एजेंसी। शारजाह



**बल्लेबाज** निकोलस पूरन ने कहा कि क्रिस गेल की क्रीज पर मौजूदगी से टीम का आत्मविश्वास बढ़ता है और यूनिवर्स बॉस के नाम से मशहूर इस धाकड़ क्रिकेटर ने किंग्स इलेवन पंजाब की इंडियन प्रीमियर लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पर मिली जीत के दौरान अर्धशतक जड़कर अपनी अहमियत साबित भी की।

गेल जनवरी के बाद से अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेल रहे थे। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ धीमी शुरुआत के बाद अपनी 53 रन की पारी के दौरान पांच छक्के और एक चौका जड़ा जिससे किंग्स इलेवन पंजाब ने पांच मैचों में हार का क्रम तोड़ा। पूरन ने आईपीएलटी20 डॉट कॉम पर मैच के बाद साथी मयंक अग्रवाल से कहा कि उसने धीमी शुरुआत की, जो स्वीकार्य है क्योंकि वह काफी लंबे समय बाद क्रिकेट खेल रहा था। उसने फिर दिखा दिया कि वह महानतम टी-20 बल्लेबाज क्यों है। उसे रन बनाते हुए देखना शानदार है। वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज ने साथ ही कहा कि जमैका का यह 41 साल का धुरंधर जब क्रीज पर होता है, तो खेमे के अंदर का माहौल ही अलग होता है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए वह महानतम टी-20 खिलाड़ी है। जब क्रिस बल्लेबाजी कर रहा होता है, तो आप हमेशा महसूस करते हो कि आपके पास मैच जीतने का मौका है। जब वह क्रीज पर होता है तो खेमे के अंदर अलग ही मूड होता है। हम बतौर बल्लेबाज उस जैसे खिलाड़ी को क्रीज पर देखना चाहेंगे।

# आरसीबी के स्पिनरों को देखकर सीख ली : अश्विन



**शारजाह।** किंग्स इलेवन पंजाब के स्पिनर मुरूगन अश्विन ने कहा कि सही लेंथ पर गेंदबाजी करने से वह इंडियन प्रीमियर लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में सफल रहे और इसकी सीख उन्हें पिछले मैच में अपनी इस प्रतिद्वंद्वी टीम के गेंदबाजों को देखकर ही मिली। अश्विन ने खतरनाक आरोन फिंच और वाशिंगटन सुंदर के विकेट लिए तथा चार ओवर में केवल 23 रन दिए। इलेवन ने गुरुवार को खेला गया यह मैच आठ विकेट से जीता।

इस 30 वर्षीय गेंदबाज ने आरसीबी की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 82 रन से जीत के दौरान युजवेंद्र चहल और सुदंर की गेंदबाजी का विश्लेषण किया जिससे उन्हें शारजाह के अपेक्षाकृत छोटे मैदान पर सही लेंथ हासिल करने में मदद मिली। अश्विन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गेंद बल्ले पर थोड़ा रुककर आ रही थी। यह सहीं लेंथ पर गेंद करने से जुड़ा था। आरसीबी ने जो पिछला मैच खेला था मैंने उसे देखा था। मैंने इस पर गौर किया था उनके स्पिनर किस तरह से गेंदबाजी कर रहे हैं। मैंने उससे सीख ली। उन्होंने कहा कि मैं सही लेंथ पर गेंदबाजी करना चाहता था और जितना संभव हो दोनों तरफ टर्न करना चाहता था। चहल ने केकेआर के खिलाफ मैच में चार ओवर में 12 जबकि सुंदर ने 20 रन दिए थे। अश्विन ने कहा कि छोटे मैदान पर गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह चुनौतीपूर्ण है और आपको इसे स्वीकार करना होगा। आपको इससे तालमेल बिठाना होगा और हमने अभ्यास में ऐसा ही किया।

आरसीबी के आलराउंडर क्रिस मौरिस ने भी अपने कप्तान विराट कोहली की तरह कहा कि दाएं और बाएं हाथ का संयोजन बनाकर लेग स्पिनरों का सामना करने के उद्देश्य से ही एबी डिविलियर्स को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा गया। उन्होंने कहा कि दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाज की क्रीज पर मौजूदगी से लगातार सही लाइन से गेंद करना मुश्किल होता है। आखिर में विकेट धीमा पड़ता जा रहा था। हमें लगा कि हमने पर्याप्त रन बनाए हैं लेकिन हमने कुछ आसान चौके दिए। हमारी रणनीति थोड़ा गलत साबित हुई लेकिन तब भी हमने मैच आखिरी गेंद तक खींचा।

# शारदीय नवरात्रि

## इस बार घोड़े पर सवार होकर आ रही हैं मां अम्बे



**नवरात्रि** पर मां दुर्गा के धरती पर आगमन का विशेष महत्व होता है। देवीभागवत पुराण के मुताबिक नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा का आगमन भविष्य में होने वाली घटनाओं के संकेत के रूप में भी देखा जाता है। हर साल नवरात्रि में देवी दुर्गा का आगमन अलग-अलग वाहनों पर होता है। जिन वाहनों पर वे सवार होकर आती हैं उसका अलग-अलग महत्व होता है। अगर नवरात्रि का आरंभ सोमवार या रविवार के दिन होता है तब इसका अर्थ होता है माता हाथी पर सवार होकर आएंगी। अगर शनिवार और मंगलवार के दिन नवरात्रि का पहला दिन होता है तो माता घोड़े पर सवार होकर आती हैं। वहीं गुरुवार या शुक्रवार के दिन नवरात्रि आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि पर मां का आगमन होता तो माता डोली की सवारी करते हुए भक्तों को आशीर्वाद देने आती हैं। बुधवार के दिन नवरात्रि का पहला दिन होने पर माता नाव की सवारी करते हुए धरती पर आती हैं।

इस बार 17 अक्टूबर को शनिवार है इसलिए मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आने वाली है। देवी भागवत पुराण के मुताबिक जब माता दुर्गा नवरात्रि पर घोड़े की सवारी करते हुए आती हैं तब पड़ोसी से युद्ध, गृह युद्ध, आंधी-तूफान और सत्ता में उथल-पुथल जैसी गतिविधियां बढ़ने की संभावना रहती है। नवरात्रि के आरंभ से ही शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। क्योंकि अधिकमास में हर तरह के शुभ काम वर्जित होते हैं लेकिन नवरात्रि के साथ ही सभी शुभ काम शुरू हो जाएंगे। नवरात्रि आरंभ होते ही नई वस्तुओं की खरीद, मुंडन कार्य, ग्रह प्रवेश जैसे शुभ कार्य आरंभ हो जाएंगे। हालांकि शादी विवाह देवउठनी एकादशी तिथि के बाद ही आरंभ होंगे। 17 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्रि में मां के आगमन इस बार घोड़े पर होगा। दुर्गा पूजा और नवरात्र की शुरुआत शनिवार से हो रही है ऐसे में मां घोड़े को अपना वाहन बनाकर धरती पर आएंगी। घोड़े पर आने से पड़ोसी देशों से युद्ध, सत्ता में उथल-पुथल और साथ ही रोग और शोक फैलता है। इस बार मां भैंसे पर विदा हो रही है और इसे भी शुभ नहीं माना जाता है।

| | |
|---|---|
| प्रथम नवरात्र | 17 अक्टूबर 2020 |
| द्वितीय नवरात्र | 18 अक्टूबर 2020 |
| तृतीय नवरात्र | 19 अक्टूबर 2020 |
| चतुर्थ नवरात्र | 20 अक्टूबर 2020 |
| पंचम नवरात्रि | 21 अक्टूबर 2020 |
| षष्ठम नवरात्र | 22 अक्टूबर 2020 |
| दुर्गा सप्तमी एवं अष्टमी | 23 अक्टूबर 2020 |
| दुर्गा नवमी | 24 अक्टूबर 2020 |
| दशहरा | 25 अक्टूबर 2020 |

### नवरात्र का पहला दिन और देवी का वाहन

| दिन | वाहन | क्या होना संभावित |
|---|---|---|
| सोमवार | हाथी | अतिवृष्टि |
| मंगलवार | घोड़ा | युद्ध की आशंका |
| बुधवार | नाव | मनोकामना पूर्ति |
| गुरुवार | डोली | महामारी का डर |
| शुक्रवार | डोली | महामारी का डर |
| शनिवार | घोड़ा | पड़ोसी देशों के साथ तनाव |
| रविवार | हाथी | ज्यादा बारिश |

## यह होगा घट स्थापना का मुहूर्त



17 अक्टूबर को शारदीय नवरात्रों में घट स्थापना का मुहूर्त प्रात: छह बजकर 29 मिनट से आठ बजकर 49 मिनट तक चर लग्न में श्रेष्ठ है। इसके बाद 11:51 बजे के पश्चात और अभिजीत मुहूर्त 11:36 से 12:24 तक घट स्थापना के लिए विशेष मुहूर्त रहेगा। 14:49 से 16:17 तक कुंभ लग्न भी स्थिर लग्न है, जो घट स्थापना के लिए श्रेष्ठ है। चौघड़िया मुहूर्त के अनुसार दोपहर 12:32 बजे से 16:45 बजे तक चर लाभ और अमृत के चौघड़िया में भी घटस्थापना श्रेष्ठ रहती है।

घट स्थापना के समय कलश के नीचे जौ बोए जाते हैं। जौ और कलश का स्थान आपके बाएं हाथ पर होना चाहिए अर्थात के देवी मां के मंदिर के बांयी और तथा दीपक का स्थान आप के दाहिने हाथ की ओर होना चाहिए। जिन घरों में अखंड ज्योत जलाई जाती है उन्हें नौ दिन तक अपना घर नहीं छोड़ना चाहिए। कोई न कोई सदस्य घर में अवश्य रहे। नवरात्रों के समय नियम, संयम, सादगी और शुद्ध भोजन का विधान है। जो व्यक्ति दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हैं उन्हें अपने आचरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। तभी दुर्गा माता के नौ स्वरूपों की ठीक प्रकार से आराधना होगी। इस बार सप्तमी एवं अष्टमी एक ही तिथि यानी एक ही दिन मनाई जाएगी। अर्थात इस बार सप्तमी,अष्टमी 23 अक्टूबर को होगी। महा नवमी के दिन दुर्गा मां का विसर्जन होगा।

## माता के नौ रूप

### प्रथम शैलपुत्री

दुर्गा जी के प्रथम रूप को शैलपुत्री देवी के नाम से जानते हैं। ये गिरीराज हिमालय की पुत्री हैं। इनका वाहन वृषभ है। दाएं हाथ में त्रिशूल और आएं हाथ में कमल सुशोभित है। इन्हें सती के नाम से भी जाना जाता है।

### द्वितीय ब्रह्मचारिणी

दुर्गा जी के द्वितीय रूप को ब्रह्मचारिणी देवी के नाम से जानते हैं। ये देवी आनंद ज्ञानदायिनी, भव्यस्वरूपा हैं। दाहिने हाथ में जप करने वाली श्रेष्ठ माला और बाएं हाथ में शुभ जल से परिपूर्ण कमंडल है। ये पूर्वजन्म में गिरीराज हिमालय की पुत्री पार्वती हेमवती थीं। इन्होंने भगवान शंकर को प्राप्त करने के लिए घोर तप किया था, जिसके कारण इनका नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा।

### तृतीय चंद्रघंटा

दुर्गा जी के तृतीय रूप को चंद्रघंटा देवी के नाम से जानते हैं। ये देवी घंटी व चंद्रमा धारण किए हुए हैं। ये देवी दिव्य स्वरूपा हैं। इनके तीन नेत्र, दस हाथ हैं। दसों हाथों में अलग अलग प्रकार के अस्त्र-शस्त्र धारण किए हुए हैं। इनका वाहन विशाल सिंह है। ये भक्तों को अभयदान देने वाली हैं।

### चतुर्थ कूष्माण्डा

दुर्गा जी के चौथे रूप को कूष्माण्डा देवी के नाम से जानते हो। इनका वाहन सिंह है। मां कूष्माण्डा देवी को अष्टभुजा देवी के नाम से भी जानते हैं। इनके हाथों में कमंडल, धनुषबाण, कमलपुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। बाएं हाथ में सभी रिद्धि-सिद्धि प्रदान करने वाली जप माला है। सारे ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें संसार में कूष्माण्डा नाम से जाना जाता है। मां के इस रूप की उपासना करने से भक्तों के समस्त प्रकार के रोग, दोष, कष्ट भय बाधा इत्यादि दूर हो जाती हैं। इनकी उपासना से आयु, बल आरोग्य और यश आदि की वृद्धि होती है।

### पंचम स्कंदमाता

दुर्गा जी के पांचवें रूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। भगवान स्कंद की माता होने के कारण इनका नाम स्कंदमाता पड़ा। इस दिन भक्तों को मन लगाकर मां की पूजा अर्चना करनी चाहिए। इनकी गोद में भगवान स्कंद बाल रूप में विराजमान हैं। इनकी चार भुजाएं हैं। इनका वर्ण पूर्णतय : शुभ्र है। मां स्कंदमाता की उपासना से भक्त की समस्त इच्छाएं पूर्ण होती हैं। सूर्य मंडल की अधिष्ठात्री होने के कारण इनका उपासक अलौकि तेज एवं कांति से संपन्न हो जाता है।

### षष्ठम कात्यायनी

दुर्गा जी के छठे रूप को कात्यायनी के नाम से जाना जाता है। महर्षि कात्यायन के घर में पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम कात्यायनी पड़ा। कात्यायनी अनेक प्रकार के फलों को देने वाली हैं। इनका वाहन सिं है। इनका स्वरूप अत्यंत ही भव्य है। इनका वर्ण सोने के समान है। इनकी आठ भुजाएं हैं। मां की दाहिनी तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा तथा नीचे वाला वरमुद्रा में है। बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार, नीचे वाले हाथ में कमल पुष्प सुशोभित हो रहे हैं। इस दिन साधक को मन में मां का ध्यान करना चाहिए।

### सप्त कालरात्रि

दुर्गा जी के सातवें रूप को कालरात्रि की संज्ञा दी गई है। इनके शरीर का रंग काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में अत्यधिक चमकने वाली माला धारण किए हुए हैं। इनकी नासिका से अग्नि की तरह भयंकर ज्वालाएं निकलती रहती हैं। मां का यह रूप देखने में अत्यंत भयंकर है। लेकिन यह रूप हमेशा शुभ फल देने वाला होता है। मां कालरात्रि सभी प्रकार के विध्नों को दूर करने वाली है।

### अष्टम महागौरी

मां दुर्गा जी के आठवें रूप को महागौरी के रूप में जाना जाता है। इनका अत्यंत गौर वर्ण होने के कारण इनका नाम महागौरी पड़ा। इनका वाहन वृषभ है। इनकी चार भुजाएं हैं। मां गौरी की उपासना करने से भक्तों के सभी प्रकार के क्लेश समाप्त हो जाते हैं। इनकी पूजा से आलौकिक सिद्धियों की प्राप्ति होती है। इनकी उपासना से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं।

### नवम सिद्धिदात्री

मां दुर्गा जी के नवम रूप को सिद्धिदात्री कहा गया है। यह सर्व प्रकार की सिद्धि को देने वाली हैं। इनकी चार भुजाएं हैं। मां कमल पुष्प पर विराजमान हैं। इनकी उपासना सभी भक्तों को बड़ी निष्ठा और प्रेम भाव से करनी चाहिए।



**पं. गोविंद कृष्ण वत्स**
श्रीबजरंग नवग्रह
अनुसंधान केंद्र

## नवरात्रि व्रत की यह सुंदर लोककथा



कौशल देश में सुशील नामक का एक निर्धन ब्राह्मण रहता था। प्रतिदिन मिलने वाली भिक्षा से वह अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके कई बच्चे थे। प्रात: काल वह भिक्षा लेने घर से निकलता और सायं काल लौट आता था। देवताओं, पितरों और अतिथियों की पूजा करने के बाद आश्रितजन को खिलाकर ही वह स्वयं भोजन ग्रहण करता था। इस प्रकार भिक्षा को वह भगवान का प्रसाद समझकर स्वीकार करता था।

इतना दु:खी होने पर भी वह दूसरों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहता था। यद्यपि उसके मन में अपार चिंता रहती थी, तथापि वह सदैव धर्म-कर्म में लगा रहता था। अपनी इंद्रियों पर उसका पूर्ण नियंत्रण था। वह सदाचारी, धर्मात्मा और सत्यवादी था। उसके हृदय में कभी क्रोध, अहंकार और ईर्ष्या जैसे तुच्छ विकार उत्पन्न नहीं होते थे। एक बार उसके घर के पास सत्यव्रत नामक एक तेजस्वी ऋषि आकर ठहरे। वे एक प्रसिद्ध तपस्वी थे। मंत्रों और विद्याओं का ज्ञाता उनके समान आसपास दूसरा कोई नहीं था। जल्द ही अनेक व्यक्ति उनके दर्शनों को आने लगे। सुशील के हृदय में भी उनसे मिलने की इच्छा जागृत हुई और वह उनकी सेवा में उपस्थित हुआ।

सत्यव्रत को प्रणाम कर वह बोला, 'ऋषिवर! आपकी बुद्धि अत्यंत विलक्षण है। आप अनेक शास्त्रों, विद्याओं और मंत्रों के ज्ञाता हैं। मैं एक निर्धन, दरिद्र और असहाय ब्राह्मण हूं। कृपया मुझे बताएं कि मेरी दरिद्रता किस प्रकार समाप्त हो सकती है?' सत्यव्रत ने आगे कहा कि, 'मुनिवर! आपसे यह पूछने का केवल इतना ही अभिप्राय है कि मुझ में कुटुम्ब का भरण-पोषण करने की शक्ति आ जाए। धनाभाव के कारण मैं उन्हें समुचित सुविधाएं और अन्य सुख नहीं दे पा रहा हूं। दयानिधान! तप, दान, व्रत, मंत्र अथवा जप-आप कोई ऐसा उपाय बताने का कष्ट करें, जिससे कि मैं अपने परिवार का यथोचित भरण-पोषण कर सकूं। मुझे केवल इतने ही धन का अभिलाषा है, जिससे कि मेरा परिवार सुखी हो जाए।'

सत्यव्रत ने सुशील को भगवती दुर्गा की महिमा बताते हुए नवरात्रि व्रत करने का परामर्श दिया। सुशील ने सत्यव्रत को अपना गुरु बनाकर उनसे मायाबीज नामक भुवनेश्वरी मंत्र की दीक्षा ली। तत्पश्चात नवरात्रि व्रत रखकर उस मंत्र का नियमित जप आरंभ कर दिया। उसने भगवती दुर्गा की श्रद्धा और भक्तिपूर्वक आराधना की।

नौ वर्षों तक प्रत्येक नवरात्रि में वह भगवती दुर्गा के मायाबीज मंत्र का निरंतर जप करता रहा। सुशील की भक्ति से प्रसन्न होकर नवें वर्ष की नवरात्रि में, अष्टमी की आधी रात को देवी भगवती साक्षात प्रकट हुईं और सुशील को उसका अभीष्ट वर प्रदान करते हुए उसे संसार का समस्त वैभव, ऐश्वर्य और मोक्ष प्रदान किया। इस प्रकार भगवती दुर्गा ने प्रसन्न होकर अपने भक्त सुशील के सभी कष्टों को दूर कर दिया और उसे अतुल धन-संपदा, मान-सम्मान और समृद्धि प्रदान की।

***इस कहानी से यह शिक्षा मिलती है कि किसी भी कार्य को श्रद्धा, भक्ति और निष्ठा से करने पर उसका फल सदैव अनुकूल ही प्राप्त होता है।***

## जौ के पौधों से मालूम होता है घर की खुशहाली का राज

नवरात्रों में रोपे जाने वाले जौ के बारें में विशेष तीन बाते गौर करने लायक है। नवरात्री पूजन के दौरान पूजा के साथ ही जौ रोपने को लेकर एक कहानी है। इन जौ के बाद मालूम होता है कि व्रतधारी के घर में किस प्रकार की उन्नती और शांति है। एनएच-पांच स्थित राधा सर्वेश्वर मंदिर के पुजारी पं. मुनिराज जी ने बताया कि नवरात्र पूजन के समय घरों व मंदिरों में पूजा के साथ जौ भी रोपे जाते है। नवरात्रों के नौवें दिन पूजा के साथ बौए गए इन जौ के माध्यम से मालूम होता है कि व्रतधारी के घर में किस प्रकार से खुशहाली व धनधान्य से किस देवी की कृपा आ सकती है। जौ के पौधों में अगर हरे रंग की मुलायम पत्तिया और उसमें हल्का पीलापन हो तों उससे पता चलता है कि उस पर मां सरस्वती की पूरी कृपा है अर्थात परिवार में शिक्षा को बढ़ावा मिलता है। वहीं हरे पौधों के साथ यदि काई हल्का सफेद पौधा हो तो मां लक्ष्मी की पूरी कृपा होता है अर्थात घर में परिवार को धन संपति का काफी लाभ मिलता है। तीसरा यदि पौधों के पत्ते चौड़े और धारदार हो तो इससे स्पष्ट होता है कि परिवार पर मां काली की पूरी कृपा है अर्थात परिवार सभी मुसीबतों से बचा रहेगा।



## कलश स्थापना की सही, सरल और प्रामाणिक विधि

### आवश्यक सामग्री

- जौ बोने के लिए मिट्टी का पात्र
- साफ मिट्टी
- मिट्टी का एक छोटा घड़ा
- कलश को ढ़कने के लिए मिट्टी का ढक्कन
- गंगा जल
- सुपारी
- 1 या 2 रुपये का सिक्का
- आम की पत्तियां
- अक्षत / कच्चे चावल
- मोली / कलावा / रक्षा सूत्र
- जौ (जवारे)
- इत्र (वैकल्पिक)
- फूल और फूल माला
- नारियल
- लाल कपडा / लाल चुन्नी
- दूर्वा घास

### स्थापना विधि



कलश स्थापना (घटस्थापना) नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त, सही समय और सही तरीके से करनी चाहिए। आइए जानते हैं इसके बारे में

- नवरात्रि में कलश स्थापना देव-देवताओं के आह्वान से पूर्व की जाती है। कलश स्थापना करने से पूर्व आपको कलश को तैयार करना होगा, जिसकी संपूर्ण विधि इस प्रकार है।
- सबसे पहले मिट्टी के बड़े पात्र में थोड़ी सी मिट्टी डालें। और उसमे जवारे के बीज डाल दें।
- अब इस पात्र में दोबारा थोड़ी और मिट्टी डालें। और फिर बीज डालें। उसके बाद सारी मिट्टी पात्र में डाल दें और फिर बीज डालकर थोड़ा सा जल डालें।

  (ध्यान रहे इन बीजों को पात्र में इस तरह से लगाएं कि उगने पर यह ऊपर की तरफ उगें। यानी बीजों को खड़ी अवस्था में लगाएं और ऊपर वाली लेयर में बीज अवश्य डालें।)
- अब कलश और उस पात्र की गर्दन पर मौली बांध दें। साथ ही तिलक भी लगाएं। इसके बाद कलश में गंगा जल भर दें।
- इस जल में सुपारी, इत्र, दूर्वा घास, अक्षत और सिक्का भी दाल दें।
- अब इस कलश के किनारों पर पांच अशोक के पत्ते रखें और कलश को ढक्कन से ढक दें।
- अब एक नारियल लें और उसे लाल कपड़े या लाल चुन्नी में लपेट लें। चुन्नी के साथ इसमें कुछ पैसे भी रखें। इसके बाद इस नारियल और चुन्नी को रक्षा सूत्र से बांध दें।
- तीनों चीजों को तैयार करने के बाद सबसे पहले जमीन को अच्छे से साफ करके उस पर मिट्टी का जौ वाला पात्र रखें। उसके ऊपर मिट्टी का कलश रखें और फिर कलश के ढक्कन पर नारियल रख दें।
- आपकी कलश स्थापना संपूर्ण हो चुकी है। इसके बाद सभी देवी देवताओं का आह्वान करके विधिवत नवरात्रि पूजन करें। इस कलश को आपको नौ दिनों तक मंदिर में ही रखे देने होगा। बस ध्यान रखें सुबह-शाम आवश्यकतानुसार पानी डालते रहें।

## इन पांच चीजों के सेवन से व्रत को बनाएं हेल्दी, नहीं लगेगी भूख

**नवरात्रि,** जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है नवरात्रि यानी नौ रातों का उत्सव। इस बार 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक नवरात्रि का यह पर्व मनाया जाएगा। वैसे तो नवरात्रि साल में दो बार आती हैं चैत्र नवरात्र और शारदीय नवरात्र, लेकिन दिवाली के पास शारदीय नवरात्र आती हैं इसलिए इनका ज्यादा महत्व होता है। नवरात्रों मे मां के नौ अलग रूपों की पूजा की जाती है। ऐसे में कुछ लोग नौ दिनों तक उपवास रखते हैं, तो कुछ लोग केवल सबसे पहला और आखरी का व्रत रखते हैं। लोगों को पता होना चाहिए कि नवरात्रि व्रत के दौरान अगर आप सही डाइट लेंगे तो आप अपनी भूख पर नियंत्रित रख सकेंगे।

### आलू से बनी चीजें

वैसे तो आम दिनों में लोग आलू का सेवन कम करते हैं। लोगों का मानना है कि आलू के सेवन से वजन ज्यादा बढ़ता है, लेकिन व्रत के दिनों में आलू का सेवन आपकी भूख को नियंत्रित कर सकता है। आप व्रत में आलू के बने चिप्स, आलू के पापड़, सेंधा नमक के उबले आलू आदि का सेवन कर सकते हैं।

### चौलाई के बने लड्डू



चौलाई के लड्डू को आम लोगों की भाषा में व्रत के लड्डू भी कहा जाता है। चौलाई को हल्के आहार के रूप में देखा जाता है। इसके अंदर कई पौष्टिक तत्व मौजूद होते हैं। साथ ही चौलाई के लड्डू में गुड यानी नैचुरल शुगर का प्रयोग किया जाता है इसलिए ये बेहद पौष्टिक होते हैं। कुछ लोग चौलाई की बर्भियां भी अपने घरों में बनाते हैं, जिससे टेस्ट के साथ-साथ स्वाद भी भरपूर मिलता है।

### व्रत में कूटू का इस्तेमाल

कूटू के आटे के अंदर कम कैलोरी पाई जाती है। यह फाइबर और प्रोटीन से भरपूर होता है। इसलिए कूटू का सेवन व्रत में बेहद लाभदायक है। कूटू से बनी पकौड़ी ने केवल अच्छी लगती हैं बल्कि इससे भूख भी कम लगती है। इसके अलावा कुछ लोग कूटू की बनी रोटी या परांठे का सेवन भी करते हैं। कूटू के साथ लौकी का प्रयोग करके आप हेल्थी भोजन तैयार कर सकते हैं।

### व्रत में फल का सेवन करना

फलों का सेवन करने से शरीर तरोताजा महसूस करता है। ऐसे में अगर इसका सेवन व्रत में किया जाए, तो दिन भर थकान से दूर रहा जा सकता है। पपीते में मैग्नीशियम, कॉपर, मिनरल्स, विटामिन बी आदि पाए जाते हैं इसलिए व्रत में पपीता बेहद लाभदायक है। इसके अलावा काले अंगूर, अनानास, संतरा, सेब, मौसमी आदि का सेवन व्रत में कर सकते हैं।

### व्रत में दूध का सेवन है अच्छा

अक्सर लोग दूध से बनी चीजों का प्रयोग व्रत में करते हैं। बता दें कि दूध से बनी चीजें शरीर के अंदर उर्जा बनाए रखती हैं। आप व्रत में दूध से बनी खीर, दूध का बना सूजी हलवा, दूध और मेवे के लड्डू आदि का सेवन कर सकते हैं और अपने व्रत के खाने को और पौष्टिक बना सकते हैं।

## मीठा खाने का मन है तो बनाएं कच्चे पपीते का हलवा

**शारदीय** नवरात्रि के दिनों में व्रती भक्तों को जिस चीज को लेकर सबसे ज्यादा परेशानी होती है, वह है कि हर दिन नया क्या बनाया जाए। चूंकि व्रत रखते समय आपको खानपान पर संयम बरतना होता है और कुछ खास चीजों का ही सेवन करना होता है। ऐसे में कुछ नया खाने का मन करता है तो समझ नहीं आता कि क्या खाएं। अगर आप भी इस नवरात्रि कुछ हेल्दी व टेस्टी खाना चाहते हैं तो कच्चे पपीते का हलवा बनाएं।

### सामग्री

तीन कप कच्चा पपीता कद्दूकस किया हुआ, येलो फूड कलर आप्शनल, पिस्ता व बादाम गार्निशिंग के लिए, आधा कप खोया, चीनी एक कप, दो टेबलस्पून घी।

### विधि



पपीते का हलवा बनाने के लिए पहले आप पैन में घी डालकर गर्म करें। जब यह गर्म हो जाए तो मीडियम फ्लेम पर इसमें कद्दूकस किया हुआ पपीता डालकर करीबन दस मिनट के लिए चलाते हुए पकाएं। जब पपीता थोड़ा साफ्ट हो जाए तो इसमें चीनी व खोया डालकर मिलाएं। आप चाहें तो इस समय इलायची पाउडर या केवड़ा एसेंस भी मिला सकते हैं। यह पूरी तरह आपके टेस्ट पर निर्भर है।

जब चीनी मेल्ट होने लगे तो इसमें फूड कलर मिलाएं। यह भी पूरी तरह ऑप्शनल है। अगर आप चाहें तो इसे स्किप भी कर सकते हैं। कुछ देर में आपका हलवा बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद गैस को बंद करें और इसमें बारीक कटे बादाम, काजू और पिस्ता डालें। आपका टेस्टी कच्चे पपीते का हलवा बनकर तैयार है। आप इस रेसिपी को आसानी से नवरात्रि में बना सकते हैं और खा सकते हैं।